ŚATAPIṬAKA VOL. 6

EDITED BY PROF. DR. RAGHU VIRA

GAṆAPATI - TATTWA

DR. SUDARSHANA DEVI SINGHAL

GANAPATI-TATTWA

an Old Javanese philosophic text

critically edited, annotated and translated

by

Mrs. Dr. Sudarshana Devi Singhal

Kāvyatīrthā, D.Litt.

International Academy of Indian Culture

New Delhi

1958

परमपूज्य बाबू जी

(श्रीयुत राधेश्यामजी)

जिन्होंने मुझे स्नेह और प्रशंसा देकर
दुर्गम गवेषणा-मार्ग पर
धैर्यपूर्वक चलने में प्रेरणा दी है और देते रहेंगे।

को

सादर समर्पित

बहूरानी

शतपिटकम्

INDO-ASIAN LITERATURES

Reproduced in original scripts and languages

Translated, annotated and critically evaluated
by
specialists of the East and the West
in a Series of Collectanea

Founded by

RAGHU VIRA

M.A., Ph.D., D.Litt. et Phil., M.P.
EDITOR-IN-CHIEF

ŚATA-PIṬAKA

आचार्य-रघुवीर-समुपक्रान्तं

जम्बुद्वीप-राष्ट्राणां

(भारत-नेपाल-गान्धार-शूलिक-तुरुष्क-पारस-ताजक-

भोट-चीन-मोंगोल-मञ्जु-उदयवर्ष-

सिंहल-सुवर्णभू-श्याम-कम्बुज-

चम्पा-द्वीपान्तरादीनां)

एकैकेषां समस्रोतसां संस्कृति-साहित्य-समुच्चय-

सरितां सागरभूतं

शतपिटकम्

DVĪPĀNTARA-PIṬAKA

being
The Indonesian Collectanea
in
the series of Indo-Asian Literatures
forming
the Śatapiṭaka

Vol. 3

GAṆAPATI-TATTWA

शतपिटके

द्वीपान्तर-पिटकम्

तत्र

तृतीयं प्रसूनं

गणपतितत्त्वम्

तच्च

श्रीमत्या सुदर्शना-देव्या ताडपत्रग्रन्थं संपरिष्कृत्य
टिप्पणानुवादादिभिः समलङ्कृतम्

FOREWORD

Gaṇapati-tattwa is a new text. Only one palm-leaf manuscript is so far known to exist. It is preserved at the International Academy of Indian Culture, New Delhi. It has 37 leaves, each side consisting of 4 lines written in a clear hand.

Gaṇapati-tattwa consists of 60 Sanskrit anuṣṭubh stanzas. The text is badly corrupted. An effort has been made by the editress, Dr. Sudarshana Devi to give a readable version. In every case the original manuscript reading is noted in the foot-notes.

Sanskrit stanzas are followed by Kawi explanations. Sometimes the Kawi enlarges upon the contents of the original Sanskrit stanza. The Kawi text is full of difficulties, small and big.

Gaṇapati-tattwa is a Śaiva philosophical text. It is couched in the form of questions and answers. Gaṇapati is the divine interrogator and Śiva is the high divinity who responds and resolves the mystery of the creation of the cosmos and of the incarnation of man.

Dr. Sudarshana Devi has worked diligently and exhaustively. The text is reproduced in a critical edition, first of all in Balinese script. It is followed by a Devanāgarī transcription. The Devanāgarī transcription is accompanied by extensive footnotes which include almost all the manuscript corruptions and misreadings in the hope that here and there a future editor may be able to profit by them and improve the text further. The footnotes also contain parallel passages from Indian literature. The editress has succeeded in finding a good array of passages from India which either throw a direct light on Gaṇapati-tattwa or provide a general atmosphere of similar concepts. These notes may be said to be the strong point of the edition.

The Kawi part of Gaṇapati-tattwa has been rendered into Hindi. It is not a verbatim translation. It is intended to give a general idea of the contents of Kawi.

The Hindi translation is followed by a Roman transcript of the entire Gaṇapati-tattwa.

The introduction devotes itself to the tantric and philosophical use of monosyllables and letters of the alphabet. A comparative table elucidates the relationship between Śiva-mahāpurāṇa, Liṅga-mahāpurāṇa, Mālinī-vijayottara-tantra and Gaṇapati-tattwa regarding the placement of vowels and consonants in different parts of the human body. The numerous significances of single letters or their combinations have been put together in the form of a bijākṣara-koṣa, together with references. They are followed by a long series of technical terms, new words, new forms, etc. References are added in most cases. The last item is numerical categories. For the benefit of serious students of the philosophical system developed in Gaṇapati-tattwa Dr. Sudarshana Devi has given half a dozen detailed synoptic tables (pages 11-16). The reader endowed with a simple knowledge of Devanāgarī script and a familiarity with Sanskrit philosophical terminology would be able to get into the very heart of Gaṇapati-tattwa through the medium of these tables.

Hereunder I give a résumé of Sanskrit stanzas and Kawi commentary:

1. Gaṇapati asks Śiva about the origin of five Daivātmās Śiva replies—From Oṃkāra comes out bindu, which is like the drop of dew deposited on the point of a blade of kuśa grass and made resplendent by the sun. From the bindu arise Brahmā, Viṣṇu, Rudra, I Myself (Śiva) and Sadāśiva.

Gaṇapati again questions about the cosmos. Śiva replies—From five Daivātmās issue the five tanmātras : smell from Brahmā, taste

from Viṣṇu, form from Rudra, touch from Myself (Śiva), sound from Sadāśiva. Further, ākāśa came out from sound; its form is like 'ya'; its colour is like quartz. From touch came out wind; its form is like 'vī'; its colour is white. From form came out light; its form is like 'nī'; its colour is white, red and black. From taste came out āpaḥ; their form is like 'O, ma, ye'; their colour is black. From smell came out the pṛthvī; its form is like Oṃ; its colour is yellow. From pṛthvī came out bhūmi. From āpaḥ came out water. From light came out the sun, moon and stars. From wind came out storm. From ākāśa came out svara. From bhuvana came out vegetables and animals.

Gaṇapati now asks about the origin of man. Śiva replies—man also comes out of bindu. Brahmā and Viṣṇu make the body; it is They who have made earth and water. Rudra makes the eyes; it is He who has made light. I (Śiva) have made breath; it is I who has made touch. Sadāśiva makes the voice; it is He who has made ākāśa.

Gaṇapati now questions about the placement of the divinities in different parts of the body and the cosmos. Śiva replies—Brahmā resides in the south of cosmos and looks after the bhūmi. Viṣṇu resides in the north and looks after water. Rudra resides in the west and looks after the luminaries. I, Śiva, reside in the east and look after wind. Sadāśiva resides in the centre and looks after the firmament.

As regards the human body: Brahmā stays in the mūlādhāra, Viṣṇu in the nave, Rudra in the heart, I, Śiva, in the throat and Sadāśiva at the tip of the tongue.

Gaṇapati now wants to know something more about mūlādhāra, nave, heart, throat and tip of the tongue. Siva informs him that mūlādhāra is situated in between the anus and genitals; its colour

is red; it is quadrangular in form; in its centre are eight small lotus blooms; in the centre of the blooms is a jewel shining like lightning; in the centre of the jewel is Oṃ; it is the origin of wind, which goes direct to the Śivadvāra and thence to the nose......... filling the entire body. Above the mūlādhāra is the nave at a distance of twelve fingers, with ten small lotus blooms; in whose centre is the dawning sun; in whose centre again is nectar. Above the nave is the heart at a distance of eight fingers, with 31 small lotus blooms covered by fire; there is the sun in the centre of the fire; moon in the centre of the sun, and stars in the centre of the moon, at whose centre is breath; in the centre of the breath is situated the prāṇaliṅga. Above the heart is the throat at a distance of twelve fingers, with ten small white lotus blooms. Above the throat is the tip of the tongue at a distance of twelve fingers, with five closed lotuses; in whose centre is the bindusāra jewel; at the centre of the bindusāra jewel is the pure quartz; at the centre of the pure quartz is void nirvāṇa.

Gaṇapati questions again and Śiva answers—In the first month there is foam and milk. In the third month it assumes the form of an egg; its colour is red and blood is formed. In the fourth month the egg assumes the form of Śivaliṅga. In the fifth month it becomes māyārekhā. In the sixth month it becomes agni. In the seventh month it becomes a yellowish babe. In the ninth month nails and hair are formed. In the tenth month it is completed.

Gaṇapati questions about the power which sustains the child in the womb. Śiva answers— Śiva, Oṃkāra and liṅga are called śuklaśonita.........śūnya keeps the foetus alive for ten months. At the time of birth, nirvāṇa keeps it alive. When the child is capable of uttering 'mummy' and 'daddy', nirvāṇa disappears, and jīva snstains him. In old age, jīva disappears and ātmā comes forth.

Gaṇapati asks about the disappearance of forces that sustain the human being and Śiva replies—After its disappearance ātmā enters into jīva, jīva into nirvāṇa, nirvāṇa into śūnya, śūnya into sūkṣmarūpa . . . .

Śiva again speaks and informs Gaṇapati that the spearhead of ākāśa is liṅganāda. That is the way which is closed to man. That is the way of Śivātmā. When one dies, something like smoke comes out of the nave. It is Śivātmā which enters the Śiva-maṇḍala. Śiva-maṇḍala is that region where joy is not followed by pain and good is not followed by evil. The five ātmās are—ātmā, parātmā, antarātmā, nirātmā, śūnyātmā. These five assemble in Śivātmā. Śivātmā opens the closed way.

2. There are three ātmās—śvāsa, niḥśvāsa, saṃyoga. Śvāsa means the air above; niḥśvāsa the air below; saṃyoga, the two together. The aggregate of these three is tri-ātmā, tri-śiva, tri-puruṣa. Ekātmā is mahāśūnya.

3. There are six yogas—pratyāhāra-yoga, dhyāna-yoga, prāṇāyāma-yoga, dhāraṇa-yoga, tarka-yoga, and samādhi-yoga.

4-14. Stanza 4 defines pratyāhāra; stanza 5 dhyāna; stanza 6 prāṇāyāma; stanza 7 dhāraṇa; stanza 8 tarka and stanza 9 samādhi. Stanza 10 speaks about Lokanātha and Śivālaya. Stanza 11 speaks about Śivaliṅga and paraliṅga. Stanza 12 explains svaliṅga as ātmaliṅga.

Stanza 13 establishes the superiority of ātmaliṅga, thousands of other liṅgas being inferior to it. Stanza 14 gives the relative values of svarṇa-liṅga, ātma-liṅga, akṣi-liṅga and Śiva-liṅga.

16. The deity of the twice-born is in waters, that of the ṛṣis in heaven, that of the people in a piece of stone, while the deity of the sages is ātmā itself.

17. The devotee who foolishly makes a para-liṅga and worships it, obtains only limited results.

18. The heart-lotus is the place of gods. Here is established Bhaṭāra Śiva.

19. Maheśvara is of the size of the thumb. He shines like quartz. In the divine bodily residence should one meditate upon Maheśvara.

20. Ātmā is tikta. By meditating upon Him, one becomes powerful and dominates the seven continents.

21. Viṣṇu stands to the left, Brahmā to the right and Maheśvara in the centre.

22. Śiva stays in the heart forever in a minute form.

23. Sadāśiva stays in the heart. At the extremity of the heart is the secret quarter. That is very minute. That is śūnyātiśūnya—smaller than the smallest. It is parama-kaivalya, niḥsreyas. Here there is no room for joy and sorrow.

24. The devotee offers his adoration to Śiva who is posited in the heart, where bloom fragrant flowers of fourteen syllables. The fourteen syllables are : saṃ baṃ taṃ aṃ iṃ naṃ maṃ śiṃ vaṃ yaṃ aṃ uṃ maṃ oṃ. Their fragrance is constant and eternal.

25. Niṣkala produces nāda; nāda produces bindu, bindu produces moon and moon the viśva.

26. Viśva is accompanied by candra and bindu by nāda. When they all combine, then is formed Oṃkāra.

27. Viśva enters the candra, candra enters the bindu and bindu enters the nāda, nāda enters the niṣkala. Niṣkala is māyā-tattva.

28. From Śiva comes out ātmā whose symbol is 'baṃ'. From ātmā comes out prakṛti whose symbol is 'saṃ'. From prakṛti comes out āditya whose symbol is 'taṃ'. From āditya comes out agni whose symbol is 'aṃ'. This is the birth of Pañca-Brahma. Their order is iṃ, baṃ, saṃ, taṃ and aṃ.

29. Ātmā takes shelter in prakṛti, the sun in the ātmā, the fire in the sun and Śiva in the fire. This is known as sthiti of Pañca-Brahma. The order is : saṃ, baṃ, taṃ, aṃ and iṃ.

30. Fire disappears in the sun, the sun in prakṛti, prakṛti in

ātmā and ātmā in Śiva. This is the pralīna of Pañca-Brahma. Its order is: aṃ, taṃ, saṃ, baṃ and iṃ.

31. The moon and ātman combine to form a, sun and fire combine to form u, that is, saṃ and baṃ form a; taṃ and baṃ form u.

32. Īśāna becomes m. Thus Pañca-Brahma is transformed into three letters which form Oṃ. A remains in the centre; m at the top and u down below

33. Yaṃ, vaṃ, śiṃ, maṃ, naṃ—this is known as the creation of Pañcākṣara. Śiṃ, vaṃ, maṃ, naṃ, yaṃ—this is the sthiti or stay of Pañcākṣara. Naṃ, maṃ, śiṃ, vaṃ, yaṃ—this is the pralīna or dissolution of Pañcākṣara.

34. Namo dissolves into a and Śiva into u.

35. Ya dissolves into m; a and u dissolve into o.

36. M dissolves and is transformed into a dot at the top.

43. When liberated, man is characterized by being sakala, kevala-śuddha. His mind is liberated and he becomes nirmala-Śiva. Sakala means endowed with three guṇas (sattva, rajas and tamas). Kevala-śuddha means that he has renounced the objects of senses. Dissolution is freedom from the three guṇas. Manovijñāna becomes his body. Manovijñāna is also destroyed and that brings to an end all vikalpas. He becomes a yogī.

44. This yogī becomes pure and refined by his pure gnosis. He gets liberated. The mind is dissolved.

The ways of getting liberated are external vairāgya, para-vairāgya and Īśvara-praṇidhāna. Then comes prāṇāyāma, dhāraṇa and samādhi. By their instrumentality one gets the knowledge of bheda.

45-47. They deal with sadudbhrānti i.e. following the way of virtue leading to liberation, and with vyudbhrānti i.e. following the wrong way leading to further incarnations.

48. It deals with the ātman that has liberated itself from the

region of the measure of twelve fingers and has become Paramaśiva. Ātman loses its form. It becomes śūnya and thence parama-śūnya.

49. Liberated, having left its region, the ātman goes neither horizontally nor up and down; it becomes viphala, śūnya and kevala. The commentary deals at length with prāṇāyāma (pūraka, kumbhaka, recaka), etc. Viphala is divided into four categories—niḥspṛha, nirvāṇa, niṣkala, nirāśraya. Each one of them is separately defined.

50. A wise man first performs the normal religious functions. Afterwards, he takes to paramakaivalya. He becomes capable of the four viphalas.

The commentary deals with several items, such as mantras for long life, sūryasmṛti, candrasmṛti, praṇava-jñāna, etc.

51-53. u and a disappear into o, m into bindu, bindu into nāda, nāda into śūnya. Higher than śūnya is atyanta-śūnya. Then there are sakala, sakala-niṣkala, niṣkala-śūnya and ati-śūnya.

The commentary gives details which are absent in the original and makes very important contributions for which the serious student is referred to the Kawi text, its Hindi translation as well as the numerous passages from Indian literature that have been cited in the 172 footnotes.

54, 55. They deal with bījākṣaras, pañcakāṇḍa, etc. The bījākṣaras ha, ka, śa, ma, la, va, ra, ya, m, uṃ are worth special notice. They appear in Tibet, China and Mongolia in the form of a monogram.

56. One who repeats the name of god Mṛtyuñjaya attains longevity and becomes victorious in battles. The commentary supplies the pūjā.

57-59. The text is corrupt and irretrievable. Here there is reference to destruction of poisons and diseases, etc.

60. It contains namaskāras to Gaṇapati and Sarasvatī and prayer for long life happiness and prosperity.

Raghu Vira

भूमिका

गणपतितत्त्व द्वीपान्तर के शैव मत का प्रतिपादक ग्रन्थ है। वृहस्पतितत्त्व में जहां मुख्य मुख्य तत्त्वों की गणना और द्विविध परमतत्त्व चेतन अचेतन, पुरुष, प्रकृति और उसके संयोग का रोचक दृष्टान्तों द्वारा स्पष्टीकरण कर शैव दर्शन के जिज्ञासुओं के लिए परिचय कराया गया था तो यहां गणपतितत्त्व में सूक्ष्मतापूर्वक भुवन और जन्म के परमरहस्य को समझाया गया है। शिवपद और शिवलोक मुमुक्षु के लक्ष्य हैं। शिवलिङ्ग महोत्तम है। चतुर्दशाक्षरपुष्प पूजा की सामग्री हैं। षडङ्गयोग साधन है। ज्ञान और साधना के पश्चात् ही तो मोक्ष मिलेगा। गणपति, जिन्हें गणाधिप और गणराज कहकर भटार शिव ने सम्बोधित किया है, जिज्ञासु बुद्धिमान् श्रोता हैं। परमज्ञानमय शिव भटार उपदेश के रूप में शैव दर्शन के भण्डार का दिग्दर्शन करा रहे हैं।

गणपतितत्त्व का प्रस्तुत संस्करण सरस्वती-विहार, नई दिल्ली के संग्रहालय में सुरक्षित ताडपत्र पर लिखे हस्तलेख पर आधृत है। इसके पत्रों की संख्या ३७ है, जिनके दोनों ओर ४,४ पक्तियों में काली मसी से सुस्पष्टरूपेण ग्रन्थ लिखा गया है। हॉलण्ड के द्वीपान्तर के ग्रन्थों के लिए प्रसिद्ध लाइडन् विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के सूचीपत्र में इस ग्रन्थ का कोई हस्तलेख नहीं है। परिणामतः केवल इसी एक हस्तलेख के आधार पर इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ का सम्पादन किया गया है। यदि इसके अन्य हस्तलेख होते तो निश्चय ही श्लोक ५१-५३ तक के पारिभाषिक शब्द शुद्ध करने में सुविधा होती। हस्तलेख का उपसंहार इस प्रकार है—"पुपुत् सिनुरत् रिं दिन। च। व। माघस्य ॥०॥ तहुन् १६५३ ॥ तित्यं पञ्जम्बत् बञ्जर्हङ्कन् ॥ द्रुवेन् इ गुस्ति प्रब्कॅल् तक्मु ॥०॥०॥"

टिप्पण—इ=श्रीमान्। गुस्ति= बालि के वैश्यों की उपाधि। प्रब्कॅल्=छोटे से गांव का राज्य द्वारा नियुक्त अधिकारी। यह प्रदेश के मुखिया "पुङ्गव" के अधीन होता है॥ तक्मु=क्लुंकुङ् स्वप्रज (=kingdom) में एक गांव का नाम॥

शब्द वर्णयोग—गणपतितत्त्व में ६० संस्कृत श्लोक हैं। तथा च उन पर कवि में विस्तृत टीका और व्याख्या है। कवि-भाग संस्कृत श्लोक की अक्षरशः व्याख्या अथवा स्पष्टीकरण न करते हुए विस्तृत विवेचना करता है। प्रथम श्लोक में गणपति शिवजी से प्रश्नमात्र करते हैं, परन्तु लम्बी टीका में जन्म और भुवन के रहस्य को समझने में पाठक तल्लीन हो जाता है। इस ग्रन्थ का एकमात्र उपलब्ध हस्तलेख होने के कारण पाठान्तरों के अभाव में प्रचलित कवि शब्दों को उसी प्रकार रखते हुए केवल पारिभाषिक शब्दों के यथासम्भव शुद्ध रूप कर दिए हैं। यथा संसिप्त शब्द, जो कि संस्कृत संक्षिप्त

का अपभ्रंश है, कवि भाषा का प्रचलित शब्द है। तपव्रत—कवि समास में व्रत को व्रत करना उचित नहीं है क्योंकि लिपि में व और व के सर्वथा विभिन्न रूप हैं। परिवर्तन कर देने पर ऐसे प्रचलित शब्दों का अर्थ भी उनके लिए विचारणीय हो जाएगा। दूसरी ओर जिह्वा के लिए रोचक पाठ जीव आया है। इसी प्रकार जिह्वाग्र के लिए जीवाग्र आया है। किन्तु इसी प्रसङ्ग में "जीव" संस्कृत जीव (=प्राणी) अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है। तथा च संस्कृत के इन पारिभाषिक, दार्शनिक, तात्त्विक शब्दों के तत्सम रूप रखने की कवि भाषा की सामान्य प्रवृत्ति को देखते हुए इन शब्दों के शुद्ध रूप हस्तलेख-पाठों सहित दिए हैं।

विषय—गणपतितत्त्व का विषय मुख्यरूपेण ज्ञान द्वारा मोक्ष, शिवलोक एवं शिवपद-प्राप्ति है। म्पूर्ण ग्रन्थ में ओङ्कार का विशिष्ट स्थान है। ओङ्कार प्रथम मूलतत्त्व है जिससे पञ्चदैवात्म निकले हैं जिनका भुवनोत्पत्ति और जन्मोत्पत्ति में महत्त्वपूर्ण स्थान है। लक्ष्य मोक्ष है। मोक्षप्राप्ति के लिए मुख्यतया तीन वस्तुओं की आवश्यकता है—साधनसामग्री, ज्ञान और साधक के उत्तरोत्तर पग। पृष्ठ ११ पर दी हुई सारणी गणपतितत्त्व की संग्रथित और जटिल विषय-परम्परा की स्थूल रूपरेखा है। ग्रन्थ में यद्यपि इतने स्पष्ट रूप से यह वर्गीकरण नहीं है तथापि हमने उसे विभागों में विभाजित करके स्फुट करने का प्रयास किया है। एक ही सारणी में समस्त रूपरेखा देना असम्भव-प्राय होने के कारण आरम्भ में मुख्य स्थूल रूपरेखा देते हुए उसके विभिन्न अङ्गों की क्रमशः सारणियां दी हैं।

गणपतितत्त्व
① भुवन और जन्म का रहस्य (श्लो १)
मोक्ष
② साधनसामग्री (श्लो २-३६)
③-④ ज्ञान (श्लो ३६-५३)
⑤ कार्य (५१-५३-६०)
मुख्यतत्त्व
ओङ्कार
प्रधान अङ्ग
शुक्ल
बिन्दु
पञ्चदैवात्म → पञ्चतन्मात्र → पञ्चमहाभूत
भुवनोत्पति में स्थानादि
जन्मोत्पति में स्थानादि
शिवमण्डल
शिवात्मा
लिङ्गनाद
ङमुतम्डा
रूपसूक्ष्म
शून्य
निर्वाण
जीव
आत्मा
सङ्गम
शुक्लश्वनित
मनुष्य जन्म
गर्भ में नव मास
आत्मा
षडङ्गयोग
शिवालय
लिङ्ग
देवता
१४ पुष्प
प्रणव
पञ्चब्रह्म
त्र्यक्षर
पञ्चाक्षर
भेद ज्ञान
महाज्ञान
मोक्षज्ञान
प्रणवज्ञान
विशेषज्ञान
तन्त्रमहापद
प्रणवटीका अन्तोपदेश
उत्तरोत्तरपगा
१ शुद्धात्मा
२ योगनिद्रा
३ भुवनात्मक महाप्रणव
४ परमार्थ नारीश्वर
५ भेद ज्ञान
६ निराश्रय-प्राप्ति की सीमा
७ मोक्षपदमार्ग निरवज्ञान " पञ्चखण्ड
८ मृत्युञ्जया-नुष्ठान

भुवन और जन्म का रहस्य
मुख्यतत्त्व
ओङ्कार
बिन्दु
पञ्चदैवात्म
पञ्चतन्मात्र
पञ्चमहाभूत
भुवनोत्पत्तिमे
जन्मोत्पत्तिमे
(कार्य) (स्थान) (रक्षा) (कार्य) (स्थान) (रक्षा) (मार्ग) (प्राप्ति)
पृथिवी दक्षिण भूमि शरीर मूलाधार राग नासिका गन्ध ब्रह्मा गन्ध पृथिवी
आपः उत्तर जल शरीर नाभि शरीर जिह्वा रस विष्णु रस आपः
तेजः पश्चिम सूर्य चन्द्र दृष्टि हृदय जाग्र ? विचार रुद्र रूप तेजः
स्पर्श पूर्व वायु उश्वास कण्ठ सुषुप्त मुख शब्द शिव स्पर्श वायु
आकाश मध्य आकाश स्वर जिह्वाग्र सर्वज्ञान कर्ण स्वर सदाशिव शब्द आकाश
(रूप) (वर्ण)
ओ पीत
उमये कृष्ण
नी श्वेत, रक्त, कृष्ण
वी श्वेत
य शुद्धस्फटिक
शिवमण्डल
शिवात्मा
लिङ्गनाद
इमुत्स्डा
रूपसूक्ष्म
गर्भमे शून्य जीवित रखता है
जन्म मे निर्वाण
संसार का ज्ञान होनेपर जीव
मृत्युमे आत्मा
एकत्र
प्रधान अङ्ग
आत्मा परात्मा अन्तरात्मा निरात्मा शून्यात्मा
शुक्ल
सद्गम
शुक्लश्वनित
गर्भ मे
नवमास
१ला मास झाग
२रा मास अण्ड
४था मास शिवलिङ्ग
५वा मास मायारेखा
६टा मास अग्नि
७वां मास पीतबालक
८वा मास ९वां मास उच्छ्वास, रख, अस्थिया, बाल
१०वा मास जन्म
(स्थान नाम) (स्थिति) (स्वरूप)
मूलाधार पायूपस्थमध्ये वर्ण-अरुण, चतुकोण, मध्यमें आठ कमल
नाभि मूलाधारसे १२ अङ्गुल ऊपर दशकमल सूर्य अमृत
हृदय नाभिसे ८ अङ्गुल ऊपर ३१ कमल अग्नि सूर्य
कण्ठ हृदयसे १२ अङ्गुल ऊपर १० कमल श्वेतमणिसदृश किञ्चित्
जिह्वाग्र कण्ठसे १२ अङ्गुल ऊपर ५ वर्णकमल बिन्दुसार
मणि
शुद्धस्फटिक
शून्यनिर्वाण
चन्द्र
शुक्ल
प्राण
प्राणलिङ्ग
मणि
ओङ्कार
शिवद्वार
नासिका
जिह्वाग्र
कण्ठ
हृदय
इसके मध्यमे
इसतक सीधा जाता है

मोक्ष
साधनसामग्री
ज्ञान
कार्य
आत्मा
त्र्यात्मा श्लो.२
श्वास
निश्वास
सयोग
ऐकात्म्ये आत्मा
शून्यता
महाशून्य
शून्यातिशून्य
परमकैवल्य
षडङ्गयोग(३)
ध्यान
धारण
तर्क
प्रत्याहार
प्राणायाम
समाधि
शिवालय(१०)
आदि
मध्य
अन्त
कम्बलवान्
तिक्तकृष्ण
अतिकृष्ण
लिङ्ग (११-१४)
शिवलिङ्ग महोतम
आत्मलिङ्ग= स्वलिङ्ग
स्वर्णलिङ्ग
अक्षिलिङ्ग
देवता
हृदयस्थ भटारशिव
त्रिमूर्ति
विष्णु
शिव
ब्रह्मा
परमकैवल्य
चिन्तन
चतुर्दशाक्षर-पुष्प (२४-३६)
प्रणव (२५-२७)
उत्पत्ति
स्थिति
प्रलीन
निष्कल
नाद
बिन्दु
अर्धचन्द्र
विश्व
ओङ्कार
विश्व
अर्धचन्द्र
बिन्दु
नाद
निष्कल
मायातत्व
शून्यान्तर
प्रधानतत्व
अत्यन्तशून्य
पञ्चब्रह्म (२८-३२)
उत्पत्ति
स्थिति
प्रलीन
शिव इँ
आत्मा बँ
प्रकृति सँ
रवि तँ
अग्नि अँ
प्रकृति सँ
आत्मा बँ
रवि तँ
अग्नि अँ
शिव इँ
अग्नि अँ
भानु तँ
उकार
प्रकृति सँ
अकार
आत्मा बँ
शिव इँ
मकार
ओङ्कार
त्र्यक्षर (३०-३६)
उत्पत्ति
स्थिति
प्रलीन
म
अ
उ
अ
उ
म
उ
अ
अर्धचन्द्र बिन्दु
म
नाद
शून्य
पञ्चाक्षर (३३-३६)
उत्पत्ति
स्थिति
प्रलीन
य
व
शि
म
न
शि
व
म
न
य
न
म
अ
शि
व
उ
य
म
ओङ्कार
उत्पन्नहोना
आश्रयलेना

मोक्ष

साधनसामग्री — ज्ञान — कार्य

- भेद ज्ञान (४२-४४)
  - योग्यशिष्य — त्र्यवस्थ पुरुष — सकल ⟶ केवल ⟶ प्रलीनत्व; शुद्ध
  - प्राप्ति — शिवपद — निर्मलशिव
  - प्रलीनत्व → ज्ञानशुद्ध → शून्याकारमन → कैवल्यमुक्त → निर्वाण
  - साधन
    - वैराग्यादित्रय — बाह्यवैराग्य (विरति), परवैराग्य (वीतराग)
    - परारोग्य
    - ध्यानादित्रय — ईश्वरप्रणिधान (योगप्रवृत्ति)
      - प्राणायाम = उच्छ्वास वश में करना
      - धारण = प्रणव-ज्ञानैकता
      - समाधि = निर्व्यापार ज्ञान
- महाज्ञान (४५-४८)
  - प्राप्तिमार्ग — व्युत्क्रान्ति → पुनर्भव; सद्क्रान्ति → मोक्ष (मार्गक्रम) — त्र्यक्षर नाभिमूलमें प्राणायाम — निर्व्यापार प्रणव — द्वादशाङ्गुलस्थानमुक्त → परमशिव → शून्य → परमशून्य → मोक्ष
  - साधन
    - प्राणायाम
      - निर्व्यापार, रेचक, पूरक, कुम्भक } लौकिक
      - निर्व्यापार → चतुर्विफलप्राप्ति
      - निस्पृह, निर्वाण, निष्कल, निराश्रय } पारलौकिक
- मोक्षज्ञान (५०-५१ १)
  - स्थिति — शिवलिङ्ग से १२ अङ्गुल दूर
  - साधन — मन्त्रोच्चार
    - परब्रह्ममन्त्र — अं, अः; शून्यरूप वायुका शरीरसे निकलना; शिवकापिता
    - परमज्ञानबीज — का का का; अ अ अ; सूर्यस्मृति, चन्द्रस्मृति → प्रणवज्ञान; शान्तचन्द्र, निस्मृति; त्रिदेवी = शिवमाता; त्रिदेवी → ओं
    - शिवकापिता, त्रिदेवी = शिवमाता → पञ्चज्योतिरूप शुद्धशिवस्मृति तद्रूप एव पुत्रक = शिवः → ओं
- प्रणवज्ञान (५१-५३.२-५)
  - मार्ग — मोक्षमार्ग
    - नवछिद्रमार्ग = कनिष्ठमार्ग
    - शिवद्वार = मध्य मार्ग
    - शिवात्मा = उत्तम मार्ग
    - शिवमार्ग — शिव, प्रमाण, ज्ञान
  - स्वरूप — ओम्
    - अ, उ → ओ
    - म → म → बिन्दु → नाद → शून्य → शून्यान्तर → अत्यन्तशून्य → सकल → सकलनिष्कल → निष्कलशून्य → अतिशून्य

मोक्ष
साधनसामग्री
ज्ञान
कार्य
विशेषज्ञान (५१-५३ ६)
तन्त्रमहापद (५१-५३ ७-१२)
प्रणवद्वीका अन्तोपदेश
जगत्कारण
शून्य
निर्वाण
ओङ्कारशुद्ध
परमसुखशरीर
अचिन्त्यसुखशरीर
आत्मा = पञ्चदैवात्मा
पञ्चदशेन्द्रिय
पञ्चहोम
पञ्चतीर्थ
नादप्राण
मूर्तिस्वरूप
बिन्दुप्राण
पृष्ठस्वरूप
एकाक्षर
पर = मनुष्य
कवर्ग → रक्त
चवर्ग → मास
टवर्ग → नाडीगात्र
तवर्ग → चर्मगात्र
पवर्ग → अस्थिगात्र
यरलव → मज्जागात्र
श षसह → मस्तिष्क
तिक्ताक्षर → मनुष्य के
स्वरव्यञ्जन
विविध शरीराङ्ग हुए
रहस्यमय स्थान
कमलचक्र
मन्त्रविशेष
कण्ठमूल
दशमीशर
हृदयमूल
नीलकण्ठ
तुतुद (?)
गाविका (?)
लम्बिका (?)
मस्तिष्क
सहस्रदल
केश
नादप्रकाश
बालकेशिखरपर
संज्ञानिष्कल
पर में आत्मा की प्रतिष्ठा
(रक्षा)
(वर्ण)
(स्थान)
(आत्मा का नाम)
रक्त
मास
चर्म
नाडी
अस्थि
पीत
कृष्ण
रक्त
श्वेत
शुद्धस्फटिक
मूलाधार
नाभि
हृदय
कण्ठ
जिह्वाग्र
ब्रह्मा
विष्णु
रुद्र
ईश्वर
सदाशिव
शुद्धस्फटिकवर्णबिन्दु
शिव
मनुष्य = पर
शिवयोग
शिवमन्त्र
शिवतत्त्व
पञ्चाक्षर
त्र्यक्षर
न
मः
शि
वा
य
शिव-तत्त्व
सदाशिव-तत्त्व
परमशिव-तत्त्व
अं
अः
ह्रीं
शिव
सदाशिव
परमशिव
अं
उं
मं
सदाशिव-योग
सदाशिव-पूजा
सदाशिव-तत्त्व
परमशिव-तत्त्व
परमशिव-जप
परमशिव-योग
शिव → सदाशिव → परमशिव
वामनेत्रे
दक्षिणनेत्रे
हृदयां
शिवात्मा → शुद्धात्मा ← जीवात्मा
द्रष्टा
मानवोत्पत्ति
सार है
ललाटमार्ग से
भुजङ्गादि
अक्षि~
क्षत्रिय
नासिका~
मन्त्री
कर्ण~
सचिव
मुख~
घोषक
बुभुक्षः
(जने)
वामनेत्र में
(भुवने)
सूर्य में
गायक
(जने)
दक्षिणनेत्र में
पञ्चाक्षर
त्र्यक्षर
भस्म और तोय पवित्र होते हैं
सर्वरोगादि नष्ट
मूलाक्षर शास्त्र
ह = अ
चेतन
अचेतन
परमशिव शास्त्र

मोक्ष
साधनसामग्री
ज्ञान
कार्य
शिवपद की प्राप्ति म उत्तरोत्तर पग
१
२
३
४
५
६
७
शुद्धात्मा
योगनिद्रा द्वारा
शुद्ध शरीर होकर
स्वत के दर्शन
भुवनात्मक
महाप्रणव
के ज्ञान से
भुवनत्रय और शरीर
मे भेद नहीं रहेगा
परमार्थ नारीश्वर
भुवन से परे
निष्कलबिन्दु
पद्महृदय
मे
प्रतिष्ठा
प्रदक्षिणा-
क्रम
चिन्तन
भेद ज्ञान
चेतन
निःश्रेयस,
प्रकाशमय शरीर
अचेतन
शुभाशुभकर्म
शरीर
निराश्रय प्राप्ति की सीमा
योगीश्वरत्व का यकारबीज
मोक्षपदमार्ग
निराज्ञान
पञ्चाण्ड
ज
त
किः
उं
फट्
पृथ्वी
पानी
तेजः
वायु
आकाश
शिवपद प्राप्ति
मन्त्र
अं
आत्मबीजाक्षर
अः
शून्यताबीज
ध्यान
शिवध्यान
परमशिवध्यान
रुद्रध्यान
शङ्करध्यान
ईश्वरध्यान
मृत्युञ्जयानुष्ठान
शिवद्वार मे
ओं
तन्त्र में
अं
कण्ठ में
मं
अन्तर्हृदि
अः
दशाक्षर
मन्त्र
+
मन्त्र
ओं मं सः वौषट्
प्राप्ति
शिवपद
दीर्घायुष्
संग्राम में विजय

सारणियों द्वारा गणपतितत्त्व के संग्रथित विषय की क्रमबद्धता और परस्पर सम्बन्ध का अनायास अनुमान लगाया जा सकता है। ग्रन्थ की दार्शनिकता में बीजों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। अक्षर प्रणव से ही जगत्सृष्टि होती है। ओङ्कार ही परमरहस्य का बीज है। चतुर्दशाक्षरमन्त्र को चतुर्दशाक्षरपुष्प कह कर भटार ने ज्ञानपूजा और मोक्षप्राप्ति में उसके पवित्र और आवश्यक स्थान को सहज शब्दों में रख दिया है।

तन्त्र में बीजों अर्थात् संक्षेपों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। संस्कृत साहित्य में इनका विविध प्रकार से प्रयोग किया गया है, कहीं गुह्य तन्त्र को और भी गुह्य बनाना प्रयोजन है तो कहीं सूत्रपद्धति के कारण संक्षेप हैं। अर्थात् बड़ी लम्बी चौड़ी बात को इन बीजों की शृङ्खला में बांध सुगमता और स्फुटता से समझाया जा सकता है। आज का विज्ञान इस संक्षेपपद्धति द्वारा सूक्ष्मता और स्फुटता की ओर द्रुतगति से बढ़ रहा है। भारत की भारतीय वैज्ञानिक शब्दावलि में इसका प्रयोग अनिवार्य ही है। वैसे भी भारत की यह प्राचीन परम्परा है। पश्चिम में २०वीं शती के विज्ञान में इसका चरमोत्कर्ष हुआ है। वैदिक साहित्य का नासदीय सूक्त ऋग्वेद के प्रसिद्ध "न असद्" शब्दों को लेकर है। भारतीय संगीत के सात मुख्य स्वर भी बीज हैं—स=षड्ज, रि=ऋषभ, ग=गन्धार, म=मध्यम, प=पञ्चम, ध=धैवत, नि=निषाद। बौद्ध और शैव विचारधारा में इन्हें प्रमुख स्थान मिला है। बौद्धधर्म के परमावश्यक गिल्गित् नामक स्थान से प्राप्त हस्तलेखों की धारणी में बीजों का प्रयोग प्रभावात्मक है— वृ वृ वृद्धिकरि। धृ धृ धृतकरि। यु यु आयुष्पालनि। (भाग १, पृष्ठ ७४)।

उत्तर भारत के शैव दर्शन का प्राचीन समय का उद्धारकोष बीजों का कोष है। यथा इ=इन्द्र, घ्नीं=शतघ्नी, द्रां, द्रीं=चन्द्र, मं=मण्डूक, त्रं=यम आदि। विश्वश्रेष्ठ व्याकरणाचार्य पाणिनि के अनुसार नामों के संक्षेप सम्भव हैं, यथा—दत्त=देवदत्त, षडिक=षडङ्गुलिदत्त, सुपरिय=सुपर्याशीर्दत्त के संक्षेप हैं। ये शुद्ध साहित्य प्रयोग के उदाहरण हैं। संस्कृत में एकाक्षर कोषों का विषय भी ये बीज हैं। अ=अङ्गनापुर, ए=एकादशसंख्या (ए स्वरों में ११वां स्वर है। इस प्रकार अ का अर्थ १ है।), अं=अञ्जलि, त=अमृत, तार, ता=धातुवादविधौ (शाश्वतकोष ७५.३६), थ=पृथुल, र=राजभय, रुधिर, ल=लवण, ह्लादन, तैल आदि। आचार्य रघुवीर कृत Comprehensive English-Hindi Dictionary पृ.५७ में बीजों पर सविस्तर चर्चा है।

बौद्ध और शैव धम के द्वारा इनका प्रचार भारत से सुदूरवर्ती देशों में हुआ। चीन और जापान में बीजाक्षरों को लिखने के लिए ही "सिद्धम्" लिपि का प्रयोग हुआ। चीन की भाषा में वर्णमाला नहीं है, प्रत्येक शब्द के लिए रेखाओं से बना विशेष चित्राक्षर है। अतः पवित्र गुह्य मन्त्रों, धारणियों और सूत्रों के अनुवाद रूप में नहीं परन्तु मूल रूप में ही उनके अधिक प्रभावशाली होने के कारण ८वीं शताब्दी के लगभग की कलात्मक भारतीय "सिद्धम्" लिपि का प्रयोग आरम्भ हुआ। बीजाक्षरों के शुद्ध प्रयोग से सहज सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। मन्त्र और अन्य धारणियों के समयसाध्य जपों की फिर आवश्यकता नहीं रहती। Dr. R. H. van Gulik महोदय ने इस विषय पर विवेचनात्मक पुस्तक "Siddham" में लिपि के कलात्मक रूपों का विवेचन करते हुए बीजों और बीजमण्डलों का विस्तृत

वर्णन किया है। यथा पृ.७८ पर—These tantric adepts who had been initiated into the inner mysteries of the sect considered the most important Siddham letters of all the so-called बीजाक्षरs (Ch. chung tzu), which represent the essence of a particular God and often also indicate the essence of a particular sutra, mantra or dharani. इस प्रसङ्ग में 'सिद्धम्' बीजाक्षरों के संग्रह, व्याख्या आदि पर जापानी विद्वान् जोउन् का सहस्रभागीय बृहद् ग्रन्थ बोङ्गाकु शिन्र्यो (Bongaku Shinryo) विशेष उल्लेखनीय है (Siddham पृ.१३४)। १७वीं शताब्दी के आरम्भ में नागोया के उत्तर में स्थित मोनो नामक स्थान के शिङ्गोन् मन्दिर के एक भिक्षु यूज़ान् (Yu-zan) ने प्रत्येक बीजाक्षर को स्तूप के रूप में देखा। बिन्दु=आकाश है, चन्द्र=वायु, शिरोरेखा=अग्नि, अक्षर का आकार जल, और उसका आधार पृथ्वी है। इस प्रकार भिक्षु यूज़ान् प्रत्येक बीजाक्षर को इस संसार की वस्तुमात्र के आधारस्वरूप पञ्च महाभूतों से युक्त मानते हैं। बीजाक्षर का लिखना भी कला और साधना है। सुलेख में १० बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उसकी प्रत्येक रेखा की गोलाई, मोटाई, लम्बाई का विशेष अर्थ है। सुलेख में भी उसकी रहस्यमयता, गुह्यता, पवित्रता की झलक दर्शक को दिखाई देनी चाहिए (Siddham पृ.१२५)।

द्वीपान्तर में भी इनका प्रयोग तन्त्र और शैव दोनों के अन्तर्गत हुआ। वर्णमाला द्वारा शरीर के प्रत्येक अङ्ग को सम्बद्ध दिखाना शिवपुराण से बहुत मिलता है यद्यपि उसमें यत्रतत्र परिवर्तन लक्षित है। गणपतितत्त्व में आने वाले अनेक अन्य बीजों का अध्ययन और अर्थ करने से पूर्व आवश्यक है कि संस्कृत साहित्य में विभिन्न स्थलों पर आए बीजों और बीजाक्षरों को इकट्ठा कर उनके स्थूल वर्गीकरण द्वारा स्थिति कुछ अधिक स्फुट कर ली जाए।

प्रायः संक्षेप इन परिस्थितियों और इन स्थलों पर पाए जाते हैं—

(१) दर्शनशास्त्र में—दार्शनिक प्रयोग, त्र्यक्षरमन्त्र, दशाक्षरमन्त्र आदि (शिवमहापुराण)।

(२) देवनामों के संक्षेप रूप—भै=भैषज्यगुरु, वि=विनायक।

(३) धारणी—अं=रश्मिविमलविशुद्धप्रभाधारणी।

(४) मण्डल।

(५) मन्त्र='श्रीं मन्त्र' (Goris पृ.४७-४८)।

(६) मन्त्रों में—(अ) देवमन्त्र। यथा—विष्णुनृसिंहषडक्षरमन्त्रो ओं नमो विष्णवे एं क्लीं श्रीं ह्रीं क्ष्म्यौं फट् (वैष्णव-उपनिषत्संग्रह), शिवपञ्चाक्षरमन्त्र, रामकृष्ण-हयग्रीव-नवाक्षरमन्त्र, आदि (वै.उ. पृ.१३६,१६१...)।

(आ) सप्तवारमन्त्र। सूर्यमन्त्र—ओं ह्रीं तिग्मरश्मये आरोग्यदाय स्वाहा। तथा च

एं ह्रां ह्रीं सर्वपदाद्दुष्टान्नाशय नाशय।
स्वाहावसानो मन्त्रोऽयं मङ्गलस्य प्रकीर्तितः ॥१०६॥
शां शीं शूं शैं ततः शौं शः शुक्रमन्त्रः समीरितः ॥१०९॥

(सम्पूर्ण वार-देवताओं के लिए देखिए महानिर्वाणतन्त्र १३.१०४-११३,वेङ्कटेश्वर मुद्रणालय का संस्करण, बम्बई, १९५२)।

(इ) षट्कर्मों में षड्मन्त्रों का विधान—

नमः स्वाहा वषड् वौषड् हुं फडन्ताश्च जातयः।
शान्तौ वश्ये तथा स्तम्भे विद्वेषोच्चाटमारणे ॥

अर्थात् शान्तिकर्म में नमः शब्द, वशीकरण में स्वाहा, स्तम्भन में वषट्, विद्वेष में वौषट्, उच्चाटन में हुं, और मारणकर्म में फट् शब्द का प्रयोग कर होम करना चाहिए (मन्त्रविद्या पृ. ६७, वेङ्कटेश्वर मुद्रणालय, बम्बई १९५६)।

(ई) कुकृत्य शान्ति के लिए—ओं सं सां सिं सीं सुं सूं सें सैं सों सौं सं सः वं वां विं वीं वुं वूं वें वैं वों वौं वं वः हंसः अमृतवर्चसे स्वाहा। अनेन मन्त्रेण उदकशराव अष्टोत्तर-शताभिमन्त्रितं पिबेत् प्रातरुत्थाय सर्वव्याधिरहितः संवत्सरेण भविष्यति (मन्त्रविद्या पृ.६८)।

(उ) दमन और निवारण के लिए दुष्टदमनमन्त्र—ओं कक्कोल कक्कोल, किलि किलि शोषय शोषय मथ मथ......क्रूं क्रं ह्रीं फट्। अमावस्यायां भौमे त्रिमार्गे लक्षजपेन सिद्धिः॥ इसी प्रकार गज, व्याघ्र, चौरभय आदि के निवारण के लिए बीजमन्त्र हैं (मन्त्राविद्या पृ.११८...)। द्वारोद्घाटन, हिंस्रजन्तुस्तम्भन, आपन्निस्तारण (तदेव पृ.२१२-२२०) आदि के अतिरिक्त द्रव्यनाश, नष्टद्रव्यलाभ, द्रव्यशोधन आदि अनेकों बीजमन्त्र हैं। क्रोधशान्ति के लिए बीजों का प्रयोग रोचक है—ह्रीं ठीं ठीं क्रोधप्रशमन ह्रीं ह्रीं हां क्लीं सः सः स्वाहा।

(ऊ) वशीकरणमन्त्र—बृहत्साबरतन्त्र, वेङ्कटेश्वर, बम्बई १९५६ इस प्रकार के उदाहरणों से भरा पड़ा है। स्त्रियों को वश में करना, शत्रुमोहिनीमन्त्र के साथ साथ गर्भरक्षा, बालक-रक्षा, वन्ध्यागर्भधारण, सुखप्रसव, पुत्रप्राप्ति आदि के लिए भी बीजमन्त्र दिए गए हैं।

(ए) साधन, सिद्धि, दर्शन, आत्मरक्षा आदि के लिए बीजयुक्त मन्त्र। यथा—अष्टनायिका-साधन (मन्त्रविद्या पृ.१६०-१६३), डाकिनीसिद्धि, भूतप्रेतसिद्धि, पिशाचपिशाचिनीसिद्धि (तदेव पृ.१६५-६), मनस्कामसिद्धि=स्फ्रें स्फ्रें द्रूं द्रूं द्रूं तीं क्लीं हुं हुं सां सिं सूं सें सौं सः छां छीं छूं छैं छः ह्रीः फट् स्वाहा (पृ.१७४), शुक्रसिद्धि, सारससिद्धि, आदि (पृ.२०४-२०५), त्रिकालदर्शन, गुरुदर्शन (जपान्ते ध्यानयोगेन प्राप्नोति गुरुदर्शनम्। मन्त्रस्तु ह्रीं हुं गुरो प्रसीद ह्रीं ओं। पृ.२२०)। दैवविद्यालाभ के साथ साथ आत्मरक्षा के लिए भी बीजमन्त्र है—ओं आं ह्रीं क्लीं श्रीं द्रूं द्रूं हुं फट्।......इत्यादि।

(ऐ) सबीजयोगसंसिद्ध्यै मन्त्रलक्षणमप्यलम् (मालिनीविजयोत्तरतन्त्र ४.६ पृ.२२, काश्मीर-माला ग्रन्थसंख्या ३७):

फे धरातत्त्वमुद्दिष्टं दादिभान्तेऽनुपूर्वशः।
त्रयोविंशत्यबादीनि प्रधानान्तानि लक्षयेत्॥४.१५॥
ठादौ च सप्तके सप्त पुरुषादीनि पूर्ववत्।

इङ्घेषु त्रयं विद्याद्विघातः सकलावधि ।।४.१६।।
शिवतत्त्वे गकारादिनान्तान् षोडश लक्षयेत् ।
कलाः पदानि मन्त्राश्च भुवनानि च सुन्दरि ।।४.१७।।

(७) मुद्रा—अं, खं अथवा न्य तथागतज्ञानमहामुद्रा के लिए बीज हैं (Siddham पृ.८४)।

(८) यन्त्रों में, यथा—व्यष्टि-यन्त्र-स्वरूपम् (वैष्णवोपनिषत्संग्रह, अडयार १९२३, पृ.१३८, ३१८) । बृहत्साबरतन्त्र में पृ.५४,६६ पर शत्रुनाश के लिए बीजयुक्त यन्त्र हैं ।

(९) साम्नः पञ्चाङ्गानि—नमः स्वाहा वषट् हुं फट् (वै.उ. पृ.१९०) ।

(१०) सूत्रों के लिए संक्षिप्त बीज—ओं=महामेघसूत्र ।

(११) वर्णमाला का बीज-प्रयोग, अर्थात् वर्णमाला के बीजाक्षरों द्वारा मानव के शरीराङ्गों अथवा शक्तियों आदि का वर्णन ।।

बीजों में एक स्वर रहता है । व्यञ्जन की दृष्टि से ये एकव्यञ्जन और बहुव्यञ्जन हो सकते हैं । एकव्यञ्जन सामान्यतम है । बहुव्यञ्जन के भी अनेकों उदाहरण दिए जा सकते हैं, यथा—ह्लीं, क्लीं, ह्क्ष्म्ल्व्यं आदि ।। संयुक्त-बीज, व्यञ्जनबीज और स्वरबीज 'बीज' पद सहित भी मिलते हैं । ये बीज देवबीज, प्रकृत्यङ्गबीज, रोधकबीज आदि अनेक प्रकार के हैं । संयुक्त बीज के लिए 'शिवबीज' का यह उदाहरण है—

मायातारः शब्दबीजं सन्ध्यार्णान्ताक्षरान्वितम् ।
अर्धेन्दुबिन्दुभूपाढ्यं शिवबीजं प्रकीर्तितम् ।। अर्थात् माया प्रणव, शब्द बीज र, और चन्द्रबिन्दु अर्थात् ह्रीं ओं ह्रौं यह शिवबीज है । ह्रीं=मायाबीज । (महानिर्वाणतन्त्र ५.१९५ पर भाषा टीका)

वायु बीज "य" (सिद्धशंकरतन्त्र ५.५) और पृथ्वीबीज "ल" है (महानिर्वाण° ५.१०४ टीका) स्वरबीज एं रोधकबीज है । (सिद्धशंकरतन्त्र५.७ पृ.७९) ।

बीजों के प्रसङ्गों का विश्लेषण करने के पश्चात् अनेक प्रयोगों का वर्गीकरण हम इस प्रकार कर सकते हैं—

(१) त प्रयोग ।
(२) भिन्न प्रयोग ।
(३) सांख्यिक प्रयोग ।
(४) शीर्षक-प्रयोग ।

तत्प्रयोग—बीज किसी विचार, नाम अथवा भाव के संक्षेप हैं । ये संक्षेप प्रायः अपने संक्षेप्य से किसी न किसी प्रकार से सम्बद्ध रहते हैं, कभी प्रत्यक्ष रूप से और कभी अप्रत्यक्ष रूप से । एक ही देवता के बहुत से नाम आने पर उसके किसी एक नाम का संक्षेप दूसरे नाम के लिए प्रयुक्त हो सकता है । यथा गणेश के लिए बीजाक्षर 'वि' । स्पष्टतया यह विनायक का संक्षेप है । इस प्रकार के संक्षेपों को 'तत्प्रयोग'

शीर्षक देने का प्रयोजन यह है कि उसी शब्द से कोई व्यञ्जन लेकर बीजाक्षर निश्चित कर दिया जाता है। इस कोटि के सम्बद्ध संक्षेप शब्द के आद्यक्षर, मध्याक्षर और अन्त्याक्षर लेकर बनते हैं। स्वर का वही रहना भी आवश्यक नहीं है। स्वरपरिवर्तन की सम्भावना के साथ साथ अनुस्वार और विसर्ग ध्वनिसौकर्य अथवा प्रभाव के लिए जोड़ दिए जाते हैं। उदाहरणों द्वारा उपरिकथन की पुष्टि इस प्रकार है—

आद्यक्षर संक्षेप—रां = रामाय, वृं = वृहस्पतये, क्लीं = कृष्णाय। रां तथा वृं में स्वर का भी परिवर्तन नहीं हुआ है। केवल उसे गरिमामय, गुह्य बनाने के लिए अनुस्वार जोड़ दिया गया है। कृं के स्थान में क्लीं सम्भवत: ध्वनि की दृष्टि से अधिक अच्छा होने के कारण है। सुं = सूर्याय (Goris पृ.८७), दां = दत्तात्रेय (वै.उ.पृ.१६०), दीर्घ का ह्रस्व और ह्रस्व का दीर्घ होने के उदाहरण हैं। भै = भैषज्यगुरु, स = सद्योजात (वृहस्पतितत्त्व श्लोक १४), पू = पूजामेघसागर (Siddham पृ.८७) आदि में सर्वथा आद्य अक्षर लेकर उसमें बिना कुछ जोड़े संक्षेप कर दिया गया है। अ=अघोर, ए=एकजटारक्ष (Siddham पृ.८२) स्वर-बीजाक्षर हैं।

मध्याक्षर संक्षेप—वज्रकर्म के लिए कं (Siddham ८२) अनुस्वार-सहित बीजाक्षर है। वज्रगन्ध के लिए ग: विसर्ग-युक्त मध्याक्षर संक्षेप है। वज्रहास और वज्रमाला के क्रमश: ह: और मं संक्षेप हैं। यहां दीर्घ स्वर को ह्रस्व कर दिया गया है। वज्रदीप और वज्रगीता के बीजाक्षरों दी: और गी: में वही स्वर है, विसर्ग के साथ। तथागतकरुणा में क, तथागतजिह्वा में जि, तथागतवक्त्र में व, तथागत-हास में ह समास के उत्तर पद के प्रथमाक्षर हैं। सहचित्तोत्पादधर्मचक्र में च उपान्त्य है। अमोघपाश में मो आरम्भ से दूसरा है। मध्याक्षर संक्षेप बहुत प्रकार से किए जाते हैं। उनका संक्षेप करना परम्परा-और पद्धति-बद्ध है अथवा नहीं, और यदि है तो उसकी पद्धति क्या है, इसका समाधान बीजाक्षरों का विशाल कोष बनने के पश्चात् ही सम्भव है। क्योंकि कई उदाहरणों में जहां माला सी है वहां निश्चित प्रतीत होता है कि किस अक्षर को संक्षेप में रखा जाए। जैसे तथागत के साथ जो शब्द मिलाया जाएगा उसका प्रथमाक्षर बिना किसी परिवर्तन के बीजाक्षर होगा। वज्र से बने समासों में भी दूसरे पद का प्रथमाक्षर बीज है यद्यपि उसमें परिवर्तन हो जाता है। परन्तु इसके साथ ही साथ वज्रकेतु के लिए त्रां, वज्ररत्न के लिए ओं, वज्रांकुश के लिए ज:, वज्रपाश के लिए हूं, वज्रधूप के लिए ज:, वज्रविकरण के लिए रो, आदि पर्याप्त बड़ी संख्या में विकल्प भी हैं (Siddham पृ.८२...)।

अन्त्याक्षर संक्षेप—इस प्रकार के संक्षेप उपरिवर्णित दोनों से ही अपेक्षाकृत बहुत कम संख्या में उपलब्ध हैं। अग्नि के लिए न संक्षेप का प्रयोग मण्डल के भागविशेष वज्रधातु के मध्यभाग Ken-pen hui (Siddham पृ.८१) में हुआ है। वज्रराजा के लिए जा, समन्तभद्रायु के लिए यु, सुबाहु के लिए हूं, शतघ्नी के लिए घ्नीं, अच्छ के लिए छ, गूढ के लिए ढ, आदि, सरल सुबोध संक्षेपों के साथ साथ ब्रह्म के लिए मैं का अन्त्याक्षर पाठकों का ध्यान आकर्षित करता है। चन्द्रप्रभ, रत्नमुकुट के बीजाक्षर केवल अन्त्य स्वर लेकर बने हैं, अर्थात् दोनों का बीजाक्षर अ है। ल बीज का प्रयोग तीनों रूपों में

हुआ है— लवण के लिए ल आद्यक्षर संक्षेप है, ह्लादन के लिए ल मध्याक्षर है, और तैल के लिए ल अन्त्याक्षर बीज है। फ=शोफ, स्फार, वि=व्योम, वैराग्य (यहां दोनों ही बार स्वर-परिवर्तन कर दिया गया है), ड=डमरुक, जड, आदि उसी अक्षर के दो प्रकार से संक्षेपों के उदाहरण हैं। ध बीजाक्षर बहुतों के लिए प्रयुक्त हुआ है—धन, धान्य, बुद्धि, इन्द्रध्वनि, ध्यान, धन्वन्तरि (Comprehensive English-Hindi Dictionary पृ.५७)।

भिन्न प्रयोग—बहुत बड़ी मात्रा में बीजाक्षर अपने संक्षेपों से भिन्न हैं। वज्रपारमिता के लिए हूं, धर्मपारमिता के लिए ह्रीः, रत्नपारमिता के लिए त्रः। वं महामायूरीधारणी का संक्षेप है। ओं=महामेघसूत्र है। अं रश्मिविमलविशुद्धप्रभाधारणी का बीजाक्षर है। दिव्यदुन्दुभिमेघनिर्घोष और समन्तभद्र जैसे रोचक नामों के लिए भी अं बीजाक्षर है। शं अवलोकितेश्वर है तो कं एकादशमुख अवलोकितेश्वर है। ह्रीः सहस्रबाहु अवलोकितेश्वर के लिए ही नहीं चिन्तामणिचक्र के लिए भी है। एक ही बीज के विविध देवों, धारणियों एवं सूत्रों के लिए प्रयोग उनकी स्थिति द्वारा ही ज्ञेय है। प्रत्येक मण्डल में इनका स्थान और संक्षेप प्रायः निश्चित होता है।

कवि भाषा के दार्शनिक ग्रन्थ वृहस्पतितत्त्व में प्रसिद्ध बीज स व त अ इ से आरम्भ होने वाले क्रमशः सद्योजात, वामदेव (व के लिए व), तत्पुरुष, अघोर और ईशान आए हैं। इनका शरीराङ्गों, दिशाओं, पञ्चकलशपूजा, रुद्रयन्त्र आदि से सम्बन्ध और वर्णन संस्कृत साहित्य में विद्यमान है (विस्तार के लिए देखिए वृहस्पतितत्त्व श्लोक १४ टिप्पण ५१)। ये ही पञ्चब्रह्म बीज प्रस्तुत ग्रन्थ गणपतितत्त्व में आए हैं। किन्तु यहां इनके नए अर्थ किए गए हैं। श्लोक २८ से ३१ तक इन पञ्चब्रह्मों के द्वारा उत्पत्ति, स्थिति और प्रलीन का वर्णन है। वहां पर इ=शिव (इ=ईशान), वं=आत्मा, सं=प्रकृति, तं=आदित्य, अं=अग्नि के लिए है। इनका शीर्षक पञ्चब्रह्म संस्कृत साहित्य में सद्योजात, वामदेव, तत्पुरुष, अघोर, और ईशान के अर्थ में बहुत से स्थानों पर उपलब्ध है।

सांख्यिक प्रयोग—अडयार-माला में छपे वैष्णव उपनिषदों के संग्रह में संगृहीत रामरहस्योपनिषद् में रां एकाक्षरमन्त्र से लेकर क्रमशः बढ़ते बढ़ते एकत्रिंशार्णमन्त्र तक की माला है। यहां पर बीजों की संख्या नहीं बढ़ी है केवल अर्थों में विशेषताएं आती गई हैं। शिवमहापुराण और लिङ्गमहापुराण में आए पञ्चाक्षर, षडक्षर, नवाक्षर मन्त्र आदि सांख्यिक प्रयोग के वास्तविक उदाहरण हैं। पञ्चाक्षर महादेव से सम्बद्ध है (शिवमहापुराण वा.सं. ७.३४.५४ पृ.५४२; लिङ्गमहापुराण २.९.२९); नमो नारायण षडक्षरमन्त्र है (लिङ्गमहापुराण २.९.१३ पृ.२५८)। नमः शिवाय का पञ्चाक्षरमन्त्र और ओं का त्र्यक्षरमन्त्र (अ उ म्) होना सर्वप्रथित है। नवाक्षरमन्त्र इन मन्त्रों से कुछ भिन्न है—ओं भूः, ओं भुवः, ओं स्वः, ओं महः, ओं जनः, ओं तपः, ओं सत्यं, ओं ऋतं, ओं ब्रह्म। एकाक्षरमन्त्र अकार, उकार अथवा मकार के लिए शिवमहापुराण में प्रयुक्त हुआ है। गणपतितत्त्व में एकाक्षर, त्र्यक्षर, पञ्चाक्षर, दशाक्षर बीजमन्त्रों में बीजों के आधार पर संख्याएं दी गई हैं। चतुर्दशाक्षरमन्त्र (जिसे चतुर्दशाक्षरपुष्प भी कहा गया है) चार सांख्यिक मन्त्रों के सम्मिश्रण से बना है—पञ्चाक्षर, त्र्यक्षर, पञ्चब्रह्म और एकाक्षर प्रणव। बीजों की गणना करके दी जाने वाली ये संख्याएं वस्तुतः मन्त्रविशेष में आए उसके प्रत्येक अक्षर को किसी विशेष घटना अथवा अर्थसमूह के प्रतीक के रूप में ग्रहण कर की

गई गणनाएं हैं। यहां पर शब्द का प्रत्येक अक्षर एक एक बीज है। इस प्रकार न मः शि वा य में ५ बीजाक्षर हैं। प्रत्येक बीज एक विभिन्न नाम अथवा शब्द का द्योतक न होकर शब्द के प्रत्येक अक्षर के विभिन्न अर्थ अथवा प्रयोजन का द्योतन करता है। यथा शिवाय में शि=शिवतत्त्व, वा=सदाशिव-तत्त्व, एवं य=परमशिवतत्त्व का प्रतीक है (गणपतितत्त्व श्लोक ५१-५३)। तन्त्रमहापद (५१-५३) का विश्लेषण और व्याख्या करते हुए गणपतितत्त्व में त्र्यक्षर अं उं मं का रोचक वर्गीकरण है—अं= शिवयोग, शिवमन्त्र, शिवतत्त्व के लिए आया है। उं=सदाशिवयोग, सदाशिवपूजा, सदाशिवतत्त्व; और मं=परमशिवतत्त्व, परमशिवजप, परमशिवयोग, अर्थात् एक से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं। ओं ह् क श म ल व र य म् दशाक्षरमन्त्र है। इस प्रकार बीजाक्षरों से निर्मित सांख्यिक मन्त्रों में अक्षरों की गणना कर मन्त्रों को सांख्यिक शीर्षक देना परम्परानुगत ही है। "अक्षर" पद यहां बीजाक्षर का द्योतक माना जा सकता है। क्योंकि वह बीजाक्षर की भांति ही विस्तृत अर्थ करता है। परन्तु पञ्चाण्ड= जः तः किः उ फट् में "अक्षर" पद के स्थान में अण्ड शब्द का प्रयोग हुआ है। इसे सांख्यिक प्रयोग मानने में कोई कठिनाई नहीं। क्योंकि इनके अर्थ क्रमशः—पृथ्वी, पानी, तेज, वायु और आकाश हैं।

शीर्षक-प्रयोग—बहुधा इन्हीं सांख्यिक प्रयोगों को शीर्षक मानकर फिर उसके प्रत्येक अक्षर की व्याख्या की जाती है। प्रणवमन्त्र ओं लेकर उसके त्र्यक्षरों द्वारा सृष्टि की स्थिति और प्रलय की अवस्थाओं का अक्षरों के क्रम में भेद द्वारा दिखाया गया है। इसी प्रकार पञ्चब्रह्म और पञ्चाक्षरों की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय की अवस्थाएं दिखाकर उनका प्रथम मूल ओङ्कार, प्रणव में लय है। ओङ्कार ही मनुष्य और भुवन की उत्पत्ति के परमरहस्य का आदिबीज है।

वर्णमाला का दर्शन और पूजा दोनों में ही यथेष्ट मात्रा में प्रयोग मिलता है। हिरण्यकेशीय ब्रह्मकर्मसमुच्चय में पृ.३१३ पर पञ्चेन्द्रियों और पञ्चकर्मेन्द्रियों के लिए स्वर और व्यञ्जन दोनों का साथ साथ प्रयोग है—ओं उं टं ठं डं ढं णं श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणात्मने ऊं शिखायै वषट्।। ओं एं तं थं दं धं नं वाक्पाणिपादपायूपस्थात्मने एं कवचाय हुम्।। (बृहस्पतितत्त्व श्लोक ३३)। तन्त्रपूजा में वर्णमयी माला का आधारभूत स्थान है। मूलमन्त्र से पूर्व अथवा पश्चात् उसके जप का विधान है। विविध तन्त्रों में आए उसके विविध शीर्षकों और नामों के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं—इन नामों का हम यहां वर्णमाला के विभिन्न प्रकार के प्रयोगों के लिए उपयोग कर रहे हैं—यद्यपि ये शीर्षक इन अर्थों के पूर्णरूपेण द्योतक नहीं हैं।

(१) अनुलोमविलोमिका वर्णमाला=मातृकापुटित—यहां वर्णमाला अ से क्ष तक और क्ष से अ तक अनुस्वार सहित है। देवता कालिका परमेश्वरी हैं।

तारेण सम्पुटीकृत्य मूलमन्त्रे च सप्तधा।

जप्त्वा तु साधकः पश्चान्मातृकापुटितं स्मरेत्।। अर्थात् प्रणव द्वारा संपुटित करके सात बार मूलमन्त्र का जप करे। फिर मातृकापुटित करके सात बार स्मरण करे।। प्रणव से मूलमन्त्र का संपुटी-करण इस प्रकार है—ओं ह्रीं श्रीं क्लीं कालिके स्वाहा। मातृकापुटितं यथा (मूलमन्त्र के आदि और अन्त में क्रमानुसार अकारादि से लेकर क्षकारान्त तक ५१ वर्ण मिलाने का नाम मातृकापुटितकरण

है)—अं आं इं ईं......कं खं...सं हं ल्लं क्षं ह्रीं-श्रीं क्रों परमेश्वरी स्वाहा। क्षं ल्लं हं ...आं अं ।।)
(महानिर्वाणतन्त्र पूर्वकाण्ड ६.१६६ पृ.२१५)

(२) स्वरों के बीच व्यञ्जन=मातृकान्यास—अनुस्वारयुक्त स्वरों के बीच व्यञ्जन वर्गों का न्यास। देवता देवी अम्बिका हैं—

भूतशुद्धिं विधायेत्थं देवीभावपरायणः।
समाहितमनाः कुर्यात् मातृकान्यासमम्बिके ।।१०६।।
मातृकाया ऋषिर्ब्रह्मा गायत्री च्छन्द ईरितम्।
देवता मातृका देवी बीजं व्यञ्जनसंज्ञकम् ।।१०८।।
अं आं मध्ये कवर्गं च इं ईं मध्ये चवर्गकम्।
उं ऊं मध्ये टवर्गं तु एं ऐं मध्ये तवर्गकम् ।।१०९।।
ओं औं मध्ये पवर्गं तु यादिक्षान्तं वरानने।
बिन्दुविसर्गान्तराले च षडङ्गे मन्त्र ईरितः ।।११०।।
महानिर्वाणतन्त्र ५.१०७-११० पृ.१३४

नमः के साथ मातृकान्यास—षट्चक्र में मातृकान्यास का क्रम नमः के साथ है।

हृदम्बुजे कादिठान्तान्विन्यस्य कुलसाधकः।

डादिफान्तान्नाभिदेशे बादिलान्तांश्च लिङ्गके ।।११४।। अर्थात् भ्रूमध्यस्थ २ दल पद्म में हं नमः। क्षं नमः। कण्ठस्थित आज्ञाख्य १६ दल वाले कमल के १६ दलों में अं नमः। आं नमः।...अः नमः। हृदय के अनाहत नामक बहिर्दल वाले पद्म के दशदल में कं नमः...ठं नमः। फिर नाभि के मणिपूर नामक पद्म के दशदल में डं नमः......फं नमः। लिङ्गमूल में स्थित स्वाधिष्ठान नामक ६ दल वाले पद्म के प्रत्येक दल में बं नमः...लं नमः। ततश्च मूलाधार में स्थित ४ दल वाले पद्म के ४ दलों में वं नमः। शं नमः। षं नमः। सं नमः। यह षट्चक्र में मातृवर्ण के न्यास का विधान है (महानिर्वाणतन्त्र ५.११४ और उस पर टीका पृ.१३५-६)।

कर और षडङ्ग में मातृकान्यास—अं कं...ङं आं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। इं चं...ञं ईं तर्जनीभ्यां स्वाहा। उं टं...णं ऊं मध्यमाभ्यां वषट्। एं तं...नं एं अनामिकाभ्यां हुम्। ओं पं...मं औं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। अं यं...हं क्षं अः करतलकरपृष्ठाभ्यामस्त्राय फट्।। अङ्गन्यासो यथा—अं कं...आं हृदयाय नमः। इं चं...ईं शिरसे स्वाहा। उं टं...णं ऊं शिखायै वषट्। एं तं...एं कवचाय हुम्। ओं पं...औं नेत्रत्रयाय वौषट्। अं पं...सं हं क्षं अः करतलपृष्ठाभ्यामस्त्राय फट्। (तदेव पृ.१३४)

आठ वर्गों में वर्णमाला का विभाजन—सर्वतन्त्रप्रकाशिनी माला—सनत्कुमार के अनुसार यह वर्णमाला अन्तर्यजनकार्य में प्रशस्त है। बाह्यपूजादि में भी वर्णमाला का जप किया जा सकता है। यहां वर्णमाला सबिन्दुक है अर्थात् अनुस्वार के साथ जप्य है। विशुद्धेश्वरतन्त्र के अनुसार अकारादि समस्त वर्ण अष्टवर्गभेद से अनुलोमविलोम में वर्ण द्वारा मन्त्र और मन्त्र द्वारा वर्ण अन्तरित करके वर्णमयी माला

से जप करने का अनुष्ठान है। क्ष माला का सूत्र कहा गया है। मालिनीविजयतन्त्र में सर्पाकार कुण्डलिनी शक्ति को वर्णमाला का सूत्र कहा है। वर्णमाला में दो लकार विद्यमान हैं। क्योंकि महादेव जी ने पृथ्वी के साथ साथ "ल" बीज का भी उद्धार किया था।। इन विशेषताओं से पूर्ण वर्णमाला के विषय में मन्त्रविद्या पृ.४२-४६ में अनेक पुस्तकों से उद्धरण दिए हैं। स्फुटता के लिए यहां उद्धृत किए जाते हैं—

क्रमोत्क्रमगतैर्माला मातृकार्णैः क्षमेरुकैः।
सबिन्दुकैः साष्टवर्गैरन्तर्यजनकर्मणि।।
आदि कु चु टु तु पु शवोऽष्टौ प्रकीर्तिताः।।

तत्रायमर्थः—अकारादिवर्णान् प्रत्येकं सबिन्दुं कृत्वा शतं संजप्य अकारादीनां वर्णानां कवर्गादीनां चान्त्यवर्णं सानुस्वारं कृत्वा पूर्वमुच्चार्य जपः कर्तव्यः। अनेन प्रकारेणाष्टोत्तरशतसंख्यजपो भवति। अन्तर्यजन इत्युपलक्षणम्। (सनत्कुमारीये)

सबिन्दुं वर्णमुच्चार्य पश्चान्मन्त्रं जपेद् बुधः।
अकारादि क्षकारान्तं बिन्दुयुक्तं विभाव्य च।।
वर्णमाला समाख्यातानुलोमविलोमिका। (नारदवचनात्)
अनुलोमविलोमेन वर्गाष्टकविभेदतः।
मन्त्रेणान्तरितान् वर्णान् वर्णेनान्तरितान् मनून्।।
कुर्याद्वर्णमयीं मालां सर्वतन्त्रप्रकाशिनीम्।
चरमार्णं मेरुरूपं लङ्घनं नैव कारयेत्।। (विशुद्धेश्वरे)
अन्तर्विद्रुमभासमानभुजगीं सुप्तोत्थवर्णोज्ज्वलाम्।
आरोहप्रतिरोहतः शतमयीं वर्गाष्टकाष्टोत्तराम्।। (मालिनीविजये सूत्रनियमः)
प्रलयानलतः पूर्वं रुद्ररूपेण मूर्तिना।
उद्धृतं पृथिवीबीजमतोऽन्ते तं नियोजयेत्।।
प्रलयोद्धरितं बीजं लकारमनलात्पुनः।
द्विलकारविधावत्र पुनरन्ते नियोजयेत्।। (वैषम्पायनसंहितायाम्)

(४) अष्टवर्गों के अन्तिमाक्षरों का जप—कुण्डलीसूत्रयन्त्रिता वर्णमयी माला—सारी वर्णमाला के साथ अन्य बीजाक्षरों का जप। यथा अं ह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरी स्वाहा। आं ह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरी स्वाहा। इस प्रकार से सम्पूर्ण वर्णमाला।

कामक्रोधौ विघ्नकृतौ बलिं दत्त्वा जपं चरेत्।
माला वर्णमयी प्रोक्ता कुण्डलीसूत्रयन्त्रिता।।
सबिन्दुं मन्त्रमुच्चार्य मूलमन्त्रं समुच्चरेत्।
अकारादि लकारान्तमनुलोम इति स्मृतः।।
पुनर्लकारमारभ्य श्रीकण्ठान्तं मनुं जपेत्।

विलोम इति विख्यात: क्षकारो मेरुरुच्यते ॥
अष्टवर्गान्तिमैर्वर्णैः सहमूलमथाष्टकम् ।
एवमष्टोत्तरशतं जप्त्वा चेमं समर्पयेत् ॥

महानिर्वाणतन्त्र ५.१५२-५ पृ.१४८-९

(५) वर्णमाला के प्रत्येक हल् को समस्त स्वरों से संयुक्त करके—इस प्रकार से सम्पूर्ण बारहखड़ी के प्रयोग का उदाहरण तो नहीं मिल सका, परन्तु एक हल् को सब स्वरों से अथवा दीर्घ स्वरों से संयुक्त करना साधारण बात है ।

केसरेषु मकारान्ता हं हां हिं हीं च हुं तथा ।
हूं हें हैं च दलेष्वेवं स्वसंज्ञाभिश्च शक्तयः ॥ मालिनीविजयोत्तरतन्त्र २३.१५

नहनिक मन्त्र कमुं कुमार ।
ऌ ॡ अन्तरे न्यस्य आग्नेयदक्षिणे तथा ।
ए ऐ अन्तरे न्यस्य दक्षिणपश्चिमे भवेत् ॥१६॥
ओ औ मन्त्रसंयुक्त उत्तरपश्चिमे न्यसेत् ।
अं अः मन्त्रसंयुक्त उत्तरपूर्वे संन्यसेत् ॥१७॥

ओं ऌँ धर्माय नमः स्वाहा—पूर्वाग्नेयान्तर । ओं ॡँ कालाय नमः स्वाहा—आग्नेयदक्षिणान्तर । ओं एँ मृत्यवे नमः स्वाहा—दक्षिणनैऋर्त्यान्तर । ओं ऐँ क्रोधाय नमः स्वाहा—नैऋर्त्यपश्चिमान्तर । ओं ओं विश्वाय नमः स्वाहा—पश्चिमवायव्यान्तर । ओं औँ कामाय नमः स्वाहा—वायव्योत्तरान्तर । ओं अँ पशुपतय नमः स्वाहा—उत्तरैशान्यान्तर । ओं अः सत्याय नमः स्वाहा—ऐशान्यपूर्वान्तिर ॥

मध्य ओङ्कार-संयुक्तः सदाशिवस्थस्तिष्ठति ।
एवं मन्त्रेण संयुक्तं देवा तरन्तु पण्डितम् ॥१८॥

ओं सदाशिवाय नमः स्वाहा । स्म । नहन्त देय सं पण्डित । मगवे स्मरण कम्बं कुमार ।

ईशवर्णश्च श्वेताङ्गो महेशो धूम्ररक्तस्तथा ।
ब्रह्मवर्णश्च रक्तं स्याद् रुद्रो लोहद्रवस्तथा ॥१९॥
पीतवर्णो महादेवः शङ्करः कनकद्रवः ।
कृष्णो विष्णुश्च संज्ञेयः शम्भु अन्देस्च ? वर्णकम् ? ॥२०॥
मेघवर्णश्च ? रक्तकं मृत्युवर्णश्च कृष्णान्तम् ? ।
क्रोधमेग्निस्त्रिवर्णकः ? विश्वबेन? पुष्पवर्णः ॥२१॥
कामवर्णश्च सत्यकं ? पशुपतिश्चन्द्रश्च ? ।
सत्य . . . वर्णकं शिवः स्फटिकवर्णश्च ॥२२॥
मध्ये योग ? प्रतिष्ठितः
एवं वर्णञ्च देवानां ब्रूहि पुत्रस्य संमुखम् ॥२३॥

देयन्त योग कर्मु कुमार । रूप भटार शङ्कर कदि कनकद्रवः । रूप भटार पशुपति कदि उलन् । रूप भटार शिव कदि कुकुस् । रूप भटार सदाशिव कदि स्फटिक । रूप भटार ईश्वर कदि इरं । रूप भटार परमेश्वर कपिल । रूप भटार ब्रह्मा रक्त । रूप भटार रुद्र श्याम । नहन् देयन् मगवे योग कमुं कुमार ॥

पूर्वमोङ्कारो विज्ञेयो नमःस्वाहान्तयोजितः ।
बीजान्तचरणमन्त्रं? ह्रस्वदीर्घप्लुतं तथा ॥२४॥

देयन्त मङ्गन्यकन् मन्त्र ह्रस्व दीर्घ प्लुत । ओं आदित्य । स्वाहान्तन्य ।...........
मतक्वन् सं कुमार । लिं निर ।...........

उजर् भटार । लिं निर ।

शृणु पुत्र महादेवि पुनर्मन्त्रेण संन्यसेत् ।
अतः क्रमविधिं वक्ष्ये पञ्चाक्षरं तु योजितम्॥२५॥

निहन् मन्त्र पञ्चाक्षर । वरहङ्क्वेरिं रि कमु कुमार । म्वं कित भटारी सक्रमलक्षणन्य ।

पूर्व दक्यन ? संन्यस्य समन्त्रेण वर्णकम् ? ।
मध्ये पण्डित योगज्ञ पञ्चाक्षरं तु योजितम् ॥२६॥

...तं मन्त्र लिम पुर् (पूर्व) द (दक्षिण) प (पश्चिम) उ (उत्तर) म (मध्य) । लवन् वर्णन्त ।

नकारो भगवान् शिवो मकारो ब्रह्मा ह्येव च ।
शिकारो महादेवश्च वकारो विष्णुरुच्यते ॥२७॥
यकारो शिवो विज्ञेयः पुण्डरीके प्रतिष्ठितः ।
देवन्यस्तः ? सदाशिवः मोक्षपदमवाप्नुयात् ॥२८॥

देयन्त भगवे योग वलॅन्तॅनुमुङ्ग्वं पद्म ।

ओं नँ ईश्वराय नमः स्वाहा ।
ओं मँ ब्रह्मणे नमः स्वाहा ।
ओं शिँ महादेवाय नमः स्वाहा ।
ओं वँ विष्णवे नमः स्वाहा ।

न ङ् पुर् (पूर्व)ईश्वर । म ङ् द(दक्षिण)ब्रह्मा । [शि ङ्] प(पश्चिम)महादेव । व ङ् उ (उत्तर) विष्णु ।

ओं यँ शिवाय नमः स्वाहा । मध्य ॥
मङ्कन सं योगीश्वर भगवे योग ॥

प्रणवो मन्त्रेण संयुक्तो मध्ये पुण्डरीकस्थितः ।
अ उ म इति संज्ञेयः शृणु पुत्र प्रयत्नतः ॥२९॥

निहन् मन्त्र वनेः । ऋङॅनन्त तिग लिवर्य अँ उँ मँ । उँ उङ्ग्वि पद्म । तिग य ॥

पुण्डरीकत्रिकोणस्थः मँ मन्त्रे पूर्वसंस्थितः ।
उँ मन्त्रस्य चोत्तरे अँ दक्षिणेन संस्थितः ॥३०॥

इक मन्त्र मँ पूर्वकोणस्थ । इक मन्त्र अँ दक्षिणकोणस्थ । इकं मन्त्र उँ उत्तरकोणस्थ ॥

मँ देवश्च महादेवो अँ रुद्रं देवतां स्मरेत् ॥
उँ शङ्करश्च देवता त्रयो देवाः सवर्णकम् ?॥३१॥

देयन्त भगवे स्मरण । ओं मँ महादेवाय नमः स्वाहा । पीत वर्ण निर । ओं अँ रुद्राय नमः स्वाहा । अन्तरक्त वर्ण । ओं उँ शङ्कराय नमः स्वाहा । कनकद्रव वर्ण निर । निहन् त भगवे योग रिं तॅङॅकिं रॅदञ ।

मूलकण्ठे सततु ? ज्ञेयः त्रिनाडीयोजितं भवेत् ।
सहेतं ? तीर्थमेव च आदिगङ्गा नहमूतम् ?॥३२॥

इकनं तुन्दुकपिसकॅप् त्रिनाडी तत्त्वनिक य तीर्थ-गङ्गा । ब्रह्मा विष्णु ईश्वर तत्त्व निर ।

सर्वाक्षरेभ्यस्ततो देवः पञ्चाक्षरं समुद्धरेत् ।
पञ्चाक्षरात्त्यक्षरं त्र्यक्षराणां त्वक्षरम् ॥३३॥
एकाक्षरमुद्धृतञ्च त्र्यक्षराच्चैवोत्तमम् ।
ओङ्कारः परमो ज्ञेयः कारणं मोक्षस्य स्यात् ॥३४॥

पिर करि विशेष निङक्षर कबेः । पञ्चाक्षर पिनकविशेष निर । विशेष निं पञ्चाक्षर त्र्यक्षर । विशेष निं त्र्यक्षर ओङ्कार । इकं ओङ्कार मार्ग निं अनॅम्वकॅन् कमोक्षन् कमु कुमार ।

अर्धचन्द्रश्च बिन्दुश्च नादान्तरमेव च ।
बिन्दुमन्त्रमयं देवि स्नेव ? विद्यमुत्तमम् ? ॥३५॥

इकं नाद नादान्त बिन्दु अर्धचन्द्र ओङ्कार पसमूहनिर ङि विशेष निं मन्त्र कबेः कमु कुमार ।

एवमोङ्कारतत्त्वं पञ्चदेवसवर्णकम् ।
सशब्द ओङ्कारो ज्ञेयो देवः शृणोतीमं मुकम्?॥३६॥

इकं नादान्त नाद बिन्दु अर्धचन्द्र ओङ्कार पद---इक कलिम । य त ऋङ्वाकॅन् कमु कुमार ॥

ओङ्कारलक्षणं तत्त्वं विज्ञेयं महा अवञ्च ? ।

इकनं ओङ्कार पिनकावक्कु कमुं कुमार।
ओङ्कार नविन ? अनवर् ? । नोङ्कारइवित् अमेय।
अन् ददि हन यन् तनन ओङ्कार् य तननक् अकु।
अन अकु अन ओङ्कार। अन ओङ्कार अन अकु।
मतङ्ग्यन् करि अकु मगवे योग।
ओङ्काराक्षरमूर्तिकं नादनादान्तबिन्दुकम्।
सूक्ष्मत्रयमिदं ज्ञाता यः स एव परमार्थवित् ॥३७॥

इकं बिन्दु नादान्त कतिग पद सूक्ष्मन्य। यावत् त्रुः इक कल्तु। य त परमार्थवित्। त्रुः रिं परमार्थ ङ।

....
..............................॥३८-४०॥

इकं ओङ्कार रुद्र देवता निर। अर्धचन्द्र महादेवता निर। बिन्दु शिव देवता निर। मन्त्र देव मगुरु। देवतान्य। नहन् दे सं योगीश्वर मगवे योग। य त मार्ग निं पद मोक्ष इक।

¿ देव गुरु एव वर्णञ्च आकाशमेव देवता ?।
¿परमवर्ण देवतञ्च तर्कस्य समप्रभम् ? ॥४१॥
सदाशिवस्य वर्णश्च ¿ वलर्क सतबवनः ?।
शिवः स्फटिकवर्णश्च ¿ लोहद्रवस्य रुद्रकम् ?॥४२॥

......पञ्चवारमन्त्र, सप्तवारमन्त्र, पितरमन्त्र, पृथ्वी आदि बीज ... ॥४३-४५॥

उत्पत्तिः स्थितिर्लीनता सर्वदेवप्रलीनकम्।

इकें त कबेः कमुं कुमार। येक तं अवक् उत्पत्ति स्थिति प्रलीन क्रमन्य।

एवं जन्मानि सर्वाणि पक्षिस्थावरजङ्गमाः।
ग्राह्यं त्वेतच्च सर्वेषां सर्वकामद्रुतं ? मृताः॥४६॥

सक्वेः निकं सर्वजन्म। य तिक इलं रिं पत्मु निं अन्त्य प्रलय कमुं कुमार।

अनित्यं जीवितं लोके अनित्यो द्रव्यसञ्चयः।
अनित्यः प्रियसंयोगो अनित्यं जन्म मासनम् ॥४७॥

इकं उरिप् म्वं द्रव्य। जन्म तन् लना। लनन रिं लोक। प्रियसंयोग इकं जन्म। येत तन् लना स्वभावन्य।

पृथिवी चोदके लीना उदकं तेजसि लीनम्।
तेजो लीनं तथा वायौ वायुर्लीन आकाशेऽपि ॥४८॥

इकं त्मः हिलं मत्महन् वय। वय हिलं मत्महन् तेज। तेज हिलं मत्महन् वायु। वायु हिलं मत्महनाकाश।

कायः विश्वे च लीनश्च विश्वो लीनश्च क्रोधके।
क्रोधो लीनश्च मृत्यौ हि मृत्युर्लीनश्च कालके॥४९॥
कालो लीनश्च धर्मे च धर्मो लीनस्तु सत्यके।
सत्यं लीनञ्च शङ्करे शङ्करः पशुपतिके ॥५०॥
पशुपतिश्च ब्रह्मणि ब्रह्मा विष्णौ च लीयते।
ईश्वरो रुद्रलीनश्च रुद्रो लीनस्तु देवके ॥५१॥

देवश्च पुरुषे लीनः पुरुषश्च शिवे भवेत्।
शिवश्च निर्वाणे लीनो निर्वाणञ्च अनामके ॥५२॥
अनामकश्च सूक्ष्मके सदामोक्षश्च विदि ?।
¿ सर्व संकर न सन्ते न सन्देहेन तु संमुखम् ?॥५३॥

भटार	काम	इलं	मत्महन्	विश्व।
"	विश्व	"	"	क्रोध।
"	क्रोध	"	"	मृत्यु।
"	मृत्यु	"	"	काल।
"	काल	"	"	धर्म।
"	धर्म	"	"	सत्य।
"	सत्य	"	"	शङ्कर।
"	शङ्कर	"	"	पशुपति।
"	पशुपति	"	"	ब्रह्मा।
"	ब्रह्मा	"	"	विष्णु।
"	विष्णु	"	"	ईश्वर।
"	ईश्वर	"	"	रुद्र।
"	रुद्र	"	"	महादेव।

भटार	महादेव	इलं	मत्महन्	पुरुष ।
"	पुरुष	"	"	शिव ।
"	शिव	"	"	निर्वाण ।
"	निर्वाण	"	"	निराश्रय ।

मङ्कन लिर्विनि लक्षण कमुं कुमार । साम्पुन् पुन् ब्र् इरिक । नियत तुमङ्ग् निर्वाण ङ ।।

कुमार उवाच ।

....

[भटार वचन]

सर्वदेवप्रलीनेन सर्वशास्त्रविनाशतः ।
अतिसूक्ष्मं भवेद्दिव्यं निरक्षरं निरात्मकम् ।।६६।।

....

शिवानुग्रहं सूक्ष्मं तु तव सन्देहनाशनम् ।।

१०१ संस्कृत श्लोक और उनकी कवि टीका से अलंकृत यह ग्रन्थ भुवनसंक्षेप, गणपतितत्त्व के समान ही पञ्चाक्षर प्रणव की विस्तृत व्याख्या करता है । भुवनसंक्षेप के श्लोक २६,२७,२८ में पञ्चाक्षर के देवता और दिशाओं में न्यास दर्शनीय है । इसी प्रकार प्रणव मन्त्र को त्रिकोणस्थ पुण्डरीक में रखना भी रोचक है । श्लोक ४७–५३ में सर्वतत्त्वों का निर्वाण→अनामक→सूक्ष्म→निराश्रय में क्रमशः लय है । गणपतितत्त्व के श्लोक ५१ से ५३ में लय की माला इस प्रकार है—ओं→बिन्दु →नाद→शून्य→शून्यान्तर→ अत्यन्त-शून्य→सकल →सकल-निष्कल →निष्कलशून्य→ अतिशून्य=निर्वाण ।

श्लोक १६ से २३ तक देवों के वर्णों का निरूपण कर रहे हैं । गणपतितत्त्व के प्रथम श्लोक में देवताओं के वर्ण चौथी कण्डिका में दिए हैं ।

भुवनसंक्षेप के अनुसार सृष्टि की उत्पत्ति का क्रम अतिसूक्ष्म से आरम्भ होता है । निष्कल→ मन्त्र→नादान्त→नाद→बिन्दु →चन्द्रसमुद्भवः→ विश्व→त्र्यक्षर→ब्रह्म→पञ्चाक्षर →सर्वाक्षर→ स्वरव्यञ्जन→मन्त्रोत्तम ।

यद्यपि दोनों ग्रन्थों का विषय एक है, और उनमें अनेकों समान तत्त्व हैं तथापि उनकी वर्गीकरण और विश्लेषण की दृष्टि सर्वथा भिन्न है । गणपतितत्त्व में ज्ञान का सुन्दर चित्रण है और भुवनसंक्षेप में मन्त्रों और देवों का अतुलनीय प्रयोग है ।

२२. लो. रषा ।

२३. विष्णु द्वारा रुद्र की स्तुति में रुद्र के लिए निम्न वर्णों का प्रयोग हुआ है—

नमो धूम्राय श्वेताय कृष्णाय लोहिताय च ।
पिशिताय पिशंगाय पीताय च निषंगिणे ।।
-(लिङ्गमहापुराण २१.४४, पृ.३४)

नमो वै पद्मवर्णाय मृत्युघ्नाय च मृत्यवे ।
नमो गौराय श्यामाय कद्रवे लोहिताय च ।।
।।२१.४७।।

महासन्ध्याभ्रवर्णाय चारुदीप्ताय दीक्षिणे ।
नमः कमलहस्ताय दिग्वासाय कपर्दिने ।।२१.४८।।

लिङ्गमहापुराण के २३वें सर्ग में (पृष्ठ३६) भव (=शिव) के चार वर्णों वाले चार रूपों का वर्णन है— श्वेत—सद्योजात, लोहित—वामदेव, पीत—तत्पुरुष, कृष्ण—अघोर । इन चार वर्णों से समस्त जगत् के चराचर का वर्णन है । निदर्शनार्थ—

यस्माच्च सर्ववर्णत्वं प्रजानां च भविष्यति ।
सर्वभक्षा च मेध्या च वर्णतश्च भविष्यति ।।२७।।

मोक्षो धर्मस्तथार्थश्च कामश्चेति चतुष्टयम् ।
यस्माद्वेदाश्च वेद्यं च चतुर्धा वै भविष्यति ॥२८॥
भूतग्रामश्च चत्वार आश्रमाश्च तथैव च ।
धर्मस्य पादाश्चत्वारश्चत्वारो मम पुत्रकाः ॥२९॥
तस्माच्चतुर्युगावस्थं जगद्वै सचराचरम् ।
चतुर्धावस्थितश्चैव चतुष्पादो भविष्यति ॥३०॥
तस्मात्तु पशवः सर्वे भविष्यन्ति चतुष्पदाः ।
ततश्चैषां भविष्यन्ति चत्वारस्ते पयोधराः ॥३९॥
तस्माच्च द्विपदाः सर्वे द्विस्तनाश्च नराः शुभाः
॥४३ पूर्वार्ध ॥

२४. लो. शुद्धास्पथिका । सब स्थानों पर यही पाठ है ।

२५. लो. स्वेथा ।

२६. लो. वर्ण्ण । इस प्रसङ्ग में रूप अपेक्षित है । वर्ण्ण "पोत" आगे दिया हुआ है ।

२७. लो. पित्त ।

२८. लो. वोङ्कर । ओङ्कार→होङ्कार→वोङ्कार । कवि में ह और स्वर अ एक दूसरे के लिए कई बार आते हैं । हो और वो में लेख की समानता के कारण भूल मानी जा सकती है ।

२९. लो. ब्वन । भुवन →भुअन→भ्वन (सन्धि द्वारा)→ब्वन ।

३०. लो. स्तवर ।

३१. लो. लथ ।

३२. लो. त्वक्षरः = त्वक् + सरः (सारः) । देखिए पतिक्षङ्हुलुन् = पतिक् + सङ्हुलुन् ।

३३. लो. अघ्नी । यह अग्नि नहीं हो सकता, सब शब्द जङ्गम के उदाहरण हैं । संस्कृत में अघ्न्या का अर्थ "गाय" है ।

३४. मिजिल् = उम् + √मिजिल् → उमिजिल् → मिजिल् ।

३५. लो. पृतम ।

३६. लो. ऊँङ्कार ।

३७. तुलना कीजिए—"विश्वतोऽक्षिकरं शिवम्" लिङ्गमहापुराण १८.९१ (पृ.२८) ।

३८. लो. उश्वशा । उच्छ्वास का कवि रूप उश्वास है ।

३९. लो. मङ्कनाननकु ।

४०. लो. अज्जद्म । लेखसादृश्य के कारण मन के स्थान में द्म ।

४१. लो. कण्ध । यह वर्णयोग कण्ड, काण्ड और खण्ड तीनों के लिए हो सकता है । कण्ड का अर्थ कवि-कोष में sword, divided, distributed आदि है । काण्ड संस्कृत खण्ड के लिए है जिसका अर्थ कोष में कथा किया गया है । यहां काण्ड का अर्थ "वर्णन" अधिक उपयुक्त है ।

४२. लो. भुवना । पूर्ववत् भुवन के लिए ब्वन नहीं आया है ।

४३. लो. गणादीप । कवि में त थ द ध का प्रयोग एक दूसरे के लिए होता है । हन्त के लिए अन्द ।

४४. लो. भुवाना ।

४५. लो. यप्वनें । यहां दो सम्भावनाएं हैं । एक पाठ यप्वनिं, और दूसरा यप्वानें हो सकता है । प्रचलित रूप यप्वनिं = यप्वन् + इं है । यप्वानें का विश्लेषण इस प्रकार होगा—य प्व + अन + इं । यप्व = उसके विषय में, हनें = जो उसमें है । इस ग्रन्थ में यप्वनिं के स्थान में ·नें की प्रवृत्ति है ।

४६. लो. अकयङ्नें ।

४७. रुमक्ष=रक्ष+-उम्॰ ।

४८. लो. मङ्रक्ष । किन्तु आगे सब स्थलों पर शुद्ध पाठ मंरक्ष ही है ।

४९. जीव रोचक पाठ है । हिन्दी=जीभ ।

५०. लो. जाग्र, जागर का कवि-रूप है । जागर—जागॅर—जाग्र । वृहस्पतितत्त्व श्लोक ४७ में जाग्रपद आया है ।

५१. लो. जीव्वाग्र ।

५२. अग्रु, अगॉं=बड़ा, से है । कवि-कोष ONW. में यह रूप नहीं है ।

५३. लो. पत्रुपस्त ।

५४. लो. चतुर् कोन ।

५५. लो. मनिक् ।

५६. यह शब्द स्पष्ट नहीं है ।

५७. लो. ङरनभो । दो नकार आने पर एक नकार का लोप हो जाता है ।

५८. लो. °अव्नो ।

५९. विन्तं=लिन्तं, जिसका अर्थ 'तारे' है ।

६०. पञ्चवर्ण से पहले 'प् आने के कारण मञ्चवर्ण हो गया है ।

६१. लो. ऐ ।

६२. लो. पिनकस्धन

६३. लो. पृधन ।

६४. लो. तुमुत् ।

६५. लो. मपृकृति ।

६६. लो. मपण्डाकृति ।

६७. लो. शुक्लास्वनित्ता ।

६८. सिद्धसिद्धान्तपद्धति पृ. ७ श्लोक ६९,७० के अनुसार दस मास का क्रम भिन्न है ।

लिङ्गपुराण ८८.५३.५८ (पृ. १८२) पर पञ्चवायुओं से युक्त मानव की उत्पत्ति का सामान्य वर्णन है । उसे मासों में विभक्त नहीं किया गया है । कर्म के अनुसार जन्म मिलता है ।

६९-६९. लो. प्कर्म्म तमहन्य ।

७०. लो. मयरेक ।

७१. लो. °हघ्नी ।

७२. लो. °उश्वष ।

७३. लो. ग्नॅप्व=ग्नॅप्+प्व । √ ग्नॅप्=सम्पूर्ण ।

७४-७४. लो. गर्भनी इबुन्य । गर्भिणी इबुन्य के लिए है ?

७५-७५. लो. रानक्षङ्हुलुन् । तुलना कीजिए टिप्पण ३२ ।

७६. लो. में दण्ड नहीं है ।

७७. लो. शुक्लास्वनोत्त ।

७८. लो. ओरिप्=अ + हुरिप् → अ+उरिप्→ओरिप् ।

७९. लो. इलं ।

८०. लो. पथिक् ।

८१. उधुः पर श्लोकान्तर में टिप्पण है ।

८२. लो. पतववनन्ता ।

८३. लो. निर्भरण ।

८४. लो. शरि ।

८५. लो. उप्त अथवा हुप्त शब्दकोष में नहीं है ।

८६. लो. ध्रुः ।

८७-८७. लो. कितं गणपती ।

८८. लो. लिङ्गानाद्ध । लिङ्गनाद शब्द संस्कृत-आंगल-कोष MW. में नहीं है ।

८६. लो. शीवात्म । भुवनसंक्षेप में शिवात्मा शब्द मिलता है ।

६०. लो. पन्तरा ।

६१. लो. येकारः-हरः । ह सन्धिनिवारणार्थ है ।

६२. लो. बन्तर (पॅपॅत् के बिना) ।

६३. लो. पिदर्त्तन्य ॥

२

श्वासो[1] निःश्वासः[2] संयोग[3] [4]आत्मत्रयमिति स्मृतम्[4] ।
त्रिशिवं[5] त्रिपुरुषत्वम्[6] ऐकात्म्य[7] एव शून्यता[8] ॥ २ ॥

अनकु सं गणपति । निहन् क्रम सं ह्यं न्यात्मा । ल्विन्यं । श्वास । निःश्वास । संयोग ॥ श्वास[9] ङ। इकं वायु मिलुहुर् । निश्वास ङ । इकं वायु मिसोर् । संयोग ङ । इकं वायु कलिः । पिण्ड निर कतिग य । न्यात्मा ङरनिर । त्रिशिव सिर । त्रिपुरुष सिर । कुनङिकङेकात्मा । महाशून्य सिर । मपिसन् तं तिगात्मा [10]अतुङ्गल् । यतेकङात्मा ङरनिर । म्वः अनकु सं गणपति हन इनरनन् सं ह्यङुपदेश[11] । ल्विन्यं ॥

---

१. लो. श्वषा ।

२. लो. निश्वषा । (दग्ड-ग्लित)

३. लो. संयागः ।

४-४. लो. आत्मत्रय इति स्मृतः पुंलिङ्ग प्रयोग है । आत्मत्रय पद लिङ्गमहापुराण के शिवलिङ्गार्चनविधि नामक २७वें अध्याय श्लोक २८ के प्रथम पाद में आया है—

धर्मादयो विदिक्ष्वेते त्वनन्तं कल्पयेत्क्रमात् ।
अव्यक्तादिचतुर्दिक्षु सोमस्यान्ते गुणत्रयम् ॥२७॥
आत्मत्रयं ततश्चोर्ध्वं तस्यान्ते शिवपीठिका ॥२८॥

टीका में आत्मत्रयं पद की व्याख्या इस प्रकार है—आत्मत्रयं विश्वतैजसप्राज्ञरूपं । गणपतितत्त्व में आत्मत्रय योग से सम्बद्ध है ।

५. लो. त्रीशीवा । यह शब्द MW. में नहीं है । त्रिधम, त्रिलोचन आदि शिव के अन्य पर्याय-वाची वहां दिए हुए हैं ।

६. लो. त्रोपुरुषात्वं । त्रिपु॰ शब्द का अर्थ MW. में केवल "तीन पीढ़ियां" दिया है ।

७. लो. एकात्म ।

८. लो. शुन्यतम् ।

६. लो. श्वष ।

१०. लो. ह॰ । सन्धि के निवारण के लिए अ॰ के स्थान में ह॰ का प्रयोग है ।

११. उपदेश का तात्पर्य यहां योग से है । मनु-व्यासादि योगेश्वरों और उनके शिष्यों का वर्णन करने के पश्चात् लिङ्गमहापुराण के ८वें अध्याय में योगस्थानों, उसकी महत्ता और अष्टाङ्गयोग का क्रमशः वर्णन है ।

कल्पितानि शिवेनैव हिताय जगतां द्विजाः ॥१॥
गलादधो वितस्त्या यन्नाभेरुपरि चोत्तमम् ।
योगस्थानमधो नाभेरावर्तं मध्यमं भ्रुवोः ॥२॥
सर्वार्थज्ञाननिष्पत्तिरात्मनो योग उच्यते ।
एकाग्रता भवेच्चैव सर्वदा तत्प्रसादतः ॥३॥
योगशब्देन निर्वाणं माहेशं पदमुच्यते ।
तस्य हेतुर्ऋषेर्ज्ञानं ज्ञानं तत्प्रसादतः ॥५॥
ज्ञानेन निर्दहेत्पापं निरुध्य विषयान् सदा ।
निरुद्धेन्द्रियवृत्तेस्तु योगसिद्धिर्भविष्यति ॥६॥

३

[1]प्रत्याहारस्तथा[2] ध्यानं प्राणायामोऽथ[3] धारणम्[4] ।
तर्कश्चैव समाधिस्तु षडङ्गमिति[5] कथ्यते[6] ॥३॥

निहन् तं षडङ्गयोग[7] ङरनिर । कव्र् हनन्तानकु सं गणपति । लिवन्यं । प्रत्याहारयोग[8] । ध्यानयोग । प्राणायामयोग । धारणयोग । तर्कयोग[9] । समाधियोग[10] ॥

---

१. षडङ्गयोग पर सात श्लोक कवि-भाषा के तीन ग्रन्थों, गणपतितत्त्व, वृहस्पतितत्त्व (श्लोक ५३-५६) तथा सं ह्यं कमहायानिकन् (पृ. १५३-१५५) में लगभग समान हैं । टीकाओं में यत्र तत्र कुछ अन्तर है । संस्कृत साहित्य में अष्टाङ्गयोग का प्राधान्य है जिसमें यम और नियम भी सम्मिलित हैं । वृहस्पतितत्त्व के पांच यम और पांच नियम दशशील के अन्तर्गत हैं । किन्तु गणपतितत्त्व और सं ह्यं कमहायानिकन् में यम और नियम सर्वथा नहीं हैं । कवि के एक और ग्रन्थ अगस्त्यपर्व (BKI. deel 90, p. 375) में भी योग के षडङ्ग आए हैं । संस्कृत में अमृत-नादोपनिषद् श्लोक ६ हमारे समीपतम है—

प्रत्याहारस्तथा ध्यानं प्राणायामोऽथ धारणा ।
तर्कश्चैव समाधिश्च षडङ्गो योग उच्यते ॥६॥

वृहस्पतितत्त्व में सर्वथा यही श्लोक है। केवल दूसरे पाद में नाममात्र अन्तर है—प्राणा-यामश्च धारणम् । गणपतितत्त्व के चौथे पाद षडङ्गमिति कथ्यते में योग पद की अपेक्षा है । संस्कृत के अन्य ग्रन्थों, यथा ध्यानबिन्दूपनिषद् (श्लोक ४१), योगचूडामण्युपनिषद् (श्लोक २), गोरक्षनाथ-कृत योगमार्तण्ड आदि ग्रन्थों में आए षडङ्गयोग में तर्क-योग के स्थान पर आसन-योग है ।

तिब्बत के बौद्ध साहित्य के विशाल संग्रह कंजूर के ग्र्युद् भाग में षडङ्गयोग पर अनेकों पुस्तकें हैं । इनका विषय केवल षडङ्गयोग पर चर्चा अथवा वर्णन एवं टीकाटिप्पणी करना है । कंजूर के अतिरिक्त भी, षडङ्गयोग-वज्रगाथा आदि भोटभाषा में अनेक ग्रन्थ हैं । शिवमहा-पुराण तथा लिङ्गमहापुराण में अष्टाङ्गयोग का वर्णन है । इस विषय पर वृहस्पतितत्त्व (श्लोक ५३) में विस्तृत विवेचना है ।

२. लो. पृत्यहरतय ।

३. लो. प्रणोयमत ।

४. लो. धयनं । यह "धारणं" है । टीका में क्रमानुसार गणना से यह स्फुट हो जाता है ।

५. लो. साधङ्गमिति । षडङ्गं के लिए वृहस्पतितत्त्व में सर्वाङ्ग और षधाङ्ग पाठ हैं।

६. लो. काष्यतै ।

७. लो. साधङ्गयोग्ग ।

८. लो. पृत्यारयोग्ग ।

९. लो. तर्क्कायोग्ग ।

१०. लो. सामधियोग्ग । योग के लिए सर्वत्र "योग्ग" है ।

४

[1]इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यो[2] [3]विषयेभ्यो हि यत्नतः[3] ।
शान्तेन[4] मनसोद्धृत्य[5] प्रत्याहारो निगद्यते[6] ॥४॥

प्रत्याहारयोग[7] ङरन्य । इकं सर्व्वेन्द्रिय विनर्तक् हय्व विनेः रि विषयन्य[8] । किनॅम्प्ली चित्त पह्रोमालिलं यप्वनेनक् प्व हन ह्लिन्य । मरि विषयन्य[9] । यतिक प्रत्याहारयोग[7] ङ ॥

---

१. प्रत्याहारयोग की व्याख्या संस्कृत ग्रन्थों के बहुत समीप है ।

इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यो यत्प्रत्याहरणं स्फुटम् ॥
योगतत्त्वोपनिषद् ६८ उत्तरार्ध ।

इन्द्रियाणां समस्तानां विषयेभ्यो निवारणम् ।
प्रत्याहार इति प्रोक्तं प्रत्याहारार्थवेदिभिः ॥
दक्षिणामूर्तिस्तोत्र ९.२८, पृ.१८३ ।

अन्य योगोपनिषदों तथा मृगेन्द्रतन्त्र, सर्वदर्शनसंग्रह, विष्णुपुराण, गोरक्षनाथ-कृत योगमार्तण्ड आदि से उद्धरण वृहस्पतितत्त्व (श्लोक ५४) में दिए हैं। लिङ्गमहापुराण (८.४१-४२ पृ. १४) में प्रत्याहार का वर्णन इस प्रकार है ।

निग्रहो ह्यपहृत्याशु प्रसक्तानीन्द्रियाणि च ॥४१॥
विषयेषु समासेन प्रत्याहारः प्रकीर्तितः ॥४२॥
टीका में ४१ श्लोक के उत्तरार्ध का स्पष्टीकरण इस प्रकार है—विषयेषु प्रसक्तानीन्द्रियाणि आशु त्वरयापहृत्य निग्रहो नियमनं समासेन संक्षेपेण प्रत्याहारः प्रकीर्तितः ।

अहिर्बुध्न्यसंहिता (३२.५६-५७, भाग २ पृ. ३०६) में प्रत्याहार की व्याख्या उल्लेखनीय है ।

प्रत्याहारं ततः कुर्यादङ्गैः पञ्चभिरन्वितम् ।
स्वभावेनेन्द्रियार्थेषु प्रवृत्तं मानसं बुधैः ॥
तद्दोषदर्शनात्तेभ्यः समाहृत्य बलेन तु ।
निवेशनं भगवति प्रत्याहार इति स्मृतः ॥

२. लो. इन्द्रियानीन्द्रियर्षेभ्यो । यह पाद श्रीमद्भगवद्गीता (२.६८) में भी उपलब्ध है ।

तस्माद्यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वशः ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥

३-३. लो. विषयैष्वमि यत्नतः । यह पाठ विषयेष्वपि यत्नतः की ओर निर्देश करता है ।

४. लो. शन्तेन । कमहायानिकन् में सन्तेन तथा वृहस्पतितत्त्व में संतेन, शतेन । सम्भव है ये "शक्तेन" के भ्रष्ट पाठ हों । बलि-लिपि में न तथा क बहुत समीप हैं । संस्कृत में "त्वरयापहृत्य", तथा "समाहृत्य बलेन तु" इस ओर निर्देश करते हैं ।

५. लो. मनसोधत ।

६. लो. निगाध्यतै । तीसरे श्लोक में कथ्यते

के लिए काव्यतः दर्शनीय है।—

७. लो. पृत्यारयोग।

८. श्रीमद्भगवद्गीता के सांख्ययोग नामक द्वितीय अध्याय के श्लोक ६०-६१ इस विचार को बहुत स्पष्ट करते हैं—

यततो ह्यपि पुरुषस्य विपश्चितः।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः।
तानि सर्वाणि संयम्य युक्त आसीत मत्परः।
वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता।

इन्द्रियों में मन लग जाने से पुरुष संसार में ही फंसा रहता है, प्रज्ञा द्वारा मोक्षप्राप्ति का यत्न नहीं कर पाता—

इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनो नु विधीयते।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ॥६७॥

सर्वदर्शनसंग्रह (पातञ्जल-दर्शन पृ. १३९-१४०) में प्रत्याहार की व्युत्पत्ति रोचक है—इन्द्रियाणि विषयेभ्यः प्रतीपमाह्रियन्तेऽस्मिन्निति व्युत्पत्तेः। ....यथा मधुकरराजं मधुमक्षिका अनुवर्तन्ते तथेन्द्रियाणि चित्तमिति।

९. चित्त की एकाग्रता द्वारा विषय समाप्त हो जाते हैं। इसका परिणाम मोक्ष होता है।

विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति ॥
एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्तकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति ॥

श्रीमद्भगवद्गीता २.७१-७२

५

[१]निर्द्वन्द्वं[२] निर्विकारञ्च[३] [४]निस्सक्तमचलं तथा[४]।
यद्रूपं[५] ध्यायते नित्यं तद्ध्यानमिति[६] कथ्यते[७] ॥५॥

ध्यानयोग ङरन्य। इकङम्बॅक्[८] तन्पर्ववॅन[९] तन्विकारन[१०]। एनक् प्व ह्तं ह्लिन्य। निर्चञ्चल। उमिॅडं तन्कावरणन्। एकचित्तानुस्मरण[११] पिनकलक्षणान्य। येक ध्यानयोग ङ ॥

---

१. ध्यान द्विविध है—सगुण ध्यान और निर्गुण ध्यान। सगुणं मूर्तिध्यानं निर्गुणमात्मयाथात्म्यम् (शाण्डिल्योपनिषद् १.१०)॥ दर्शनोपनिषद् (९.१-५) में ध्यान के सविशेष ब्रह्मध्यान और निर्विशेष ब्रह्मध्यान दो प्रकार हैं। आत्मयाथात्म्य की भावना ध्यान द्वारा ही सम्भव है। कवि-ग्रन्थों में इस सोऽहम् की भावना का उल्लेख नहीं है।

शिवमहापुराण (७.२.३९.१९) के अनुसार ध्येय शिव है—

ध्येयमित्युच्यते सद्भिस्तच्च साम्भः स्वयं शिवः ॥

लिङ्गमहापुराण पृ. १४ में सरल व्याख्या है—तत्रैकचित्तता ध्यानं प्रत्यान्तरवर्जितम्। विज्ञानभैरव (पृ. १३०, काश्मीर-माला में प्रकाशित) में निर्गुण का वर्णन रुचिकर है—

ध्यानं हि निश्चला बुद्धिर्निराकारा निराश्रया।
न तु ध्यानं शरीराक्षिमुखहस्तादिकल्पना ॥१४६॥

गणपतितत्त्व के अनुसार भी रूप निर्गुण, निर्विकार, निस्सक्त तथा अचल होना चाहिए। दक्षिणामूर्तिस्तोत्र ब्रह्मा, विष्णु, शिव के चिन्तन

को ध्यान मानता है—ब्रह्मविष्णुशिवादीनां चिन्ता ध्यानं प्रचक्षते।

अधिक समस्थलों के लिए वृहस्पतितत्त्व (श्लोक ५६) देखिए।

२. लो. निर्द्वन्द्व।

३. लो. निर्विकरश्चा।

४-४. लो. निशक्तामचलस्तात। "निःशक्त-मचलं तथा" पाठ अधिक समीप है। परन्तु अर्थ की दृष्टि से ईश्वर का ध्येय रूप निश्शक्त अर्थात् शक्तिरहित नहीं हो सकता। निर्द्वन्द्व, निर्विकार आदि उसके अन्य विशेषणों से संगत निस्सक्त उसकी निरासक्ति के महान् गुण का द्योतक है। श और स का परस्पर परिवर्तन भारत में ही नहीं कवि में भी होता रहता है।

५. लो. यद्र्मो। म का प के लिए आश्चर्य-जनक प्रयोग कई स्थलों पर उपलब्ध है। श्लोक ६ में पिधाय के स्थान में मिधित है।

६. लो. तध्यानामिति।

७. लो. काप्यतै। तीसरे श्लोक में कथ्यते के लिए काप्यतै है। बलिलिपि में प, ष, व और थ में बहुत समानता है।

८. वृहस्पतितत्त्व (श्लोक ५५) और सं ह्यं कमहायानिकन् (पृ. १५४) में अम्बॅक् के स्थान में ज्ञान है।

९. संस्कृत श्लोक में आए निर्द्वन्द्वं पद के लिए वृहस्पतितत्त्व और सं ह्यं कमहायानिकन् में तन्पर्वव है।

१०. निर्विकारं के लिए वृहस्पतितत्त्व में ततन्विकार है।

११. एकचित्त। नुस्मरण। यह पद वृहस्पति-तत्त्व और सं ह्यं कमहायानिकन् में नहीं है। लिङ्गमहापुराण का "तत्रैकचित्तता" विशेषण इस प्रसङ्ग में उल्लेखनीय है।

६

[1]पिधाय[2] सर्वद्वाराणि[3] [4]वायुं बहिः प्रयच्छति[4]।
मूर्द्धानं वायुनोद्भिद्य[5] प्राणायामो निगद्यते[6] ॥६॥

प्राणायामयोग ङरन्य। तुतुपनं द्वार कबेः। मत। इरु। कपाँ[7]। तुतुक्। न्दनिकं वायु[8] रुमुहु-निस्पॅन् वॅट्वक्न हनें वुन्वुनन्। कुनं यप्वन् वुवुस् दारक[9] विनेः म्तु मरेङिरु कलिः। न्दन् पहलोनिकं वायु[8]। येक प्राणायामयोग ङ॥

---

१. लिङ्गमहापुराण (८.४४-६१) में प्राणायाम के मन्द, मध्य और उत्तम तीन प्रकार हैं—

समाधिः सर्वहेतुश्च प्राणायाम इति स्मृतः ॥४४॥
प्राणः स्वदेहजो वायुर्यमस्तस्य निरोधनम्।
त्रिधा द्विजैर्यमः प्रोक्तो मन्दो मध्योत्तमस्तथा ॥४५॥
प्राणापाननिरोधस्तु प्राणायामः प्रकीर्तितः।
प्राणायामस्य मानं तु मात्रा द्वादश स्मृताः ॥४६॥
नीचो द्वादशमात्रस्तु उद्घातो द्वादशः स्मृतः।
मध्यमस्तु द्विरुद्घातश्चतुर्विंशतिमात्रकः ॥४७॥

मुखस्तु यस्त्रिरुद्घातः षट्त्रिशन्मात्र उच्यते ।
प्रस्वेदकम्पनोत्थानजनकश्च यथाक्रमम् ॥४८॥
आनन्दोद्भवयोगार्थं निद्रा घूर्णिस्तथैव च ।
रोमाञ्चध्वनिसंविद्धस्वांगमोटनकम्पनम् ॥४९॥
इत्यादि

अहिर्बुध्न्यसंहिता (३२.४७.६), उपनिषदों यथा अमृतनादोपनिषद् (श्लोक ९-१०), तेजोबिन्दूपनिषद् (१.३१) और त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् (मन्त्रभाग ३०वां श्लोक आदि), मृगेन्द्रतन्त्र (योगपाद १.१.४), योगसूत्र (२.४९), शुक्लयजुःशाखीय कर्मकाण्डप्रदीप (पृ. ६), सर्वदर्शनसंग्रह (पातञ्जल-दर्शन पृ.१३९), गोरक्षनाथ-कृत सिद्ध-सिद्धान्तपद्धति (२.३५, पृ. १३) आदि संस्कृत ग्रन्थों में से प्राणायाम का वर्णन वृहस्पतितत्त्व श्लोक ५६ के टिप्पणों में उद्धृत है ।

२. लो. मिधिता । यह पाठ पिधित्वा की ओर संकेत करता है । √धा धातु से हित्वा (पाणिनि ७.४.४२) सामान्य प्रचलित रूप है । परन्तु संस्कृत-आंगल कोष MW. में धित्वा रूप दिया हुआ है । संस्कृत का शुद्ध रूप पिधाय है । वृहस्पतितत्त्व में हस्तलेखों का वर्णयोग पित्त्वाय तथा पितय है । सं ह्यं कमहायानिकन् में भी पितय स्पष्टरूपेण पिधाय है ।

३. लो. सर्व्वाध्वरणी ।

४-४. लो. बयु वह्यं प्रयचती । वृहस्पतितत्त्व में यह पाद भिन्न है–वायुरन्तर्निगृह्यते । सं ह्यं कमहायानिकन् में वाह्य प्रच्लति वाह्यकम् । संस्कृत में प्राप्त समस्थलों में दर्शनोपनिषद् ६.३ में वायुमाकृष्य, शाण्डिल्योपनिषद् १.५.२ में इडया वायुमापूर्य, वृहस्पतितत्त्व के वायुरन्तर्निगृह्यते पद की पुष्टि करते हैं ।

मृगेन्द्रतन्त्र के योगपाद १.१.४ पृ. ५-६ पर नारायणकण्ठ की टीका में प्राणायाम के प्रथित रेचक, पूरक, कुम्भक आदि प्रकारों की व्याख्या में निम्नलिखित पंक्तियां उल्लेखनीय हैं– तादृग्विधस्य तस्य वायोः खेदनं स्वातन्त्र्यभावादाधिक्येन बहिः प्रेरणं तस्यैव चान्तस्तथाकर्षणम् संरोधश्च कुम्भीकरणं रेचनप्रवेशनविरामः । एवंलक्षणं यत् प्राणादीनां प्रखेदनं स प्राणायामः ।

५. लो. भायुकोद्भिद्य । बलि-लिपि में क और न में भूल होना असम्भव नहीं है ।

६. लो. निगद्यतै । इसी प्रकार कथ्यते के लिए काष्यतै ।

७. लो. कप ।

८. लो. बयु ।

९. लो. दरका । दारक शब्द कवि-कोष ONW. में नहीं है ।

७

[1]ओङ्कारं हृदये[2] स्थाप्य[3] [4]तत्त्वलीने शिवात्मकम्[4] ।
[5]शून्यात्मा न च शृणोति[5] धारणामिति[6] कथ्यते[7] ॥७॥

धारणयोग[8] ङरन्य । ओङ्कार प्रणव हन रि हृदय । यतेक धारणान् प्ङॅडॅनिकं निश्वास[9] । यप्वन् हिलं मरि कऋङॉ काल निं योग । येक शून्यशिवा[10]त्मकावक् भटार । येक धारणयोग[8] ङ ॥

१. मण्डलब्राह्मणोपनिषद् १.८ गणपतितत्त्व में की गई धारणयोग की व्याख्या के समीपतम है—

अथ वा तव वक्ष्यामि धारणं मुनिपुङ्गव ।
पुरुषे सर्वशास्तारं बोधानन्दमयं शिवम् ।।
धारयेद्बुद्धिमान् नित्यं सर्वपापविशुद्धये ।
ब्रह्मादिकार्यरूपाणि स्वे स्वे संहृत्य कारणे ।।
सर्वकारणमव्यक्तनिरूप्यमचेतनम् ।
साक्षादात्मनि संपूर्णे धारयेत् प्रणवे मनः ।।
इन्द्रियाणि समाहृत्य मनसात्मनि योजयेत् ।
विषयव्यावर्तनपूर्वकं चैतन्ये चेतःस्थापनं धारणं भवति ।।

संस्कृत ग्रन्थों से धारणयोग के वर्णन वृहस्पति-तत्त्व श्लोक ५७ में दर्शनीय हैं ।

२. लो. हृदयै ।

३. लो. स्थव्या । बलिलिपि में प और व में लेख-सादृश्य है ।

४-४. लो. ततो लीणञ्चिवात्मेकम् । ततो लीनं शिवात्मकं लोन्तार के अधिक समीप रहेगा । किन्तु ततो लीनं की अपेक्षा तत्त्वलीनं अधिक सार्थक है । तब श्लोक का अन्वय होगा—तत्त्व-लीनं शिवात्मकमोङ्कारं हृदये स्थाप्य । तत्त्व-लीने शिवात्मकं पाठ रखने पर—तत्त्वलीने हृदये शिवात्मकमोङ्कारं स्थाप्य.... अर्थ होगा । इस स्थान पर टीका द्वारा निश्चय नहीं होता क्योंकि टीका में इन पदों की व्याख्या नहीं की गई है । तत्त्वलीनमोङ्कारं की अपेक्षा तत्त्वलीने हृदये पाठ अधिक अर्थवान् है ।। वृहस्पतितत्त्व श्लोक ५७ और सं ह्यं कमहायानिकन् के आधार पर ततो को तत्त्व° करना प्राप्त विभिन्न ग्रन्थों के लोन्तारों की बहुसंख्या को ध्यान में रखते हुए अनुपयुक्त नहीं है । वृहस्पतितत्त्व के सात हस्तलेखों में तत्त्व° के लिए कोई अन्य वर्णयोग नहीं ।

५-५. लो. शून्यात्म श्रुयेनष्टि । इस पाद में केवल सात अक्षर हैं "न च शृणोति" कवि टीका के आधार पर बनाया गया है । "प्ग्डॅनिकं निश्वास । मरि कॠङॅा काल नि योग" अर्थात् योग के समय निश्वास को दृढतापूर्वक धारण किए रहो जब तक कि शब्द सुनना बन्द न हो जाए । धारणयोग की यह प्रमुख विशेषता है क्योंकि वृहस्पतितत्त्व के श्लोक में तो नहीं किन्तु टीका में इसका उल्लेख है—यप्वन् हिलङिक नोर कॠङॅा रि काल नि योग । येक शिवात्मा ङरन्य । शून्यावक् भटार शिव मङ्कन । येक धारण-योग ङरन्य । यहां पर शून्यात्मा के स्थान पर शिवात्मा पद है । किन्तु शून्यात्मा की व्याख्या टीका में निहित है–शून्यावक् भटार शिव मङ्कन । वृहस्पतितत्त्व में श्लोक इस प्रकार है—

ओङ्कारं हृदये स्थाप्य तत्त्वलीने शिवात्मकम् ।
ओङ्कारः संधृतो यस्माद् धारणं वै निगद्यते ।।५७।।

६. लो. धरणामिथि ।

७. लो. कास्यतै । श्लोक ३ में कथ्यते के लिए काष्यतै पाठ है । काष्यतै→कास्यतै—पहले थ और ष में लेख की भूल हुई; तदुपरान्त उच्चारण के कारण ष का स में परिवर्तन हुआ ।

८. लो. धरणायोग्ग ।

९. लो. निस्वषा । दूसरे श्लोक में निश्वास के लिए लोन्तार का यही वर्णयोग है ।

१०. शून्यशीवा° । शिव के लिए शीव का प्रयोग तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान में प्रायिक है ।

८

[1]चित्तमाकाशवच्छुद्धं[2] [3]नाकाशमेव तत्त्वतः[3] ।
परमार्थन्तु निःशब्दं तक्कर्योगो[4] विधीयते[5] ॥८॥

तक्कर्योग ङरन्य कदि आकाश रक्व[6] सं ह्यं परमार्थ । न्दतन् हन कगतिः[7] । अपन् तन् हन शब्द इय । येक लिङ्ग नि परमार्थ । पलेननिर[8] सकेङवॅङवं । तुहुन् पड[9] निर रि मलिलं । येक तक्कर्योग ङ ॥

१. अमृतनादोपनिषद्, मालिनीविजय, स्वायम्भुव एवं मृगेन्द्रतन्त्र में तर्कयोग आया है । इसकी व्याख्या केवल अमृतनादोपनिषद् तथा मृगेन्द्रतन्त्र में की गई है । ये व्याख्याएं वृहस्पतितत्त्व ५८ में उद्धृत हैं । किन्तु ये व्याख्याएं गणपतितत्त्व की व्याख्याओं से भिन्न हैं । तर्क का अर्थ ऊहा है । यथा अमृतनादोपनिषद् में; तर्कलक्षणम्—आगमस्याविरोधेन ऊहनं तर्क उच्यते । अन्य समस्थलों पर तर्कयोग के स्थान में आसनयोग है ।

वृहस्पतितत्त्व में तर्कयोग की व्याख्या की दृष्टि से श्लोक अधिक स्फुट है—

आकाश इव तद्रूपमाकाशः सन्ततं ध्रुवम् ।
निःशब्दं तर्कयेन्नित्यं स तर्क इति कथ्यते ॥५८॥

२. लो. चीत्तामकाशवासुन्दं । सं ह्यं कमहायानिकन् में—आकाश इव तत्समम् ।

३-३. लो. नकशामेव तत्त्वाकम् ।

४. लो. तक्कर्योग ।

५. लो. विधियतै ।

६. लो. हारक्व ? ।

७. लो. कगविः ।

८. लो. पलेनिर । यह शब्द पलेननिर होगा । आकाश से भिन्नता बताई जा रही है । आगे आने वाला "पड" समानता का सूचक है । अर्थात् तर्कयोग का अर्थ है– निश्चय ही परमार्थ आकाश के समान है । अचल है (=गति नहीं है) । इसमें शब्द नहीं है– यह इसकी आकाश से भिन्नता है । [आकाश शब्दमय है] । सत्य ही [यह आकाश के] समान पवित्र है । (शाब्दिक अर्थ—पवित्रता में यह सत्य ही समान है [आकाश के]) ।

९. लो. पद । वृहस्पतितत्त्व में "पड" (=समान) है ।

९

[1]निरुपेक्षं[2] निर्लक्षणं[3] निरालम्बं[4] निःस्पृहम्[5] ।
निरावरणं[6] निःसाध्यं[7] [यत्][8] [9]समाधिस्तन्निगद्यते[9] ॥९॥

समाधियोग ङरन्य । इकं ज्ञान तन्पङ्पेक्ष । तन्पङल्पन[10] । तन्पङक्वन[11] । तन् हन कह्युनिरिय । तन् हन साध्य[12] निर । मलिलं तन् कावरणन्[13] । येक समाधियोग ङ ॥

१. तेजोबिन्दूपनिषद् १.३७ की समाधि की व्याख्या उल्लेखनीय है—

निर्विकारतया वृत्त्या ब्रह्माकारतया पुनः ।
वृत्तिविस्मरणं सम्यक्समाधिरभिधीयते ॥

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् के मन्त्रभाग श्लोक १६२ में सर्ववृत्तियों से विवर्जित होना समाधि का लक्षण है—

समाधिः स तु विज्ञेयः सर्ववृत्तिविवर्जितः ।
ब्रह्म संपद्यते योगी न भूयः संसृतिं व्रजेत् ॥

गोरक्षनाथ-कृत योगमार्तण्ड श्लोक १७६-१८० में भी इसी कथन का स्पष्टीकरण है—

तथा समरसैकत्वं समाधिः सोऽभिधीयते ॥१७७॥
अद्वयत्वं गते जीवे न मनो इन्द्रियाणि च ॥१७८॥
न गन्धो न रसो न रूपं न स्पर्शो न च निःस्वनः ।
नात्मानञ्च परं वेद योगयुक्तः समाधिना ॥१७९॥
अभेद्यः सर्वशस्त्राणामबाध्यः सर्वदेहिनाम् ।
बाध्यते न च कालेन बाध्यते न च कर्मणा ॥१८०॥

कवि-भाषा के ग्रन्थ वृहस्पतितत्त्व में श्लोक इस प्रकार है—

निरुपेक्षं निराकल्पं निःस्पृहं शान्तमव्ययम् ।
अलिङ्गं चिन्तयेन्नित्यं समाधिस्तेन कथ्यते ॥५९॥

इस प्रसङ्ग के अन्य संस्कृत उद्धरणों के लिए वृहस्पतितत्त्व श्लोक ५९ पर प्रथम टिप्पण देखिए ।

२. लो. निरुपेक्ष ।

३. लो. निर्लक्षनं ।

४. लो. निरलम्बन ।

५. लो. निस्प्रहम् ।

६. लो. निखरणा ।

७. लो. निर्सद्यः ।

८. वृहस्पतितत्त्व में आए "चिन्तयेत्" पद के समान यहां भी "निःसाध्यं [यत्]" के स्थान में "निःसाधयेत्" असम्भव नहीं ।

९-९. लो. समाधिस्तु निगद्यतै । यत् के साथ तत् पद की अपेक्षा है अन्यथा अन्वय नहीं बैठता ।

१०. वृहस्पतितत्त्व के श्लोक के प्रथम पाद में निरुपेक्षं के पश्चात् निराकल्पं है । तन्पङल्पन "निराकल्पं" का अनुवाद है । दोनों में √कल्प् धातु दर्शनीय है ।

११. तन्पङ्क्वन "निरालम्बं" की व्याख्या है । अकु=मैं । तन्पङ्क्वन "जिसमें स्वार्थ नहीं है" ।

१२. लो. सध्य ।

१३. लो. कवरणान् । वृहस्पतितत्त्व की टीका अधिक विस्तृत है ।

१०

[१]काम्बलन्तं ? च हृत्मूले[२] ¿तिक्ता कृष्णा? ध्रुवम्भवेत्[३] ।
अतिकृष्णान्तं[४] ? लोकनाथशिवालयम्[५] ॥१०॥

इरिक वित् निं हृति ङः । हन त हम्प्रु महिऋं । रिं तुंतुं निङिऋंन्य । सिर त सं ह्यं लोकनाथ ङ । उङ्गवनिर भटार शिव[६] ॥

---

१. कवि-ग्रन्थ तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान तथा गणपतितत्त्व में कुछ श्लोक समान हैं । प्रस्तुत श्लोक तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान का बीसवां श्लोक है । २० से लेकर २६ तक और फिर २८वां

श्लोक क्रमशः उसी प्रकार हैं जैसे गणपतितत्त्व में १० से १७ तक। टीका सदा ही पर्याप्त भिन्न है। इसके उपरान्त तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान के श्लोक ५६-५९ गणपतितत्त्व के १८-२१ के समान हैं।

दोनों ग्रन्थों में इस श्लोक के हस्तलेखों का निम्न वर्णयोग है—

तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान—

काम्बलन्ते च्चा हृत्मूले तिक्तं कृष्णं व्रःगं भवेत्।
अतिकृष्णान्तं कृष्णान्तं लोकनथं शिवलयं॥

गणपतितत्त्व—

काम्बलन्तै च कृत्मूले तिक्ता कृष्णा द्रुवाम्बवेत्।
अतिकृष्णान्तं लोकनाथशीवालयम्॥

चौथे चरण से विदित होता है कि यह लोकनाथशिवालय का वर्णन है। यह बात दोनों स्थानों पर टीकाओं में भी स्पष्ट है। टीका में तीन चरणों की अस्तव्यस्त व्याख्या है। तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान की टीका में कम्बल शब्द की व्याख्या है—कम्बल का अर्थ है पुसुःपुसुः। इस स्थान पर तो नहीं किन्तु श्लोक १८ में गणपति-तत्त्व में भी कम्बल शब्द का अर्थ है पस-पस= फुफ्फुस (फेफड़े)। तीसरा पाद गणपतितत्त्व में पांच अक्षरों का ही है। तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान में तीन अक्षरों की पूर्ति बलात् की हुई प्रतीत होती है। तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान कम्बल, अतिकृष्ण और तिक्त इन तीनों को परलोक कहता है। टीका का आरम्भ कम्बल शब्द से होता है—हन य कम्बल ङरन्य। पुसुः-पुसुः। य त हुमुङ्गि रि वित् निङति। हन त कृष्ण ङरन्य। य सिनङ्गुः तिक्त। हन त य अतिकृष्ण ङरन्य। इक त कबेः। पर-लोक ङरन्य। कहनन् भटार शिव। सिर त कनक्त्यङ (कभक्त्यङ ?)दे सं योगीश्वर।

गणपतितत्त्व की टीका में भी हृत्मूले, तिक्त और अतिकृष्ण पदों के अर्थ मात्र दिए हैं। इनके परस्पर सम्बन्ध का निर्देश नहीं है। चौथे पाद की व्याख्या में लोकनाथ और शिवालय पर्यायवाची माने गए हैं (सिर त सं ह्यं लोकनाथ ङउङ्गव-निर भटार "वह लोकनाथ है अर्थात् भटार शिव का स्थान है")।

तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान के श्लोक से ऐसा प्रतीत होता है कि पहले कठिन शब्द है और फिर उसकी व्याख्या है। कम्बलान्त अर्थात् हृत्मूल में तिक्त अर्थात् कृष्ण है। अतिकृष्णान्त अर्थात् कृष्णान्त, लोकनाथ अर्थात् शिवालय है। इस सम्भावनामात्र के अनुसार श्लोक इस प्रकार हो सकता है—

कम्बलान्ते च हृत्मूले तिक्तं कृष्णं ध्रुवं (अथवा—वर्णो) भवेत्।
अतिकृष्णान्तं कृष्णान्तं लोकनाथं शिवालयम्॥

किन्तु संस्कृत शब्दों की संस्कृत शब्दों द्वारा व्याख्या विशेष अपेक्षित नहीं है। तथा च, कम्बल का अर्थ हृदय और लोकनाथ का अर्थ शिवालय, दोनों ही कवि टीकाओं में अत्यधिक स्पष्ट होते हुए भी बुद्धिगम्य नहीं हैं। दूसरी बहुत दूर की सम्भावना यह है कि प्रथम तीन पादों में आए विशेषण लोकनाथ अर्थात् शिव के हैं। कम्ब-लान्तं च हृत्मूले अर्थात् जिन्होंने हृदय से नीचे कम्बल का अधोवस्त्र धारण किया हुआ है। तिक्त कृष्ण [वर्ण है] और अन्त में [सिर और नीलग्रीवा के कारण] अतिकृष्ण है। ऐसे लोक-नाथ शिव का आलय है। किन्तु टीकाएं इस अर्थ की पुष्टि नहीं करतीं। श्लोक का समस्त प्रवाह भी इस दिशा में नहीं है।

२. लो. कृत्मूले।

३. लो. द्रुवाम्बवेत् ।

४. लोन्तार में केवल ये ही पांच अक्षर हैं ।

५. लो. लोकनाथशीवालयम् ।

इस श्लोक में शिवालय का वर्णन है । लिङ्गमहापुराण में शिवालय अथवा रुद्रालय के वर्णन से ७७वें अध्याय (पृ. १५१-२) का प्रारम्भ होता है । गणपतितत्त्व के श्लोक २ और ६ के दूसरे पाद, एवं श्लोक २६ के तीसरे पाद में शिवालय शब्द है । ७वें श्लोक के तीसरे पाद में रुद्रालय शब्द है । किन्तु लिङ्गमहापुराण में, शिवालय अथवा रुद्रालय किस प्रकार बनता है, उसके बनाने अथवा बनवाने वाले को शिवलोक की प्राप्ति होती है, आदि का उल्लेख है— यह गणपतितत्त्व से सर्वथा भिन्न है ।

६. लो. शीवा । शिव के लिए अनेक स्थलों पर दीर्घस्वरों वाला वर्णयोग मिलता है । तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान के हस्तलेख में (लाइडन् विश्व-विद्यालय के पुस्तकालय में जिसकी संख्या Cod. Or. 3963.2 है) लगभग सदा ही शीव अथवा शीवा वर्णयोग है ।

११

[1]स्वलिङ्गं[2] परलिङ्गं वा[3] स्वयमेव[4] करोति यः ।
लीयते[5] सर्व्वभूतानां[6] स्वलिङ्गं[7] लीयते[5] द्विजः[8] ॥११॥

मतंन्यन् सं द्विज[9] । गिनवे निर स्वलिङ्ग लवनिकं परलिङ्ग[10] । प्रिहॅ अवक् सिरान् पगवे । तन् भेद हति निं[11] [12]वनेः हन[12] प्वेकं स्वलिङ्ग[13] । सिर त कलीननिं[14] सर्व्वभूत नं ब्रह्माधि[15] । मतंन्यन् पिनूलीनाकॅनिर[16] स्वलिङ्ग[13] निर ॥

---

१. यही श्लोक किञ्चित् परिवर्तनों के साथ तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान के हस्तलेख में इस प्रकार है –

स्वालिङ्गम्परलिङ्गम्व स येन कारे गति जा ।
लिहते सर्व्वं भूतनं स्वलिङ्गं लिहते द्विजः॥२१॥

इसकी कवि टीका गणपतितत्त्व से सर्वथा भिन्न है— हन त य स्वलिङ्ग ङरन्य । म्वं परलिङ्ग । संक्षेपन्य । वं इकं लिङ्ग । इक दुमेः व्वं व्रुह गुमवेह बाह्यलिङ्ग । इकं परलिङ्ग । येक स्वलिङ्ग ङरन्य । कलिङनिं सर्वभूत । वुवुसॅन् त्क इकं स्वलिङ्गानकु सं कुमार ।

गणपतितत्त्व की टीका का अर्थ निम्नलिखित है– द्विज के स्वलिङ्ग और परलिङ्ग बनाने का कारण यह है कि वह [स्वयं] कर्ता के शरीर और दूसरे के हृदय में भेद नहीं मानता । [अतः] स्वलिङ्ग के होते हुए भी (=प्वेकं) वह ब्रह्माधि (=ब्रह्मसमाधि लगाकर) सर्वभूतों [के लिङ्ग में] लीन हो जाता है । इस कारण से वह स्वलिङ्ग को [परलिङ्ग में] प्रलीन कर देता है ।

इस अर्थ के अनुकूल श्लोक इस प्रकार हो सकता है–

स्वलिङ्गं परलिङ्गं वा स्वयमेव करोति यः ।
लीयते सर्वभूतानां [लिङ्गे] स्वलिङ्गं [परलिङ्गे]
लीयते द्विजस्य ॥

२. लो. स्वलिङ्गाम् । शिवमहापुराण में चतुर्थी कोटिरुद्रसंहिता के प्रथम अध्याय में स्वलिङ्ग शब्द आता है । किन्तु भिन्न अर्थ में–

यत्रयत्र यदा शम्भुर्भक्त्या भक्तैश्च संस्मृतः ।
तत्रतत्रावतीर्याथ कार्यं कृत्वा स्थितस्तदा ॥१६॥
लोकानामुपकारार्थं स्वलिङ्गं चाप्यकल्पयत् ।
तल्लिङ्गं पूजयित्वा तु सिद्धिं समधिगच्छति ॥१७॥

इसी अर्थ में शिवमहापुराण में चतुर्थी कोटि रुद्रसंहिता के प्रथम अध्याय ४५ श्लोक में स्वलिङ्ग के स्थान पर मल्लिङ्ग शब्द है–

हे देवा ऋषयः सर्वे मद्वचः शृणुतादरात् ।
योनिरूपेण मल्लिङ्गं धृतं चेत्स्यात्तदा सुखम् ॥४५॥
पार्वती च विना नान्या लिङ्गं धारयितुं क्षमा ।
तया धृतं च मल्लिङ्गं द्रुतं शान्तिं गमिष्यति ॥४६॥

इस लिङ्ग का माहात्म्य उल्लेखनीय है—

लोकानां स्थापिते लिङ्गे कल्याणं चाभवत्तदा ॥५२॥
पूजनात्तस्य लोकानां सुखं भवति सर्वथा ॥५३॥
इह सर्वसमृद्धिः स्यान्नानासुखवहाधिका ।
परत्र परमा मुक्तिर्नात्र कार्या विचारणा ॥५४॥

३. लो. परलिङ्गाम्व ।

४. लो. स्वयमेवा ।

५. लो. लियते । तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान में— लिहते ।

६. लो. सर्व्वाभूतानम् ।

७. लो. स्मुलिङ्गम् । तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान में स्पष्टतया—स्वलिङ्गम् ।

८. लो. द्वीजः ।

९. लो. द्वीजा ।

१०. लो. परलिङ्गा ।

११. लो. नी ।

१२-१२. वनेहन=वनेः+अन ।

१३. लो. स्वलिङ्गा ।

१४. लो. कलिर्णानि ।

१५. ब्रह्माधि शब्द ONW. में नहीं है ।

१६. लो. पिनृलिणाकॅनिर ।

१२

[1]आत्मने स्वयमुत्पन्नं[2] [3]स्वयमेव च पूजितम्[3] ।
स्वलिङ्गं पूर्वमुत्पन्नम्[4] आत्मलिङ्गं[5] प्रोच्यते[6] बुधैः[7] ॥१२॥

मतंन्यनिनजरकॅन् उङ्ग्वनिङात्मा । [8]पिहवक् सिरान्[8] मिजिल् । पूजान्त सिरान् रुमुहुन् । सिर त आत्मलिङ्ग । अन् लिं सं पण्डित[9] ॥

१. तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान के श्लोक २२ का दूसरा पाद भिन्न है । टीका सर्वथा पृथक् है । यथा–

अत्मनं स्वयं मूत्यनं ।
स्वलिङ्गमिथि चोद्यते ।
स्वलिङ्गा पूर्व्वमूत्यनं ।
स्वलिङ्गाम्प्रोच्यते वुधे ॥२२॥

इकं दुमेः कित व्रुह रि आत्मा वि न्त विः । अनुं सामसर्वाज्ञ ? य सिनङ्गुः आत्मलिङ्ग ङरन्य । रि देन्य इकेङात्मलिङ्ग । यतिक व्यक्त किनव्रुहन्

रुमहुन्। कम्नं कित व्रुह रिं बाह्यलिङ्ग। सि मनयकॅन् इकं स्वलिङ्ग। य त कव्रुहन कमुं कुमार ॥

गणपतितत्त्व की टीका में केवल आत्मलिङ्ग का वर्णन है—यही कारण है कि यह आत्मा के रहने का स्थान है। क्योंकि यह (आत्मा) बाहर आने के लिए शरीर चाहती है। तुम्हें सर्वप्रथम उसकी पूजा करनी चाहिए। यह आत्मलिङ्ग है। पण्डित ऐसा कहते हैं।

स्वलिङ्ग और आत्मलिङ्ग एक है अथवा दोनों भिन्न हैं, इसका समाधान नहीं होता। तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान के श्लोक की दूसरी पंक्ति से दोनों के पर्याय होने की सम्भावना है— आत्मने स्वयमुत्पन्नं स्वलिङ्गमिति चोच्यते। अर्थात् आत्मा के लिए स्वयं ही उत्पन्न हुआ यह [आत्मलिङ्ग] स्वलिङ्ग कहलाता है। तीसरे और चौथे पाद का कोई विशेष प्रयोजन नहीं है। टीका में स्वलिङ्ग से उल्टा बाह्यलिङ्ग है। लिङ्गमहापुराण (१.७५.१८-२२, पृ. १४६) में बाह्यलिङ्ग और उसके विपरीत आभ्यन्तरलिङ्ग है। बाह्यलिङ्ग=स्थूललिङ्ग, और आभ्यन्तरलिङ्ग=आध्यात्मिक एवं सूक्ष्मलिङ्ग भी कहलाते हैं।

परानन्दात्मकं लिङ्गं विशुद्धं शिवमक्षरम्।
निष्कलं सर्वगं ज्ञेयं योगिनां हृदि संस्थितम् ॥१८॥
लिङ्गं तु द्विविधं प्राहुर्बाह्यमाभ्यन्तरं द्विजाः।
बाह्यं स्थूलं मुनिश्रेष्ठाः सूक्ष्ममाभ्यन्तरं द्विजाः ॥१९॥

कर्मयज्ञरताः स्थूलाः स्थूललिङ्गार्चने रताः।
असतां भावनार्थाय नान्यथा स्थूलविग्रहः ॥२०॥
आध्यात्मिकं च यल्लिङ्गं प्रत्यक्षं यस्य नो भवेत्।
असौ मूढो बहिः सर्वं कल्पयित्वैवं नान्यथा ॥२१॥
ज्ञानिनां सूक्ष्मममलं भवेत्प्रत्यक्षमव्ययम्।
यथा स्थूलमयुक्तानां मृत्काष्ठाद्यैः प्रकल्पितम् ॥२२॥

प्रस्तुत प्रसङ्ग में [स्वलिङ्ग के लिए] स्वयम्भूलिङ्ग विशेषतः उल्लेखनीय है—

स्वयम्भूलिङ्गं प्रथमं बिन्दुलिङ्गं द्वितीयकम्।
प्रतिष्ठितं चरं चैव गुरुलिङ्गं तु पञ्चकम् ॥३१॥
देवर्षितपसा तुष्टः सान्निध्यार्थं तु तत्र वै।
पृथिव्यन्तर्गतः शर्वो बीजं वै नादरूपतः ॥३२॥
स्थावराङ्कुरवद्भूमिमुद्भिद्य व्यक्त एव सः।
स्वयम्भूतं जातमिति स्वयम्भूरिति तं विदुः ॥३३॥
तल्लिङ्गपूजया ज्ञानं स्वयमेव प्रवर्धते।
सुवर्णरजतादौ वा पृथिव्यां स्थण्डिलेऽपि वा ॥३४॥

शिवमहापुराण १.१८.३१-३४

स्वयम्भूलिङ्ग के वर्णन के आधार पर गणपतितत्त्व के श्लोक का पूर्वार्ध आत्मनैवायमुत्पन्नं स्वयमेव कथं जातम् अर्थात् अपने आप से उत्पन्न हुआ। स्वयं ही किसी प्रकार उद्भूत हो गया। किन्तु अयं पद पुंल्लिङ्ग है। लिङ्ग के लिए नहीं आ सकता। टीका की ओर देखते हुए दूसरा पाद "स्वयमेव च पूजितम्" होना चाहिये।

२. लो. अत्मान्प्वयमुत्पनम्। °प्व° के स्थान पर °स्व° तत्त्व सं ह्यं महाज्ञान के अनुसार है।

३-३. लो. स्वयमैवाकस्तुजस्तम्।

४. लो. पूर्व्वामुत्पनम्।

५. लो. स्वलिङ्गाम्।

६. लो. प्रोष्यतै।

७. लो. बुदेः।

८-८. लो. प्रिहवक्षिरान्। पहले श्लोक में भी ऐसी सन्धि है—पतिक्षङ्हुलुन्।

९. लो. पण्डिथ।

१३

[1]शिवलिङ्ग[2]सहस्राणि[3] आत्मलिङ्गान्न[4] तत्समम् ।
[5]अतः परतराण्यस्तानि[5] [6]आत्मलिङ्गं विशिष्यते[6] ॥१३॥

[7]कलिङन्य नोरान[8] कदि सं ह्यं आत्मलिङ्ग। सिर जुग तुङ्गल् विशेष । सहस्र इकं लिङ्ग अलः देनिर[9]। अपन् सिर विशेष[10] लिङ्ग॥

१. इस तथा अगले श्लोक में अनेक प्रकार के लिङ्ग आए हैं। इनका विश्लेषण करने से पूर्व संस्कृत के शिवमहापुराण और लिङ्गमहापुराण में आए विविध प्रकार के लिङ्ग यहां उल्लिखित हैं (संख्याएं ग्रन्थों की पृष्ठसंख्या की सूचक हैं)। लिङ्गों से सम्बद्ध सामग्री का उल्लेख इस क्रम से है-(क) सूची, (ख) विभिन्न देवों द्वारा पूजित विभिन्न लिङ्ग, (ग) लिङ्गों का वर्गीकरण, (घ) विभिन्न दिशाओं में स्थापित लिङ्ग, (ङ) शिवलिङ्गों की संख्या, (च) लिङ्ग का अर्थ, (छ) लिङ्गों में परस्पर तुलना।

(क) सूची–

अयोमय लिङ्ग लि.१४७
अव्यक्त लिङ्ग शि.५८९
आध्यात्मिक लिङ्ग लि.१४९
आभ्यन्तर लिङ्ग लि.१४९
आरकूटमय लिङ्ग लि.१४९
आशा-लिङ्ग लि.१९६
इन्द्रनीलमय लिङ्ग लि.१४७
ऊर्ध्व लिङ्ग लि.२२
(ऊर्ध्वलिङ्गी रुद्र लि.१.६५.७०)
एकलिङ्ग लि.१००
ओङ्कारजं लिङ्गं शि.३५०
ओङ्कारेश्वरज्योतिर्लिङ्ग शि.३७०
कान्तिक लिङ्ग शि.१४७
कुशाग्रमय लिङ्ग लि.१४७
कोटीश लिङ्ग शि.३५१
गन्धलिङ्ग शि.१४७
गुरुलिङ्ग शि.२१
गोकर्णाख्य लिङ्ग शि.३५९
गोमय लिङ्ग लि.१४७
चन्द्रमालाख्य लिङ्ग शि.३६०
चारुलिङ्ग लि. १०३, शि.३४८
चित्रकूटलिङ्ग शि.३५१
जङ्गमलिङ्ग शि. ९
ज्योतिर्लिङ्ग शि.३४८ क
ओङ्कारेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
केदारेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
घुमेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
त्र्यम्बकेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
नागेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
भीमेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
मल्लिकार्जुन-ज्योतिर्लिङ्ग
महाकाल-ज्योतिर्लिङ्ग
रामेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
विश्वेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
वैद्यनाथेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
सोमेश्वर-ज्योतिर्लिङ्ग
ताम्रलिङ्ग लि.१४७
दधिमय लिङ्ग लि. अध्याय ७४
दारुलिङ्ग लि.१४७
दैवलिङ्ग शि.९

ध्वनिलिङ्ग   शि.१७
नन्दिकेश्वरलिङ्ग   शि.५५६
नर्मदालिङ्ग   शि.२२१
नादलिङ्ग   शि.१७
पद्मरागमय लिङ्ग   लि.१४७
पशुपतिलिङ्ग   शि.३५१
पार्थिव लिङ्ग   शि.२४
पुँल्लिङ्ग   शि.५४८
पुष्पलिङ्ग   लि.१४७
पौरुष लिङ्ग   शि.२२
प्राकृत लिङ्ग   शि.२२
बाह्यलिङ्ग   लि.१४६
बिन्दुलिङ्ग   शि.२१
भस्मलिङ्ग   लि.१४७
भूलिङ्ग   शि.२१
मल्लिङ्ग   शि.३६१
महालिङ्ग   लि.१०३, शि.१७,३४८
महाकालभवं लिङ्गं   शि.३५
महाबलाढ्य लिङ्ग   शि.३६०
मारकत लिङ्ग   लि.१४७
मृन्मय लिङ्ग   शि.३३४
मौक्तिक लिङ्ग   लि.१४७
योनिलिङ्ग   शि.१७
रत्नज लिङ्ग   शि.३२५
रौप्य लिङ्ग   शि.१४७
लोहलिङ्ग   शि.२८
वज्रलिङ्ग   शि.५२
वारिलिङ्ग   लि.२८
वृक्षमय लिङ्ग   लि.१४७
षड्विध लिङ्ग   लि.१४७, शि.१७
शक्तिलिङ्ग   शि.२०
शर्वलिङ्ग   शि.५१
शाम्भव लिङ्ग   शि.३११
शिवलिङ्ग   लि.२८, शि.१७...
शैललिङ्ग   लि.१४७
सिद्धलिङ्ग   शि.३१०
सूक्ष्म लिङ्ग   लि.१४६
सैकत लिङ्ग   लि.१४७
सोमलिङ्ग   शि.३६५
स्त्रीलिङ्ग   शि.५४८
स्थावरलिङ्ग   शि.९
स्थूललिङ्ग   शि.२१
स्फटिकलिङ्ग   शि.१४७
स्वर्णलिङ्ग
हेमलिङ्ग   लि.२८, इत्यादि।

(ख) विभिन्न देवों और राक्षसों द्वारा पूजित लिङ्गों में भेद है—

इन्द्रनीलमयं लिङ्गं विष्णुना पूजितं सदा।
पद्मरागमयं शक्रो हैमं विश्रवसः सुतः ॥२॥
विश्वेदेवास्तथा रौप्यं वसवः कान्तिकं शुभम्।
आरकूटमयं वायुरश्विनौ पार्थिवं सदा ॥३॥
स्फाटिकं वरुणो राजा आदित्यास्ताम्रनिर्मितम्।
मौक्तिकं सोमराड् धीमांस्तथा लिङ्गमनुत्तमम् ॥४॥
अनन्ताद्या महानागाः प्रवालकमयं शुभम्।
दैत्या ह्ययोमयं लिङ्गं राक्षसाश्च महात्मनः ॥५॥
त्रैलोहिकं गुह्यकाश्च सर्वलोहमयं गणाः।
चामुण्डा सैकतं साक्षान्मातरश्च द्विजोत्तमाः ॥६॥
दारुजं नैर्ऋतिर्भक्त्या यमो मारकतं शुभम्।
नीलाद्याश्च तथा रुद्राः शुद्धं भस्ममयं शुभम् ॥७॥
लक्ष्मीवृक्षमयं लक्ष्मीर्गुहो वै गोमयात्मकम्।
मुनयो मुनिशार्दूलाः कुशाग्रमयमुत्तमम् ॥८॥
वामाद्याः पुष्पलिङ्गं तु गन्धलिङ्गं मनोन्मनी।
सरस्वती च रत्नेन कृतं रुद्रस्य वाम्भसा ॥९॥

दुर्गा हैमं महादेवं सवेदिकमनुत्तमम् ।
उग्राः पिष्टमयं सर्वे दधिमयं पिशाचाः सीस-
निर्मितम् ।
लेभिरे च यथायोग्यं प्रसादाद् ब्रह्मणः पदम् ॥११॥
लिङ्गमहापुराण १.७४.२...

(ग) लिङ्गों का वर्गीकरण । द्रव्यों के मुख्य भेद से लिङ्ग ६ प्रकार के हैं और उनके उपभेद ४४ हैं।

षड्विधं लिङ्गमित्याहुर्द्रव्याणां च प्रभेदतः ।
तेषां भेदाश्चतुर्युक्चत्वारिंशदिति स्मृताः ॥१३॥
शैलजं प्रथमं प्रोक्तं तद्धि साक्षाच्चतुर्विधम् ।
द्वितीयं रत्नजं तच्च सप्तधा मुनिसत्तमाः ॥१४॥
तृतीयं धातुजं लिङ्गमष्टधा परमेष्ठिनः ।
तुरीयं दारुजं लिङ्गं तत्तु षोडषधोच्यते ॥१५॥
मृन्मयं पञ्चमं लिङ्गं द्विधा भिन्नं द्विजोत्तमाः ।
षष्ठं तु क्षणिकं लिङ्गं सप्तधा परिकीर्तितम्॥१६॥
श्रीप्रदं रत्नजं लिङ्गं शैलजं सर्वसिद्धिदम् ।
धातुजं धनदं साक्षाद्दारुजं भोगसिद्धिदम् ॥१७॥
मृन्मयं चैव विप्रेन्द्राः सर्वसिद्धिकरं शुभम् ॥१८॥
लिङ्गमहापुराण १.७४.१३...

(घ) चारों दिशाओं में स्थापित विभिन्न लिङ्ग–

ब्रह्मपुर्यां चित्रकूटं लिङ्गं मत्तगजेन्द्रकम् ।
ब्रह्मणा स्थापितं पूर्वं सर्वकामसमृद्धिदम् ॥१॥
तत्पूर्वदिशि कोटीशं लिङ्गं सर्ववरप्रदम् ।
गोदावर्याः पश्चिमे तल्लिङ्गं पशुपतिनामकम् ॥२॥
दक्षिणस्यां दिशि कश्चिदत्रीश्वर इति स्वयम् ।
लोकानामुपकारार्थमनसूयासुखाय च ॥३॥
प्रादुर्भूतः स्वयं देवो ह्यनावृष्ट्यामजीवयत् ।
स एव शङ्करः साक्षादंशेन स्वययेव हि ॥४॥
शिवमहापुराण ४.३.१-४

(ङ) शिवलिङ्गों की संख्या की कोई गणना अथवा सीमा नहीं है । वे अनन्त प्रकार के हैं—

सर्वेषां शिवलिङ्गानां मुने संख्या न विद्यते ।
सर्वलिङ्गमयी भूमिः सर्वलिङ्गमयं जगत् ॥९॥
लिङ्गमयानि तीर्थानि सर्वं लिङ्गे प्रतिष्ठितम् ॥१०॥
पाताले चापि वर्तन्ते स्वर्गे चापि तथा भुवि ।
सर्वत्र पूज्यते शम्भुः सदेवासुरमानुषैः ॥१३॥
पृथिव्यां यानि लिङ्गानि तेषां संख्या न विद्यते ।
तथापि च प्रधानानि कथ्यन्ते च मया द्विजाः ॥१८॥
सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम् ।
उज्जयिन्यां महाकालमोङ्कारे परमेश्वरम् ॥२१॥
केदारं हिमवत्पृष्ठे डाकिन्यां भीमशङ्करम् ।
वाराणस्यां च विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमीतटे ॥२२॥
वैद्यनाथं चिताभूमौ नागेशं दारुकावने ।
सेतुबन्धे च रामेशं घुष्मेषं च शिवालये ॥२३॥
महाकालभवं लिङ्गं दुग्धेशमिति विश्रुतम् ।
नर्मदायां प्रसिद्धं तत्सर्वपापहरं स्मृतम् ॥ ३७ ॥
ओङ्कारजं च यल्लिङ्गं कर्दमेशमिति श्रुतम् ।
प्रसिद्धं बिन्दुसरसि सर्वकामफलप्रदम् ॥३८॥
शिवमहापुराण ४.१.९. . .

(च) लिङ्ग का अर्थ क्या है । महेश्वर शिव लिङ्गी क्यों हैं ।

किमिदं लिङ्गमाख्यातं लिङ्गी चैव महेश्वरः ।
कथं च लिङ्गभावोऽस्य कस्मादस्मिन् शिवोऽर्च्यते॥

श्रीकृष्ण जी के इस प्रश्न का समाधान उपमन्यु इस प्रकार करते हैं—

अव्यक्तं लिङ्गमाख्यातं त्रिगुणप्रभवाप्ययम् ।
अनाद्यनन्तं विश्वस्य यदुपादानकारणम् ॥७॥
तदेव मूलप्रकृतिर्माया च गगनात्मिका ।
तत एव समुत्पन्नं जगदेतच्चराचरम् ॥८॥
अशुद्धं चैव शुद्धं यच्छुद्धाशुद्धं च तत्त्रिधा ।
ततः शिवो महेशश्च रुद्रो विष्णुः पितामहः ॥९॥
भूतानि चेन्द्रियैर्जाता लीयन्तेऽत्र शिवाज्ञया ।

अत एव शिवो लिङ्गो लिङ्गमाज्ञापयेद्यतः ।।१०।।
शिवमहापुराण ७ख.३४.७-१०

(छ) गणपतितत्त्व के १३वें तथा १४वें श्लोक में लिङ्गों में तुलना है, अर्थात् एक लिङ्ग से दूसरा लिङ्ग विशिष्ट है । वहां इनका क्रम निश्चित करना सरल नहीं है— शिवलिङ्ग=महोत्तम—आत्मलिङ्ग=विशेषलिङ्ग—स्वर्णलिङ्ग—अक्षिलिङ्ग। संस्कृत में भी लिङ्गों का वर्गीकरण बहुत प्रकार से किया हुआ मिलता है । विभिन्न देवताओं द्वारा पूजित लिङ्गों में उतरोत्तर भेद दर्शनीय है ।

विष्णु द्वारा पूजित लिङ्ग इन्द्रनीलमय है ।

शक्र	,,	,,	,,	पद्मरागमय	,,
विश्रवस् के पुत्र			,,	हेमलिङ्ग	,,
विश्वेदेवाः		,,	,,	रौप्य लिङ्ग	,,
वरुण	,,	,,	,,	स्फटिकलिङ्ग	,,
आदित्य	,,	,,	,,	ताम्र-लिङ्ग	,,
दैत्यों	,,	,,	,,	अयोमय	,,
पिशाचों	,,	,,	,,	सीसनिर्मित	,,

इस प्रसङ्ग में लिङ्गमहापुराण अध्याय ७४ श्लोक १ के उत्तरार्ध में "यथायोग्य" पद है—
लेभिरे च यथायोग्यं प्रसादाद् ब्रह्मणः पदम् ।।

शिवमहापुराण (१.२१.२६-३०, पृ० २७) में लिङ्गों का उत्तम, मध्यम, नीच में वर्गीकरण है । यहां शिवलिङ्ग सर्वश्रेष्ठ है । यहां का आधार परिमाण है—

भुक्तिमुक्तिप्रदं लिङ्गं विविधापन्निवारणम् ।
पूजयित्वा नरो नित्यं शिवसायुज्यमाप्नुयात् ।।२६।।
शिवनाममयं लिङ्गं नित्यं पूज्यं महर्षिभिः ।
यतश्च सर्वलिङ्गेषु तस्मात्पूज्यं विधानतः ।।२७।।
उत्तमं मध्यमं नीचं त्रिविधं लिङ्गमीरितम् ।
मानतो मुनिशार्दूलास्तच्छृणुध्वं वदाम्यहम् ।।२८।।
चतुरङ्गुलमुच्छ्रायं रम्यं वेदिकायुतम् ।
उत्तमं लिङ्गमाख्यातं मुनिभिः शास्त्रकोविदैः ।।२९।।
तदर्धं मध्यमं प्रोक्तं तदर्धमधमं स्मृतम् ।
इत्थं त्रिविधमाख्यातमुत्तरोत्तरतः परम् ।।३०।।

नित्य और अनित्य के भेद से लिङ्ग दो प्रकार के हैं—

यदूर्जितं च नित्यं च तद्धि पौरुषमुच्यते ।
यद् दुर्बलमनित्यं च तद्धि प्राकृतमुच्यते ।। ४३ ।।
लिङ्गं नाभिस्तथा जिह्वा नासाग्रं च शिखाक्रमात्।
कट्यादिषु त्रिलोकेषु लिङ्गमाध्यात्मिकं चरम् ।।४४।।
ऐश्वर्यं पौरुषं विद्यादणिमाद्यष्टसिद्धिदम् ।। ४६ ।।
सुस्त्रीधनादिविषयं प्राकृतं प्राहुरास्तिकाः।।४७।।
शिवमहापुराण १.१८.४३...

चतुर्वर्णों के आधार पर लिङ्गों की उत्तमता का वर्णन—

रसलिङ्ग	ब्राह्मणों	के लिए
बाणलिङ्ग	क्षत्रियों	,,
स्वर्णलिङ्ग	वैश्यों	,,
शिलालिङ्ग	शूद्रों	,,
पार्थिव लिङ्ग	स्त्रियों	,,
स्फाटिक लिङ्ग	विधवाओं	,,

प्रथमं चरलिङ्गेषु रसलिङ्गं प्रकथ्यते ।। ४७ ।।
रसलिङ्गं ब्राह्मणानां सर्वाभीष्टप्रदं भवेत् ।
बाणलिङ्गं क्षत्रियाणां महाराज्यप्रदं शुभम् ।।४८।।
स्वर्णलिङ्गं तु वैश्यानां महाधनपतित्वदम् ।
शिलालिङ्गं तु शूद्राणां महाशुद्धिकरं शुभम्।।४६।।
स्त्रीणां तु पार्थिवं लिङ्गं सभर्तॄणां विशेषतः ।
विधवानां प्रवृत्तानां स्फाटिकं परिकीर्तितम् ।।५१।।
शिवमहापुराण १.१८.४७...

निर्णायक तत्त्वों के भेद से लिङ्गों की उत्तमता में भेद होता जाता है । सर्वप्रथम शैलजं लिङ्गं, फिर रत्नजं लिङ्गं, धातुजं लिङ्गं, दारुजं लिङ्गं, मृन्मयं लिङ्गं, क्षणिकं लिङ्गम् । रंगों से

बनाए जाने वाले क्षणिक लिङ्ग निकृष्टतम है।

शैलजं चोत्तमं प्रोक्तं मध्यमं चैव धातुजम् ॥

लिङ्गमहापुराण १.७४.१८

निहन् पङ्लुकतन् गणपति[9]। व्नङ्ङ्के मिदॅर्। श[10]। अम्पेल् गडि रजः गण[1]। तङन् किव ङ्गॅम् चक्र[11]। तङन् त्ङॅन् ङ्गॅम् गदा[12]। दुलुरन्य बन्तॅन्। अजुमन् पुतिः कुनि। सुची असोरोः महिवक् पिथिक् पुतिः जम्बुल्। तोयने मवदः सङ्क्ष त्मगा। स्कर् सुधामल[13] सह[6] प्रससन्तुन्। अर्थन्य ११००। सम्सम् दोन् कतिम। रजहनिक लॅबोकक्न रिं सङ्क्। रि हुवुस् पितूजा तिवकक्न[14] रिं ग्नहिं कम्रणन् ॥ म[15]॥

---

१ कवि में मृत्युञ्जय और दीर्घायुष का घनिष्ठ संबन्ध है। मृत्युञ्जय मन्त्र में श्लोक ५५ के समान ही पहले दक्षाक्षरमन्त्र का उल्लेख है—

ओं ह् अ कं स् म र ल व य नमो नमः स्वाहा।
ओं ओं कुर्मदजये जीवत् शरीर रक्ष ण्ड ड सिम (?)
ओं म्तुं सः वौषट् मृत्युञ्जयाय नमः [सः वौषट्]
Goris पृ.३५

Goris में पृ.३७-४० तक इस विषय पर विस्तृत टिप्पण है। वहां पर यही श्लोक इस प्रकार दिया है—

ओं [॥] मृत्युञ्जयस्य देवस्य यो नामान्यनुकीर्तयेत्।
दीर्घायुषमवाप्नोति संग्रामविजयी भवेत् ॥ (पृ.३८)

मृत्युञ्जय दीर्घायु, बल, वृद्धि और शक्ति का कारण हैं—ओं दीर्घायुषबलवृद्धिशक्तिकारण मृत्युञ्जय (पृ. ३९)। इस सम्बन्ध में "मृत्युञ्जय-स्तव" (Cod. 5357A) और "दीर्घायुष" (Cod. 5307 fol. 3), दीर्घायुर्वेदोन् (Cod. 5134 fol. 1) विशेष उल्लेखनीय ग्रन्थ हैं (पृ.४०)।

२–२. लो. नमः म्यमी कित्तयैट्।

३. लो. दीघ्र्गायुषामहाप्नोती।

४. लो. सङ्ग्रमवीजाये।

५. लो. भवेत।

६. लो. चहु। टिप्पण ३ में भी व के लिए ह का प्रयोग हुआ है—°मवाप्नोति के लिए °महाप्नोती।

७. लो. अद्रोमण। √ग्रण=रोग। अद्रो अस्पष्ट है। टीका के अन्त में कम्रण्न् है।

८. लो. दोनिर।

९. लोन्तार में दीर्घस्वरान्त है।

१०. श बीज किस अर्थ का द्योतक है ?

११. लो. चक्र।

१२. लो. गध।

१३. लो. सुदामला।

१४. लो. तिवाक्न। श्लोक ५७–५९ टिप्पण १७ में, हस्तलेख में तिवाकाक्न है।

१५. म का अर्थ "से, इनके द्वारा" (with, by using) है। इसका सम्बन्ध अगले ५७-५९ श्लोकों से है।

५७–५९

ओं[1] ।। गणपति[2] शिवापुत्रं[3] [4]भुक्तं तु वैधतर्पणम्[4] ।
[5]भक्तं तु जगति लोके[5] शुद्धपूर्णाशरीरिणम् ।।५७।।
सर्व्वविषविनाशनं[7] ?कालदङ्क दङ्कीपत्यं[8] ? ।
[9]पराणि रोगाणि मूर्च्छंन्तं[9] त्रिविष्टपोपजीवनम्[10] ।।५८।।
[11]गङ्गोमयोः सिद्धार्थदं[11] [12]देवगणगुरुं पुत्रं[12] ।
शक्तिवीर्यालोकश्रियै[13] [14]जयन्ति लाभानुग्रहम्[14] ।।५९।।

ओं सिद्धिरस्तु[15]। [गणपत]ये[16] नमः स्वाहा।

त्लस्। मक्वेः पङ्क्षन्य। व्नङङ्गे यनि ग्रि ग्रबुग्। यदिन् ग्रि ततुम्पुर् मुवः कम्रण्न्। रिं हॅम्पॅलन्। ग्वदिन करुसकन् देनिं सतो[17]। व्नङिकि तिवकक्न[18] ।।

---

१. लो. औं। इसके पश्चात् विराम नहीं है। प्रथम श्लोक में भी ओं का ऐसा ही प्रयोग है।

२. लो. घणापती।

३. लो. शीवापुत्रं।

४–४. लो. भुक्त्यन्तु वैध्यतर्पणानां।

५–५. लो. भक्त्यन्तु जगत्रिलोकं। भक्तं = पूजितं।

६. लो. सूद्धापूर्ण्णा शरीरनां।

७. लो. सार्व्वाविष्यवीनसर्नं। सर्वविषय-विनाशनं भी हो सकता है परन्तु फिर पाद ९ अक्षर का हो जाएगा। विष के लिए विष्य, भुक्तं के लिए भुक्त्यं, भक्तं के लिए भक्त्यं।

८. इसका कोई भी अर्थ हमसे नहीं बना।

९–९. लो. परणलरा मूच्छ्र्छंतै। लर कवि शब्द है जिसका अर्थ रोग है। यह पाद भी अनिश्चित है।

१०. लो. त्रीवृष्टीपङ्पाजीवं। कवि

टीका में देवों और पशुओं से होने वाली हानियों (=विघ्नों) का उल्लेख है। तुलना कीजिए दुःख-त्रय—आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक (आधिदैविकं तु यक्षराक्षसविनायकग्रहाद्यावेशनिबन्धनम्—सांख्यतत्त्वकौमुदी पृ.६; आधिभौतिकं तु भूतान्यधिकृत्य यत्प्रवर्तते मानुषपक्षिसरीसृपस्थावरनिमित्तम्—सांख्यकारिका १ पर माठरवृत्ति पृ.३)।

११–११. लो. गङ्गा उमष्यवासिध्यं।

१२–१२. लो. देवेगणा गुरुपुत्रं।

१३. लो. शक्तिवीर्यलोकश्रीया।

१४–१४. लो. जयति लभनुग्रहं।

१५. लो. अस्तुरस्तु।

१६. लो. य।

१७. सतो=सत्व। श्लोक ५१–५३ कडतोन्=कडत्वन्।

१८. लो. तिवाकाक्न।

६०

ओं[1] घमु गणपतये[2] नमः ओं[1] सरस्वत्यै[3] नमः।

ओं[1] तदस्तु[4]। तदस्तु। अस्तु॥

ओं[1]। दीर्घायुषं[5] सुखश्रिया[6]। [7]दर्शनात्तव वृद्धिश्रिया[7] ॥६०॥

हुम्व वेः वों वनेः अमच[8]। यन् तन् जाति[9] शुश्रूषा[10]। निर्म्मल[8] मलिलं मनःन्य। यनमच[8] न्दनशुचि[11] रुमुहुन्। मङ्द[8] त्रुस् शुचि[12] दलॅ रि हें॥

---

१. ला. औं।

२. लो. घणाकथये।

३. लो. शरास्वत्य।

४. लो. ततस्तु।

५. लो. दीर्घायुषा।

६. लो. सुकाश्रीया

७. लो. दर्शान्तनावृद्धिश्रीया।

८. लो. में दीर्घस्वरान्त है।

९. लो. जती।

१०. लो. सुश्रुषा।

११. लो. सुची।

१२. लो. सूची।

* * *

कवि टीका का अनुवाद

श्लोक १

१. भटार शिवजी का श्री गणों को यह (निहन्=निम्नलिखित) उपदेश है। भगवत्तनय (=तनय र संहुलुन्) का भटार को नमस्कार है। हन्त, कृपया भगवत्तनय को उपदेश दीजिए जिससे वह पञ्चदैवात्माओं के उद्भव के विषय में जाने। कहां से उनका उद्भव हुआ है। यह सब विनीत सेवक (=पतिक् संहुलुन्) को बतलाने की कृपा कीजिए ॥

२. ईश्वर उवाच। पुत्र गणपति तुम्हें दिया हुआ मेरा उपदेश ध्यान से सुनने योग्य है (अथवा, ध्यान से सुनो)। यह शून्य शब्द है। [अब शून्य का उपदेश आरम्भ होता है]। ओङ्कार से बिन्दु निकलता है। यह कुश के अग्र पर पड़े हुए ओसकरण के समान है [जो] सूर्य से प्रकाशित है, धूप के समान पवित्र है [और] जिसकी दीप्ति अतुलनीय * रूप से चमक रही (माभ्र) है। बिन्दु से पञ्चदैवत—ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, मैं (=शिव) और सदाशिव बने हैं। इस प्रकार से हे पुत्र, दैवात्माओं के उद्भव का स्वरूप है ॥

* अकरकर=जिसकी तुलना न हो, जिसके विषय में कुछ कहा न जा सके, अकथनीय।

३. गणपति उवाच। भगवत्तनय का [आपको] नमस्कार है। हन्त, पुनः भुवन के प्रकाश के विषय में कृपया उपदेश दीजिए जिससे आपका यह पुत्र अर्थात् मैं जान सकूं ॥

४. ईश्वर उवाच। पुत्र गणपति, अब मेरे उपदेश को सुनो। [जिसमें] भुवन के तत्त्व के विषय में कहूंगा। पञ्चदैवात्माओं से पञ्चतन्मात्र निकले। वे इस प्रकार हैं—ब्रह्मा से गन्ध निकली। विष्णु से रस निकला। रुद्र से रूप उद्भूत हुआ। मुझसे (अर्थात् शिव से) स्पर्श निकला। श्री सदाशिव से शब्द उत्पन्न हुआ ॥ और शब्द से आकाश निकला। इसका रूप 'य' के समान है। वर्ण शुद्ध स्फटिक जैसा है ॥ स्पर्श से वायु निकला। इसका रूप 'वी' के समान है। श्वेत 'अ' वर्ण है ॥ रूप से तेज निकला। इसका रूप 'नी' के समान है। वर्ण श्वेत, लाल [और] काला है ॥ रस से आपः निकला। इसका रूप 'ओ' 'म'-'ये', के समान है। इसका वर्ण कृष्ण है ॥ गन्ध से पृथिवी निकली। 'ओं' के समान इसका रूप है। वर्ण पीत है। इसका अक्षर नकार है। जीवन का शास्त्र ओङ्कार है ॥ पुनश्च पुत्र गणपति, पृथिवी से भूमि निकली। आपः से पानी निकला। तेज से आदित्य, चन्द्र [और] तारे निकले। वायु से आंधी (अङिन्=वायु) निकली। आकाश से स्वर निकला। [और] भुवन से स्थावर—तृण, तरु, लता, गुल्म, त्वक्सार, और जङ्गम—पशु, पक्षी, मीन, अघ्न्या (=गाय) निकली। ये भुवन के प्रकार हैं ॥

५. गणपति उवाच। भगवत्तनय का नमस्कार है। जैसा कि भुवन के तत्त्व के विषय में भटार का समस्त ज्ञान मुझे मिल गया है अब पुनः भटार के पुत्र को उपदेश दीजिए जिससे कि वह मनुष्य के उद्भव को भी जान जाए ॥

६. ईश्वर उवाच। पुत्र गणराज, मनुष्यों के उद्भव, देवों के उद्भव, तथा भुवन की उत्पत्ति में अन्तर नहीं है। क्योंकि मनुष्य [भी] बिन्दु से निकलता है [जो कि] ओंकार का प्रथम मूल है। इसका स्वरूप क्या है ? [वे] ब्रह्मा विष्णु शरीर बनाते हैं [जिन्होंने क्रमशः] पृथिवी और पानी बनाए हैं। रुद्र दृष्टि बनाते हैं [जिन्होंने] तेज बनाया है। मैंने अर्थात् शिव ने उश्वास बनाया है [जिसने भुवन की उत्पत्ति में] स्पर्श बनाया है। सदाशिव स्वर बनाते हैं [जिन्होंने] आकाश बनाया है। इस प्रकार से, हे पुत्र, आत्मा का, जो जन्म लेती है, स्वरूप है ॥

७. गणपति उवाच। भुवन और मनुष्य के काण्ड के विषय में भटार का समस्त उपदेश [मैंने] ग्रहण कर लिया है। अब पुनः भटार के पुत्र को (अर्थात् मुझे) शरीर तथा भुवन में दैवात्माओं के स्थान के विषय में उपदेश देने की कृपा कीजिए ॥

८. ईश्वर उवाच। तात गणाधिप, अब दैवात्माओं के शरीर में अस्तित्व-विषयक तुम्हें दिया हुआ मेरा यह उपदेश सुनना चाहिए। क्योंकि मनुष्य और भुवन एक [समान] हैं। जो जन्म (मनुष्य) है सो भुवन है। किस प्रकार। यदि भुवन का विषय है तो ब्रह्मा दक्षिण में रहते हैं, भूमि की रक्षा करते हैं। विष्णु उत्तर में रहते हैं, जल की रक्षा करते हैं। रुद्र पश्चिम में रहते हैं, सूर्य, चन्द्र [और] तारों की रक्षा करते हैं। मैं (=शिव) पूर्व में रहता हूं, वायु की रक्षा करता हूं। श्री सदाशिव मध्य में रहते हैं, आकाश की रक्षा करते हैं ॥ और यदि जन्मियों अर्थात् मनुष्यों का विषय है तो नाक के मार्ग से गन्ध को प्राप्त करने अर्थात् सूंघने में राग की रक्षा करने के लिए ब्रह्मा मूलाधार में स्थित हैं। जीभ के मार्ग से रस पाने में शरीर की रक्षा के लिए विष्णु नाभि में स्थित हैं। आंखों के मार्ग से ज्ञान प्राप्त करने में जाग्रत् की रक्षा करने के लिए रुद्र हृदय में स्थित हैं। शब्द करने वाले मुख के मार्ग से सुषुप्त की रक्षा-हेतु मैं कण्ठ में स्थित हूं। कर्ण के मार्ग से स्वर ग्रहण करने में सर्वज्ञान की रक्षा के लिए श्री सदाशिव जिह्वाग्र में स्थान लेते हैं। इस प्रकार से महान् भुवन और शरीर में दैवात्माओं की स्थिति है ॥

९. गणपति उवाच। भगवत्तनय की प्रार्थना है कि अब पुनः अपने विनीत सेवक को इन सब के विषय में, जो मूलाधार और नाभि, हृदय, कण्ठ, जिह्वाग्र कहलाते हैं, पृथक् पृथक् (पतुङ्गलन्=एक एक करके) बताइए, जिससे भटार का पुत्र ज्ञान पा सकें ॥

१०. ईश्वर उवाच। पुत्र गणपति, अब [उस] तत्त्व के विषय में जो मूलाधार कहलाता है, मेरे उपदेश को ध्यान से सुनो। इसका स्थान पायु और उपस्थ के बीच में है। वर्ण अरुण जैसा है। चतुष्कोण [अर्थात्] चार कोने हैं। इसके मध्य में छोटे छोटे आठ कमल के फूल हैं। कमल के फूल के मध्य में मणि है [जिसका] वर्ण विद्युत् के समान है। विद्युत्सम मणि के मध्य में ओंकार है, [जो] वायु का मूल है। [यह] सीधा शिवद्वार तक जाता है। शिवद्वार से सीधा नासिका तक जाता है। नासिका से सीधा जिह्वाग्र तक, सप्तद्वार को बन्द करने के लिए जिसका स्थान कण्ठ में है। कण्ठ से हृदय तक जाता है (मसुक्=प्रवेश करता है), समस्त शरीर को भरने के लिए। इस प्रकार से मूलाधार का वर्णन है ॥ मूलाधार के ऊपर नाभि है। १२ अङ्गुल की दूरी पर।

वर्ण (रूप होना चाहिए) छोटे छोटे दस कमल पुष्पों के समान है। फूलों के मध्य में सद्यउदित सूर्य सा है। इस सद्यउदित सूर्य के मध्य में अमृत है। यह उसुस्(bowels?)और पङ्रितन् (intestines?) के लटकने का स्थान है ॥ नाभि के ऊपर अष्टाङ्गुलि की दूरी पर हृदय है। वर्ण ३१ छोटे कमल पुष्पों के, जो अग्नि से आच्छादित हैं, समान है। अग्नि के मध्य में सूर्य है। सूर्य के मध्य में चन्द्र। चन्द्र के मध्य में शुक्लवर्ण है [जो] तारों के समान है। शुक्ल के मध्य में प्राणवायु [और] प्राण में अर्थात् प्राण के मध्य में प्राणलिङ्ग है ॥ हृदय से ऊपर १२ अङ्गुलि की दूरी पर कण्ठ है। इसका वर्ण १० छोटे श्वेत कमलपुष्पों के समान है। श्वेत कमल-पुष्प के बीच में विन्तॅन् (=श्वेतमणि ?) सदृश है ॥ और कण्ठ के ऊपर १२ अङ्गुलि की दूरी पर जिह्वाग्र है। पञ्चवर्ण मुकुलित कमल के सदृश है। मुकुलित कमल के मध्य में बिन्दुसारमणिक् है। बिन्दुसारमणिक् के मध्य में शुद्ध स्फटिक है। शुद्ध स्फटिक के मध्य में शून्य निर्वाण है। इस प्रकार से पञ्चवर्ण का स्वरूप है ॥

११. गणपति उवाच। भगवत्तनय का नमस्कार है। मुझे भटार ने अत्यन्त उपदेश दिया है। अब आगे उपदेश देने की कृपा कीजिए। उन्होंने सब मनुष्यों को किस संगम के समय में और क्यों उत्पन्न किया। यह अपने पुत्र मुझको बताइये ॥

१२. ईश्वर उवाच। ए पुत्र गणपति, पुत्र तुम ऐसा क्यों सोचते हो कि जन्मी अर्थात् मनुष्य "समजन्म" उत्पन्न हुए। तात (ककि), ऐसा नहीं है केवल साधन स्वरूप है जो उसे बनाता है। रूप से जो कि बहुत सूक्ष्म है, सङ्गम निकलता है। शुक्ल में रहते समय आत्मा का यही प्रयोजन (कार्य) है। इसका वर्ण शुद्ध स्फटिक मणिक् के सदृश है। [शुक्ल] ओङ्कार से उद्भूत प्रधान अङ्ग से निकलता है, और रूप भी माता के गर्भ में साथ-साथ बनता है। इसकी प्रकृति लाल होती है। यहीं पिण्डाकृति बनती है। क्योंकि ओङ्कार से आच्छादित शुक्लशोणित वर्णों के सभी वर्ण सूक्ष्मरूप बन जाते हैं। [सूक्ष्मरूप] ओङ्कार से बना है ॥

१३. उसके बनने का क्रम इस प्रकार है— एक मास में झाग बनती है [जो] दूध (?) बन जाती है जिसका वर्ण श्वेत (? किन्लॅ) है। तीन मास में वह दूध एक अण्डे का रूप ले लेता है। इसका वर्ण रक्त होता है और वह रुधिर बन जाता है। चार मास में वह अण्डे शिव-लिङ्ग बन जाता है। सूक्ष्मरूप और ओङ्कार से भर जाने पर मध्य में आदरणीय मनुष्य (गोरो वों) [प्रवेश करता है]। पांच मास में वह शिवलिङ्ग मायारेखा बन जाता है। छः मास में वह मायारेखा अग्नि बन जाती है। सात मास में वह अग्नि पीला सा बच्चा बन जाता है। आठवें मास में इस पीले से बच्चे से ओङ्कार से उच्छ्वास निकलता है, और साथ ही साथ (पऋ ?) हड्डियां, नख, और बाल बनते हैं। दसवें मास में इनका योग पूरा हो जाता है। निश्चय ही [तब वह] माता के गर्भ से निकलता है। तात गणपति, इस प्रकार से [मनुष्य के बनने] का क्रम है ॥

१४. गणपति उवाच। भगवत्तनय नमस्कार करता है। अब भटार के वरानुग्रह को कृपया चलने दीजिए। स्वामी के पुत्र को कृपया समझाइए कि गर्भ में जब बालक रहता है तब से वृद्धावस्था तक उसे कौन जीवित रखता है ॥

१५. ईश्वर उवाच । ओं, पुत्र गणाधिप यदि तुम चाहते हो कि तुमको ज्ञात हो तो पुत्र संशय मत करो । अब मैं तुम्हें शिवलिङ्ग नामक तत्त्व के विषय में उपदेश दूंगा । शिव ओङ्कार और लिङ्ग शुक्लशोणित कहलाता है । शिव और लिङ्ग परस्पर दृढता से जुड़े हैं । [ये] मिश्रित हैं और अमिश्रित भी । इनका जीवन सूक्ष्मरूप है । दस मास तक शून्य उसे जीवित रखता है । और उसके निकलने के समय निर्वाण उसे जीवित रखता है । [और जब वह] माता पिता को बुलाना जान जाता है तब निर्वाण लुप्त हो जाता है । जीव उसे जीवित रखने के लिए निकलता है । वृद्धावस्था में (जब) वह जीव नष्ट हो जाता है (तब) उसे जीवित रखने के लिए आत्मा निकलती है । यह जीवन के विषय में सब कुछ है ।।

१६. गणपति उवाच । भगवत्तनय का नमस्कार है । भटार के पुत्र को कृपया उपदेश दीजिए कि जीवन के नष्ट होने पर उसका मार्ग किस ओर जाता है । यह सब अपने विनीत सेवक को बताइए ।।

१७. ईश्वर उवाच । भो पुत्र गणपति, मुझसे पूछा गया तुम्हारा यह प्रश्न अत्यन्त महाभार है । तुम्हारा गुणविषयक प्रश्न असीम ऊंचा है, गम्भीर (अञ्जो) और अननुसरणीय (न्दतन् कतुतुगत्) है । अब तुम्हें ध्यान से इसका रस लेना चाहिए । अब मैं उपदेश देता हूं । आत्मा का नाश होने पर वह जीव में प्रवेश करता है । जीव का नाश होने पर वह निर्वाण में प्रवेश करता है । निर्वाण नष्ट होने पर शून्य में प्रवेश करता है । शून्य नष्ट होने पर सूक्ष्मरूप में प्रवेश करता है । सूक्ष्मरूप नष्ट होने पर सं ह्यं ञमुत् म्ङा (?) में जिसका स्थान आकाश के अग्र में है, प्रवेश करता है । आदरणीय ञमुत् म्ङा के नाश होने पर वह निष्कल के सार में चला जाता है ।।

१८. गणपति उवाच । भगवत्तनय का नमस्कार है । भटार के पुत्र को यह पूछते हर्ष ह'ता है (?) कि आकाश का अग्र, जो कि सं ह्यं ञमुत् म्ङा का स्थान है, कहां है ? हन्त, कृपया अपने सेवक को उपदेश दीजिए ।।

१९. ईश्वर उवाच । भो पुत्र गणपति, वह जो आकाश का अग्र कहलाता है लिङ्गनाद में है । यह एक मार्ग जो पुरुष का मार्ग कहा जाता है, बन्द है । यही शिवात्मा का मार्ग है । और यदि तुम्हारी मृत्यु हो जाए तो नाभि में से कुछ निकलता है जिसका रूप धुएं के समान होता है । शिवात्मा नाभि से निकल कर शिवमण्डल में जाता है । शिवमण्डल वह कहलाता है जहां सुख के पश्चात् दुःख नहीं होता, अच्छाई के पश्चात् बुराई नहीं आती । यहां पहुंचने पर कोई स्वभाव नहीं रहता । यही शिवमण्डल है ।। और पञ्चात्माएं ये हैं, यथा आत्मा, परात्मा, अन्तरात्मा, निरात्मा, शून्यात्मा । ये शिवात्मा में एकत्र हो जाती हैं । शिवात्मा अन्तर (?) तक उस मार्ग को खोल देती है जो पहले बन्द था । उसका (अन्तर का) वर्ण चमकते हुए स्वर्ण के समान है । यह सबसे अच्छा मार्ग है । यही ...(अरः अरः ?) मार्ग है । दूसरे मार्ग पर मत चलो, चाहे (?) तुम्हारी मृत्यु आ जाए । पुत्र, असावधान मत होओ, क्योंकि यह महान् रहस्य है ।।

२०. गणपति उवाच । भगवत्तनय का नमस्कार है । अब एक बार पुनः उपदेश देने की कृपा कीजिए, जिससे आपका पुत्र भली भांति जान जाए ।।

२१. ईश्वर उवाच । ओं, पुत्र गणपति, अब मैं आत्मा के विषय में अपने पुत्र को उपदेश दूंगा । इसके विषय में ये श्लोक और उसके पदार्थ हैं ।।

श्लोक २

पुत्र गणपति, आत्मा का निम्न क्रम है । यथा—श्वास, निःश्वास, संयोग । श्वास का अर्थ है—जो वायु ऊपर है । निःश्वास का अर्थ है—जो वायु नीचे है । संयोग का अर्थ है—दोनों वायु । इन तीनों का पिण्ड आत्मा कहलाता है । वह त्रिशिव है । वह त्रिपुरुष है । और यह जो एकात्मा है वह महाशून्य है । जब तीनों आत्माएं मिल कर (मपिसन्) एक हो जाती हैं (अतुङ्गल्) तब ये "आत्मा" कहलातो है ।। पुनश्च, पुत्र गणपति, [इनके विषय में] यह उपदेश कहलाता है । यथा—

श्लोक ३

निम्नलिखित षडङ्गयोग है । पुत्र गणपति, तुम्हें इन्हें जानना चाहिए । ये इस प्रकार हैं—प्रत्याहारयोग, ध्यानयोग, प्राणायामयोग, धारणयोग, तर्कयोग, समाधियोग ।।

श्लोक ४

प्रत्याहारयोग का अर्थ है—सब इन्द्रियां आकृष्ट होने पर उन्हें उनके विषयों को मत दो । ... । उसके विषय समाप्त हो जाएंगे । यही प्रत्याहारयोग कहलाता है ।।

श्लोक ५

ध्यानयोग का अर्थ है—वह मन जो दुविधारहित है, विकारहीन है, ध्यान में रत है, निश्चञ्चल, स्थिर, आवरणरहित है । एकचित्तानुस्मरण अर्थात् एक चित्त से ईश्वर का स्मरण इसका लक्षण है । यह ध्यानयोग कहलाता है ।।

श्लोक ६

प्राणायामयोग का अर्थ है—सब द्वारों अर्थात् आंख, नाक, कान, मुख को बन्द कर दो । तब पहले वायु को [भीतर] लो, [फिर] मूर्धा से बाहर निकलने दो । और जब वह अन्त में दारक (? अर्थात् असह्य) हो जाए तो दोनों नासिकाओं से धीरे धीरे (न्दन् पहलोन्) बाहर निकलने दो । यह प्राणायामयोग कहलाता है ।।

श्लोक ७

धारणयोग का अर्थ है—ओङ्कार प्रणव हृदय में है । इसको धारण करना चाहिए । योग के समय निःश्वास को दृढतापूर्वक धारण किए रहो जब तक [शब्द] सुनना बन्द न हो । भटार का शरीर शून्यशिवात्मक है । यही धारणयोग कहलाता है ।।

श्लोक ८

तर्कयोग का अर्थ है—परमार्थ आकाश के समान है [क्योंकि] उसमें कोई गति नहीं है । क्योंकि

यह (=परमार्थ) शब्दहीन है। यह परमार्थ का लिङ्ग (लक्षण) है, [इसलिए] आकाश से भेद (?) है। सत्य ही शुद्धता में [आकाश से] इसकी समानता है (?) ॥

श्लोक ९

समाधियोग का अर्थ है—वह ज्ञान जो निरुपेक्ष है, कल्पनारहित है, जिसमें अहंकार नहीं (अकु=मैं), जिसमें कोई इच्छा नहीं रहती। उसका कोई साध्य नहीं है, वह पवित्र है, आवरणरहित है। यह समाधियोग कहलाता है'।

श्लोक १०

हृदय के मूल के बीच में वह तिक्त (?) (अम्प्रु bile) कृष्ण है। उसकी कालिमा क शिखर पर सं ह्यं लोकनाथ है। यह भटार शिव का स्थान है ॥

श्लोक ११

द्विज के स्वलिङ्ग और परलिङ्ग बनाने का कारण यह है कि वह स्वयं कर्ता के शरीर को दूसरों के हृदय से भिन्न नहीं मानता। स्वलिङ्ग होते हुए भी वह ब्रह्माधि में सर्वभूतों में लीन हो जाता है। यही कारण है कि वह स्वलिङ्ग को [परलिङ्ग में] प्रलीन कर देता है ॥*

*अनुवाद बहुत अनिश्चित है।

श्लोक १२

अतः आत्मा के स्थान का उपदेश किया जाता है। आत्मा बाहर निकलने के लिए शरीर चाहती है। इसलिए तुम्हें पहले इसकी पूजा करनी चाहिए। यह आत्मलिङ्ग है। ऐसा पण्डित कहते हैं ॥

श्लोक १३

[पण्डित] कहते हैं कि कोई भी लिङ्ग सं ह्यं आत्मलिङ्ग के समान नहीं है। वही एकमात्र (तुङ्गल्) विशेष है। सहस्रों दूसरे लिङ्ग उससे परास्त हैं, यतः वह विशेष लिङ्ग है ॥

श्लोक १४,१५

एक सहस्र स्वर्णलिङ्ग एक आत्मलिङ्ग के समान नहीं हैं। यद्यपि अक्षिलिङ्ग संख्या में एक सहस्र हों वे शिवलिङ्ग के समान नहीं हैं। सं ह्यं आत्मलिङ्ग कहलाने का कारण यह है कि ओङ्कार और त्र्यक्षर मनःस्थित लिङ्ग से इसका उद्भव होता है। वह महोत्तम शिवलिङ्ग है ॥

श्लोक १६

द्विजों के देवताओं का स्थान पानी में है। ऋषियों के देवता स्वर्ग में रहते हैं। और लोक में देवता का स्थान अर्चलिङ्गप्रतिमाशिला है। और जो ज्ञानी है सं ह्यं आत्मा उसका देवता है ॥

श्लोक १७

फिर साधक है जो परलिङ्ग बनाकर मूर्खता से [उसी की] अर्चना करता है। वह थोड़े फल को पाता है ॥

श्लोक १८

हृदय (परुपरु=फुप्फुस) जिसका नाम कमल है [देवताओं का] स्थान (पर्यङन्) कहलाता है। वह दिव्य है। भटार शिव की वहां प्रतिष्ठा है ॥

श्लोक १६

जो तिक्त है उसका प्रमाण अङ्गुष्ठ है। भटारेश्वर का प्रभाव (प्रभा ?) स्फटिक के समान है। यह शरीर आवास के तुल्य है। इसमें भटार का नित्यशः चिन्तन करना चाहिए ॥

श्लोक २०

तब मूर्ख अपनी जाति (स्वभाव, सत्य) को कहता है। उसके अनुसार तिक्त दो प्रकार का है। एक अङ्गुष्ठ उसका प्रमाण है। किन्तु वह सप्तद्वीप के तुल्य है। अतः इसका नाम सप्तद्वीप है। एवं यह भटारेश्वर है। इसका प्रभाव व्यापक नहीं है। यह मूर्ख का वचन है।......

श्लोक २१

अर्थात् (कलिङन्य) श्री विष्णु का स्थान ब्रह्मा के बाईं ओर है। भटार शिव मध्य में रहते हैं। संक्षेप से ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वर-शरीर वाले भटार हैं। यह श्री लिङ्ग का उद्भव है।......

श्लोक २२

एवं सूक्ष्म हृदय का सूक्ष्म है। भटार शिव वहां रहते हैं। वे ज्ञान के द्वारा जाने जाते हैं। भटार सदाशिव के विषय में ऐसा कथन है ॥

श्लोक २३

हृदय में भटार सदाशिव का स्थान है। हृदय के अन्त में गुह्यालय है। वह अत्यन्त सूक्ष्म है शून्यातिशून्य है। छोटे से भी छोटा है। यह परमकैवल्य निःश्रेयस कहलाता है। वहां सुखदुःख का स्थान (कहनन्) नहीं है ॥

श्लोक २४

अन्तर्हृदय में भटार का स्थान है। चतुर्दशाक्षरों की शरण लेकर तुम सदा उसकी पूजा करो। ये इस प्रकार हैं—सं बं तं अं इं नं मं शिं वं यं अं उं मं ओं। ये चतुर्दशाक्षर खिले हुए पुष्प कहलाते हैं। इनमें निरन्तर मधुर सुगन्ध है। ये नित्य सदाकाल तुम्हारी पूजा की सामग्री हैं ॥

श्लोक २५

अर्थात् निष्कल नाद को उत्पन्न करता है। नाद से बिन्दु निकलता है। बिन्दु से अर्धचन्द्र निकलता है। अर्धचन्द्र से विश्व उत्पन्न होता है। भ्रमण इसका लक्षण है। विश्व सं ह्यां प्रणव कहलाता है। और सं ह्यां प्रणव वस्तुतः ओङ्कार है ॥

श्लोक २६

यह विश्व अर्धचन्द्र से संयुक्त होता है। और बिन्दु नाद से। यह प्रणव (=विश्व) अर्धचन्द्र और बिन्दुनाद जब एक हो जाते हैं तब अन्त में (परिणामतः) ओङ्कार बन जाता है ॥

श्लोक २७

विश्व अर्धचन्द्र में प्रवेश करता है। अर्धचन्द्र बिन्दु में लीन होता है और यह बिन्दु नाद में प्रवेश करता है। यह तत्त्व का लक्षण (अर्थात् क्रम) है। तथा च नाद निष्कल में लौट आता है। निष्कल मायातत्त्व कहलाता है। प्रधान नाद के लौटने का स्थान है। और निष्कल शून्यान्तर में लौट आता है। शून्यान्तर अत्यन्तशून्य में—जो कि निष्कल के लौटने का स्थान है—लौट आता है ॥ एक पुत्र गणपति, ये प्रणव की उत्पत्ति स्थिति प्रलीन [की अवस्थाएं] कहलाती हैं ॥

श्लोक २८

यह जो इं है वह शिव कहलाता है। शिव से आत्मा बं (अर्थात् जिसका बीज बं है) निकलती है। आत्मा से प्रकृति सं निकलती है। प्रकृति से आदित्य तं निकलता है। आदित्य से अग्नि अं निकलता है। इस प्रकार पञ्चब्रह्म की उत्पत्ति है। इं बं सं तं अं उसका क्रम है ॥

श्लोक २९

सं प्रथम तत्त्व है। बं उसका अनुसरण करता है (=तुमूत्)। फिर तं। फिर अं। फिर इं। पञ्चब्रह्म की यह स्थिति है। सं बं तं अं इं इसका क्रम है ॥

श्लोक ३०

अं के पश्चात् तं सं बं इं आते हैं। यह पञ्चब्रह्म की प्रलीन (अवस्था) है। अं तं सं बं इं इसका क्रम है ॥

श्लोक ३१

ये जो सं और बं, ये अकार बन जाते हैं। तं और अं उकार बन जाते हैं ॥

श्लोक ३२

ईशान इं मकार बन जाता है। इस प्रकार ये पञ्चब्रह्म त्र्यक्षर बन जाते हैं। इन त्र्यक्षरों का संयोग ओङ्कार बन जाता है। इसकी व्यक्ति (अर्थात् स्पष्टीकरण) इस प्रकार है—अ मध्य स्वरूप है, म ऊपर रहता है, और उ नीचे रहता है। इस प्रकार इन तीनों अक्षरों का मिल कर ओङ्कार बन जाता है ॥

श्लोक ३३

यं वं शि मं नं पञ्चाक्षरों की उत्पत्ति है। शि बं मं नं यं पञ्चाक्षरों की स्थिति है। नं मं शि वं यं पञ्चाक्षरों का प्रलीन है ॥

श्लोक ३४

नमः लोप होकर अकार में प्रवेश करता है। फिर दूसरी बार में शिवा उकार में प्रवेश करता है ।।

श्लोक ३५

तीसरी बार में यकार का लोप होकर मकार बनता है। अकार और उकार लोप होकर ओकार बन जाता है ।।

श्लोक ३६

अर्थात् मकार लोप होकर अकार के ऊपर बिन्दु बन जाता है। यह पञ्चब्रह्म और पञ्चाक्षरों की उत्पत्ति, [स्थिति], प्रलीन का क्रम है ।।

श्लोक ३७

सर्वप्रथम मकार, अ और उ उसके पश्चात् आते हैं। त्र्यक्षरों की यह उत्पत्ति है। मं अं उं यह उनका क्रम है। यह स्वर्ग का कारण है ।।

श्लोक ३८

सर्वप्रथम अ, फिर उ, फिर म। सं ह्यं त्र्यक्षर की यह स्थिति है। अं उं मं यह क्रम है। यह स्वर्ग का कारण है ।।

श्लोक ३९

सर्वप्रथम उकार, फिर अ, फिर म। त्र्यक्षर की यह प्रलीन (अवस्था) है। उं अं मं यह स्वर्ग का कारण है ।। उ तथा अकार अर्धचन्द्र बिन्दु में लीन हो जाते हैं। मकार नाद में लीन हो जाता है और नाद शून्य में विश्राम पाता है। इस प्रकार पूरे चतुर्दशाक्षर-पिण्ड का क्रम है ।।

श्लोक ४०

भेदज्ञान इस प्रकार है। पुत्र, मैं तुम्हें [इसके विषय में] उपदेश दूंगा। क्योंकि यह परमरहस्य है। तथा च भुवन में इसका रहस्य छिपा है। यह क्या है? यह शरीर का रहस्य है। इस में सन्देह नहीं कि इसके जान लेने से अन्त में शिवपद मिलेगा ।।

श्लोक ४१

अर्थात् देवशरीर में अस्तित्व और मोक्ष [दोनों] सुखकारी हैं। पण्डितों ने (इस रहस्य) को ढूंडा है। यह ज्ञान आदि मध्य और अवसान युक्त जन्म का रहस्य है। इसका मैंने तुम्हें निःशेष उपदेश दिया है क्योंकि यह बहुत अधिक परमविशेष है ।।

श्लोक ४२

तथा च वह शिष्य जिसे भेदज्ञान का उपदेश दिया जा सकता है [उसे ऐसा होना चाहिए]।

श्रद्धा ही जिसका धन है (कवि में अशुद्ध व्याख्या है—धन में जिसकी श्रद्धा है), जो जितेन्द्रिय है, और जो निश्चय ही धर्म करने की इच्छा करता है, जो व्रतपाल है, और जिसकी गुरु में भक्ति है। इस प्रकार का शिष्य सं ह्यं भेदज्ञान का उपदेश देने के योग्य है ॥

श्लोक ४३

मोक्ष में पुरुष के तीन लक्षण हैं। सकल, केवलशुद्ध और लीनत्व होना। उस (पुरुष) के विषय में कहा जाता है कि वह इस प्रकार का है अर्थात् उपरिलिखित तीन लक्षणों अर्थात् अवस्थाओं वाला है ॥ सकल का अर्थ है त्रिगुण उसके शरीरस्वरूप हैं। केवलशुद्ध का अर्थ है—उसने भुक्ति (अर्थात् भोग करना) छोड़ दिया है। लीनत्व होने का अर्थ है—वह त्रिगुणों से मुक्त हो गया है। मनोविज्ञान उसका शरीर है। वह शुद्ध है। मनोविज्ञान के नष्ट होने पर उसका विकल्प करना समाप्त हो जाता है। वह योगी कहलाता है। शून्याकार कैवल्य। उसकी भुक्ति में कोई इच्छा नहीं रहती। [इस अवस्था में] वह निर्मलशिव माना जाता है ॥

श्लोक ४४

इसके अनन्तर जब मनोविज्ञान में उसकी एकाग्रता भली भांति हो जाती है [तब] वह निर्विषय, शुद्ध, विकल्परहित, शून्यरूप तथा पवित्रमन हो जाता है। वह परमशुद्ध कहलाता है। क्योंकि वह पवित्र और सदा सूक्ष्म है, अनाच्छादित (?) है। अपने शरीर में स्नेह नहीं है अर्थात् स्वार्थी नहीं है। ये उसके लक्षण होने चाहिएं (?) ॥ संक्षेप से, वह ज्ञानी शुद्ध और विमल है। मोक्ष का शून्याकार मन की अपेक्षा कोई दूसरा अच्छा मार्ग नहीं है। अन्त में (अथवा परिणामतः) लीन के समय आत्मा कैवल्य-मुक्त हो जाती है। यह (अवस्था) पूर्वान्धिकोटि कहलाती है। क्योंकि (इस समय) वह फलभुक्ति और कर्म की चिन्ता नहीं करता। यही कारण है कि वह निर्वाण पा जाता है। यह पण्डितों का कथन है ॥

मुक्त होने के कौन कौन से साधन हैं ? मोक्षचित्त पुरुष के (लिए) तीन विशेष साधन हैं। उसके मुक्ति पाने के प्रसिद्ध साधन इस प्रकार हैं—वैराग्यादित्रय, परारोग्य, और ध्यानादित्रय ॥ वैराग्यादित्रय: बाह्यवैराग्य, परवैराग्य और ईश्वरप्रणिधान ॥ बाह्यवैराग्य का अर्थ है—विरति। विरति का अर्थ है कि भिक्षु संसार में विदग्ध है। परवैराग्य का अर्थ है कि भिक्षु वीतराग है। वीतराग भिक्षु का अर्थ है वह भिक्षु जिसने सुख भोगना छोड़ दिया है ॥ ईश्वरप्रणिधान का अर्थ है योगप्रवृत्ति होना। योगप्रवृत्ति होने का अर्थ है भिक्षु जप करने में दृढ है ॥

तथा च ध्यानादित्रय ये हैं—प्राणायाम करना, धारण करना, समाधि लगाना। प्राणायाम करने का,जो कि रहस्य की कुञ्जी है, अर्थ है—निःश्वास को वश में करना। धारण का अर्थ है प्रवणज्ञानैकता अर्थात् चित्त की एकाग्रता। समाधि का अर्थ है—निर्व्यापार ज्ञान। निर्व्यापार ज्ञान का अर्थ है—ज्ञानोपदेश को बिना किसी आवरण के स्मरण रखना। ये उपरिलिखित साधन हैं जिनसे भेदज्ञान को पाया जा सकता है ॥

श्लोक ४५-४७

स ह्य सदुद्भ्रान्ति (अर्थात् सन्मार्ग पर चलना) मोक्ष है। व्युद्भ्रान्ति (अर्थात् विपरीत भटकना) पुनर्भाव है। परममन्त्र इनके बीच निर्णयाधिकारी (?) है। उस (परममन्त्र) का त्र्यक्षरसहित क्रम है। यदि तुम्हारे द्वारा किया गया लक्षण अर्थात् आचरण ठीक है तो तुम सदुद्भ्रान्ति पाओगे। यदि ठीक नहीं है तो व्युद्भ्रान्ति पाओगे ॥ परन्तु उसके (सदुद्भ्रान्ति के) बहुत मार्ग हैं। [तुम] किसी एक को प्रधान मान लो। जिस प्रकार से। अर्धचन्द्र बिन्दुनाद का शब्द सुनो। अब से लेकर मृत्यु तक निस्तृष्ण होकर उस पर विश्वास करना मत छोड़ो। सन्धिसहित [त्र्यक्षरों का] समस्त क्रम नाभि के मूल में बन्द है। ये जब बन्द हो जाएं तब धारण वायु से सर्वद्वार भी [बन्द कर लेने चाहिएं]। यह प्राणायाम कहलाता है। अपने निर्ज्ञान को बन्द कर दो। किसी प्रकार का व्यापार (हिलना डुलना) मत करो, यदि भलाई चाहते हो। इस प्रकार आत्मा प्रणव मार्ग द्वारा द्वादशाङ्गुलस्थान तक सीधी चली जाती है। यह निष्कल कहलाती है। यह भटार परमशिव के समान है। [और जब] यह वहां से निकल जाती है [तब] मोक्ष होता है ॥

श्लोक ४८

द्वादशाङ्गुलस्थान से मुक्त हो जाने के अनन्तर आत्मा योग्य हो जाती है और परमशिवतत्त्व बन जाती है। [जब] आत्मा का स्वरूप नहीं रहता [तब] उसकी स्थिति इस प्रकार है—वह शून्य केवल है। फिर परमशून्य बन जाता है। इसलिए जो मोक्ष चाहता है उसे इसका क्रम जानना चाहिए। ये साधन हैं जिनसे सं ह्यं महाज्ञान पाया जा सकता है ॥

श्लोक ४९

तथा च धीरज्ञान के अवसानस्वरूप प्राणायाम से रहस्य कुञ्ची का आवरण (?) करना ही सन्धि है। व्यापार मत करो (अर्थात् मत हिलो डुलो)। ऐसा क्यों। क्योंकि आत्मा को तत्काल ही शरीर से निकलने में सफलता नहीं मिलेगी यदि निर्मल मन का आधार न होगा। उसका फल सिद्ध नहीं होगा ॥

साधक को ये (निम्नलिखित) और कार्य करने चाहिएं। पूर्वमुख होकर उपचार-सहित शील करे (=आसन लगाए), पूजा करे। सदा अग्रनासिक रहे जो कि शिव का साधन है अर्थात् शिव के समान ही सदा अग्रनासिका (पर दृष्टि वाला) रहे। पहले प्राणायाम करे। नाक के अग्रभाग पर सीधा देखे। दक्षिण घ्राण के मार्ग से हृदय तक प्रवेश करे। भटार ब्रह्मा का ध्यान करे जो चतुर्मुख, त्रिनयन, चतुर्भुज तथा रक्तवर्ण है। हृदय में "अ ओं अं ब्रह्मणे नमः" इस ध्यान की प्रतिष्ठा करे। यह रेचक है ॥

तथा वाम घ्राण के मार्ग से शुद्ध वायु को निकालो। हृम्प्रु (?) में भटार विष्णु का ध्यान करो जो त्रिनयन, चतुर्भुज और कृष्णवर्ण है। हृम्प्रु में "ओं उं विष्णवे नमः" इस ध्यान की प्रतिष्ठा करो। यह पूरक है ॥

फिर दोनों घ्राणों से अपनी वायु अन्दर खींचो। देर तक उसे धारण किए रहो। फुप्फुस तक ले

आग्रो । भटार ईश्वर का ध्यान करो जो त्रिनयन, चतुर्भुज और श्वेतवर्ण है । "म ओं मं ईश्वराय नमः" । यह कुम्भक है । यह सब कर लेने पर चतुर्दशाक्षर प्रणवमन्त्र का जप करो । ओं सं वं तं अं इं नं मं शि वं यं अं उं मं ओं—इनको बोलते समय कोलाहल मत करो । इस प्रकार कर लेने पर...लजु (?) वह (भ्रुवों के मध्य में) भस्मबीज अर्थात् अक्षत के दाने, और चन्दन [का प्रयोग करता है] । यह प्राणायाम संक्षिप्त पूजा है .(अथवा यह प्राणायाम पूजा की संक्षिप्त विधि है) ॥

और विफल की ये क्रियाएं हैं । ये चार प्रकार की हैं—निःस्पृह, निर्वाण, निष्कल, निराश्रय । इनमें से प्रत्येक का यह वर्णन है । निःस्पृह का अर्थ है—जिसका कोई साध्य नहीं है ॥ निर्वाण अर्थात् बिना शरीर वाला है । कोई साध्य नहीं है ॥ निष्कल का अर्थ है—सर्व अभावों का समूह होना अर्थात् अभाव ही अभाव होना । (किसी के द्वारा) शासित नहीं है । बिना रूपवर्ण वाला है । स्थानरहित है । यही स्थान है जहां भटार और आत्मा का एकत्व होता है । [आत्मा] सदा भटार के शरीर में मिश्रित रहती है ॥ निराश्रय का अर्थ है कि वह सर्वज्ञान और कल्पना से मुक्त है । क्योंकि वह निष्कल का सार है ॥ मर्य (?) का अर्थ है आत्मा । क्योंकि वह वस्तुत्व से रहित है, सर्वभावों से मुक्त है, निर्लक्षण है । वह परम अलौकिक है ॥

अब वह साधक जानता है कि यह इस प्रकार है । फिर भी उसे ऐसे मनुष्य का व्यवहार करना पड़ता है जिसने अपने जीवनकाल में लौकिक का संग्रह किया हो । जिससे वह लक्षण के सब रसों तथा लक्षण के विफलों को पा सके ॥

श्लोक ५०

इस प्रकार पण्डित पहले लौकिक कार्य करता है । लौकिक का क्या अर्थ है । वे दीक्षाविधिविधान जो लोक में फैले हैं (अग्लरक्न) तत्पश्चात् वह परमकैवल्यज्ञान को करता है । यदि वह ऐसा है तो वह परमपण्डित कहलाता है । वह चतुर्विफल करने में समर्थ हो जाता है । व्यक्त है कि तुम मोक्षपद को पाओगे। निश्चय ही तुम पुनः जन्म को लौट कर नहीं आओगे, वस्तुरहित अर्थात् आकाररहित होने के कारण । क्योंकि इस सुख-विशेष की भुक्ति की कोई सीमा नहीं है ॥ ये निम्नलिखित साधन हैं जिनके द्वारा चतुर्विफल को पाया जा सकता है । असावधान मत होओ क्योंकि यह मृत्यु के अन्त का वास्तविक रहस्य है ॥

मोक्षज्ञान अप्रमेय (तन् पहडॅनाडॅनन्=वृहस्पतितत्त्व श्लोक ६) है, कैवल्यमुक्त है । निर्दोष वह पुरुष "कैवल्य" (होने के कारण) निराश्रय है । साधक (ऐसे) मोक्ष की इच्छा करता है । यदि तुम दीर्घ जीवन चाहते हो तो मन्त्रोच्चार करो—नाभि में 'अं' और मस्तिष्क में 'अः' का ॥ यदि तुम्हारी मृत्यु आ जाए तो 'अः' का नाभि में और 'अं' का मस्तिष्क में (मन्त्रोच्चार करो) । इसमें गड़बड़ मत करो, यह बहुत भयानक है । कां कां कां, अः अः अः । यह मोक्ष का परमज्ञान है । ओं शून्य । मोक्षज्ञान विघ्न-रहित है । शिवाङ्कित से इसकी दूरी १२ अंगुल है । शिवाङ्कित का अर्थ है—शिवलिङ्ग । शिवलिङ्ग का अर्थ है—...(?) ॥

तथा च परं ब्रह्म अं अः है । सद् और असद् के विषय में सोचा गया यह ज्ञान केवल, स्थायी (?)

निराकार है। उसका शब्द अं शरीर तथा नवद्वारों में भी व्याप्त है। अन्त में शरीर शून्यरूप है। इस अवस्था में वह सूर्यस्मृति कहलाता है। अः—वायु का शरीर से निकलना है। इस अवस्था में शरीर चन्द्ररूप है। शरीर की वायु के निकलने पर अन्त में शरीर सौम्य, स्वच्छ और विमल हो जाता है। यह शान्तचन्द्र कहलाता है। इस अवस्था में वह निरमृति है॥

तथा च, सूर्यस्मृति और चन्द्रस्मृति के स्थान में प्रणवज्ञान उत्पन्न होता है। परं ब्रह्म और प्रणवज्ञान को मिलाना नियत अर्थात् निश्चितरूपेण ज्योतीरूप को उत्पन्न करता है। यह हल्का, सदाकाल, विमल [और] निरावरण है, जिसका तेज मणि के समान है, जिसकी अवधि एक देश है (अर्थात् असीम है)। जिसका प्रकाश सर्वत्र फैला है, सदा दिन है, जो सुगन्धवान् है, निष्क्रिय है, क्योंकि वह शुद्धशिवस्मृति है॥ यदि वह कभी तुम्हारे द्वारा देखा जाए तो अं अः का जप करो, यह सद्यउद्भ्रान्ति है। यह परं ब्रह्म भटार शिव का पिता है। और भी इस ज्ञान को विकल्परहित, स्थिर और निराकार जानो। यह प्रणवज्ञान कहलाता है। यह भटार भौमशिव है। क्योंकि यह प्रणवज्ञान है अतः साज्ञवशीश्वरी (?) है। इसका दूसरा नाम त्रिदेवी है। यह भटार शिव की मातृस्वरूपा है॥

पुत्र पिता के समान ही होता है। अतः भटार शिव का रूप भी भटार ज्योति के रूप के ही समान है। यह संक्षेप में शास्त्रों का कथन है॥

श्लोक ५१-५३

१. यह प्रणवज्ञान है जो मोक्ष का साधन है। प्रणव श्रीदेवी है। उमापति (=शिव) और श्रीदेवी (=प्रणव) के ज्ञान (=सरस्वती) से ओम् की उत्पत्ति होती है (?)॥

२. परमशिव शून्यतामय हैं। द्वादशाङ्गुल उनका स्थान है। हंस प्रणव का करण (अर्थात् साधन) है। सदाशिव हंस को बनाते हैं। ईश्वर, ब्रह्मा और विष्णु मोक्ष(दायी) प्रणवज्ञान की व्यक्ति हैं॥

३. [अब प्रणवज्ञान को व्याख्या है]—उ अ म ओं में प्रलीन हो जाते हैं। पहले शून्य, शून्य से आगे शून्यान्तर, फिर अत्यन्तशून्य और दूसरी ओर से सकल, सकलनिष्कल, निष्कलशून्य और अन्त में अतिशून्य। ये सब ओं से सम्बद्ध हैं।

४. निम्नलिखित शिव का मोक्ष है। उसके स्थान को जानना चाहिए। शिव नेत्र में रहते हैं। पीला, सोने के समान चमकने वाला उनका वर्ण है। वे दृष्टि के आत्मास्वरूप हैं॥ सं ह्यं प्रमाण नासाग्र और जिह्वाग्र पर रहता है। उसका रंग नीला है। वह ज्ञान की आत्मा है॥ सं ह्यं ज्ञान हृदयतल में रहता है। उसका श्वेत निर्मल वर्ण है। वह विचार का देवात्मास्वरूप है॥ जब मृत्यु के लक्षण हों तब शिव, प्रमाण और ज्ञान को मिला दो। इस प्रकार का शिव का मार्ग है॥

५. तथा च यदि मृत्यु आ जाए तो उसके जाने की······(करसन् ?) मत करो। शिवात्मा शरीर से निकल रहा है। नवछिद्रों के मार्ग मत दो। ये नवछिद्र कौन से हैं ? सात ऊपर और दो नीचे। यह मार्ग कनिष्ठ है। शिवद्वार का मार्ग मध्य है। और सं ह्यं शिवात्मा का मार्ग उत्तम मार्ग है···(?)। मोक्ष का समय आने पर अपने शरीर, स्त्री बच्चों और सुख के विषय में मत सोचो। ये तीनों एक हो जाते हैं। ···(?) यह शैव भुजङ्ग का मोक्ष है। असावधान मत हो। यह परमरहस्य है, अन्यथा फल सिद्ध न होगा ॥

६. निम्नलिखित परमोपदेश है—उस समय न भुवन रहता है, न आकाश, न शून्यनिर्वाण, न ज्ञान, न विशेष, इनमें से कुछ नहीं रहता। परमसुख का शरीर ही है जो उसके साथ रहता है (?)। उसे शून्य से सुख नहीं होता। उसका शरीर शून्य नहीं है। निर्वाण से सुख नहीं होता। उसका शरीर निर्वाण नहीं है। ज्ञान से सुख नहीं होता। उसका शरीर ज्ञान नहीं है। विशेष से सुख नहीं होता। उसका शरीर विशेष नहीं है। केवल परमसुख उसका शरीर है। जो अन्तररहित है, मध्यरहित है, रूपरहित है, वर्णहीन है, आसनरहित है, गुह्य (लङित् ?), वर्णन नहीं किया जा सकता। शब्द से सुख नहीं होता [क्योंकि] उसका शरीर शब्द नहीं है। विचार से सुख नहीं होता [क्योंकि] उसका शरीर विचार नहीं है। केवल वह अचिन्त्य-सुख-शरीर (?) है। अचिन्त्य सुख से विशेष ज्ञान निकलता है। सर्वहीन (?) उसे छू नहीं सकते क्योंकि वह ज्ञान-शरीर है। उससे कोई विशेष नहीं हो सकता क्योंकि वह विशेष-शरीर है। शून्य भी उसे छू नहीं सकता क्योंकि वह शून्य-शरीर है। निर्वाण भी उसे छू नहीं सकता क्योंकि वह निर्वाण-शरीर है। भुवन के सब रस भी उसे छू नहीं सकते क्योंकि वह भुवन-शरीर है। सर्वसूक्ष्म भी उसे छू नहीं सकते क्योंकि वह सूक्ष्म-शरीर है। इस प्रकार का सं ह्यं ज्ञान-विशेष (=विशेषज्ञान) है। यह जगत्कारण कहलाता है ॥

७. अब जगत्कारण दिखाना चाहता है कि उसका शरीर दीप्त है। उसके शरीर को मुक्ति दिलाने के लिए हेतुस्वरूप सकलनिष्कल परस्पर कार्य करते हैं (?)। परस् का अर्थ है सकल, पर का अर्थ है निष्कल। कैसे। वह शून्य बनाता है जो कि उसके आवरण (क्लिर् ?) का स्थान है। वह उसके कार्य से नहीं जाना जा सकता। [क्योंकि उसका कार्य शून्य है] ॥ जगत्कारण के शून्य में स्थान लेने पर शून्य से कार्य निकलते हैं (?)। वे क्या हैं। पहले निर्वाण निकलता है। निर्वाण से ओङ्कारशुद्ध। ओङ्कारशुद्ध से स्वरपरिवर्तन करके (?) शुद्धस्फटिकवर्ण बिन्दुप्राण निकलते हैं। इसके बीच में शुद्धज्ञानस्वरूप नादप्राण है। इसका रूप और दीप्ति आदित्य, चन्द्र और तारों के समूह के समान हैं। इस प्रकार ओङ्कारशुद्ध से बिन्दुप्राण और नादप्राण निकलते हैं ॥

८. और सं ह्यं ओङ्कारशुद्ध प्रणवज्ञान पर के शरीरभूत मन्त्र, वेद, जप को उत्पन्न करता है। पर का अर्थ है मनुष्य जो कि बिन्दुप्राण से बना है। कैसे। सब से पहले निकलने वाला बिन्दुप्राण पत्रस्वरूप है। नादप्राण भूमिस्वरूप है (?)। यहां अक्षर निकलते हैं। उनका क्या स्वरूप है। क ख ग घ ङ रक्त बनते हैं। क ख ग घ ङ से च छ ज झ ञ निकलते हैं। ये मांस बनते हैं। कृपाण की मूठ के समान संपिण्डित (मर्कम्पॅल ?)। च छ ज झ ञ से ट ठ ड ढ ण निकलते हैं। ये चर्म का गात्र बनते हैं। ट ठ ड ढ ण से त थ द ध न निकलते हैं। ये होदोद् (?) का गात्र बनते हैं। त थ द ध न से प फ

ब भ म निकलते हैं । ये अस्थियों का गात्र बनते हैं । प फ ब भ म से य र ल व निकलते हैं । ये मज्जा का गात्र बनते हैं । य र ल व से श ष स ह निकलते हैं । ये मस्तिष्क (?) बनते हैं । इस प्रकार एकाक्षर की उत्पत्ति है । इसका रूप शिवलिङ्ग के समान है ।।

९. एकाक्षर से तिक्ताक्षर (=स्वर) निकले । उनका यह प्रकार है—अ आ सिर बनते हैं । इ ई आनन (रहि ?) बनते हैं । उ ऊ मुख बनते हैं । ऋ ॠ नेत्र बनते हैं । ऌ ॡ नासिका बनते हैं । ए ऐ कर्ण बनते हैं । ओ औ कण्ठ और ग्रीवा बनते हैं । तथा च अक्षरों (=व्यञ्जनों) की रचना इस प्रकार है—क प्रतिजिह्वा बनता है । ख मूलाधार, ग कटि, घ पायु, और ङ उपस्थ बनता है । च जंघा और नितम्ब, छ टांग और घुटने, ज कोहनी और भुजापाद (?), ञ अङ्गुलियां नख···(?) । ट नाभि, ठ हृदय (?), ड गुह्यान्तर, ढ प्लीहा, ण पङ्‌क्तिरत्न् (?) । त पृष्ठमांस, थ वक्षोमांस, द जठर (?), ध आन्त्र, न हृदय, प स्तन, फ पृष्ठ, ब...(?), भ बाहु, हस्त, नख, और म फुप्फुस । य कण्ठ, र तालु, ल मूर्धा, व प्रतिजिह्वा । श ऊर्ध्वोष्ठ और गाल, ष जिह्वाग्र, स अधरोष्ठ और ठोड़ी बनता है । ह हृदयनाडी तथा बालों तक सुरताधिकफल (?) बनता है । इस प्रकार 'पर' का, जो ओङ्कार शुद्ध प्रणवज्ञान का कार्य है, रूप है ।।

१०. 'पर' का बनना समाप्त होने पर सं ह्यं जगत्कारण पुनः आत्मा को बनाता है जो उसके शरीर से निकलती है । उस (आत्मा) को वह 'पर' में प्रतिष्ठित करता है । उसका स्वरूप क्या है । ब्रह्मा मूलाधार में रहते हैं । उनका वर्ण पीत है, रक्त की रक्षा करते हैं । विष्णु नाभि में रहते हैं । उनक वर्ण कृष्ण है, मांस की रक्षा करते हैं । रुद्र हृदय में रहते हैं । उनका वर्ण रक्त है, चर्म की रक्षा करते हैं । ईश्वर कण्ठ में रहते हैं । उनका वर्ण श्वेत हैं, होदोद् (?) की रक्षा करते हैं । सदाशिव जिह्वाग्र में रहते हैं । उनका वर्ण शुद्धस्फटिकवर्ण है, हड्डियों और बालों की रक्षा करते हैं । 'पर' में प्रतिष्ठित आत्मा का यह स्वरूप है ।।

११. आत्मा से पञ्चदशेन्द्रिय निकलते हैं । दशेन्द्रिय से पञ्चहोम तथा पञ्चकतीर्थ निकलते हैं । मूलाधार शुद्धस्फटिकवर्ण बिन्दु बन जाता है । शरीर-भुवन में वह बिन्दु रहता है (?) नाभि तक जाता है । वह बिन्दु शिव बन जाता है । शिव से मनुष्य बनता है । मनुष्य (की अवस्था) तक पहुंचने का यह स्वरूप है । यह भुवन-शरीर (अथवा शरीरभुवन) है जिसका शास्त्र महान् (लोगों) ने [इस प्रकार] कहा है ।।

१२. कमलचक्र का वर्णन इस प्रकार है—हृदय का मूल नीलकण्ठ कहलाता है । नीलकण्ठ का अर्थ है उसकी ग्रीवा का मध्य नीला है । लम्बिका का अर्थ है...। दशमीशर (?) का अर्थ है कण्ठ का मूल ।...... । सहस्रदल का अर्थ है मस्तिष्क । नाद प्रकाश का अर्थ है केश । सं ह्यं निष्कल का अर्थ है... । यह तन्त्रमहापद ज्ञानमय रहस्य का स्थान है । ... । यह हृदय का भेद है... । हृदय में विशेष राजा है । सुपर्णी मन्त्री है । प्रासाद की रक्षा करने वाली भटारी सरस्वती है । प्रासाद का नाम है । इस प्रासाद में रहने वाला सच्चा (जाति) मनुष्य है ।।

१३. मन्त्र-विशेष इस प्रकार है । यह पञ्चाक्षर कहलाता है । इसका स्वरूप है—नमः शिवाय । नमः अर्थात् मेरा नमस्कार है शिव को । शि का अर्थ है शिवतत्त्व, व का अर्थ है सदाशिवतत्त्व, य का

अर्थ है परमशिवतत्त्व। इसीलिए पञ्चाक्षर प्रशंसित है, ब्राह्मण, भुजङ्ग, शैव सौगत द्वारा—जो व्रत शास्त्र और तत्त्व तथा त्र्यक्षर अं उं मं को पवित्र करते हैं। अं का अर्थ है शिवयोग, शिवमन्त्र, शिवतत्त्व। उं का अर्थ है सदाशिवयोग, सदाशिवपूजा, सदाशिवतत्त्व। मं का अर्थ है परमशिवयोग, परमशिवजप, परमशिवतत्त्व। और भी दूसरे त्र्यक्षर हैं अं अः ह्रीः। अं का अर्थ शिव, अः का अर्थ सदाशिव, ह्रीः का अर्थ परमशिव। ....। इसका जप करना चाहिए॥

१४. और यदि पञ्चाक्षर और त्र्यक्षर का जप अक्षत (भस्म) और तोय पर किया जाएगा तो दोनों पवित्र हो जाएंगे। तथा सर्वरोग, सर्वमल, सर्व-उपद्रव, सर्वदुष्ट एवं सर्वास्त्र नष्ट हो जाएंगे। सर्वलिङ्ग में इसके प्रतिष्ठित होने पर फिर ऐसा कुछ नहीं रहता जो उससे बढ़ कर हो। और बीजाक्षर जो कि मूलाक्षरशास्त्र का संक्षेप है—'ह्' कहलाता है। जो इस शास्त्र 'ह्' को, चेतन और अचेतन को बनाता है वह एकत्व का सार है। वह चेतन और अचेतन के मिश्रण का सार है। मूल के साथ मिले ओङ्कार का सार है। अर्थात् यह परमशिव शास्त्र 'ह्' है जो कि उस पर रोपित किया गया है (?)॥

१५. ...। अन्त में मेरा यही उपदेश है। शिव, सदाशिव, परमशिव। शिवात्मा बाईं आंख बनता है, सदाशिवात्मा दाहिनी आंख बन जाता है, और परमशिवात्मा सब की (अर्थात् दोनों की) दृष्टि॥

१६. और यदि ललाट से मार्ग है तो भुजङ्गादि बनता है। यदि आंखों से उसका मार्ग है तो क्षत्रिय बनता है। यदि नासिका से उसका मार्ग है तो मन्त्री बनता है। यदि कर्ण से उसका मार्ग है तो सचिव (?) बनता है। यदि मुख से उसका मार्ग है तो घोषणाकर्ता (?) बनता है। यदि प्राण-वायु अथवा शिवद्वार से उसका मा है तो वह अभिषिक्त राजा बनता है। अवश्य ही आंखों को पुतलियों के तीन सार उसका निवासस्थान हैं। वह सारे संसार के मनुष्यों का जीवन है। वह तीनों के सारों का द्रष्टा कहलाता है। वह सारे जगत् का बाह्य और आन्तरिक रूप से शासन करता है। द्रष्टा का अर्थ है जो सूर्य और चन्द्रमा के अस्त को, दीपक के जलने और बुझने को, मस्तिष्क और मज्जा की गतिविधि को देखता है।... । यदि शरीर का विषय है तो बुबुक्ष (?) वाम् नेत्र में होता है। और गग-कर्कि (?) दक्षिण नेत्र में। और भी शिव जो प्राण पर शासन करते हैं वे शिवात्मा कहलाते हैं। सदाशिव वायु को वश में करते हैं। ये शुद्धात्मा कहलाते हैं। परमशिव जीवन को वश में करते हैं। यह जीवात्मा है। शिव सदाशिव में लौट जाते हैं। परमशिव सदाशिव में लौट आते हैं। ये रूपवर्णरहित कहलाते हैं। ये (=शिव+परमशिव) उसमें (=सदाशिव में) लुप्त हो जाते हैं। यदि तुम्हारी मृत्यु आ जाए तो ऐसा करना मत भूलो॥

१७. तथा च योगनिद्रा का वर्णन इस प्रकार है। नासिकाग्र पर सीधा देखना इसका क्रम है। तुम्हारा साधन सूक्ष्मज्ञान है। यदि तुम्हारा ध्यान उचित है तो तुम्हारी आंखों की नींद अथवा आलस्य नष्ट हो जाएगा। इतना ही नहीं मन भी जो विपरीत है नष्ट हो जाएगा। अन्त में शरीर ज्ञानविशेष को पाने के लिए शुद्ध हो जाएगा। और अपने स्थान से स्वतः के शरीर को देख सकोगे। क्योंकि यह मोक्ष का पदस्वरूप है॥

१८. पुनश्च यदि तुम [अपने शरीर को] महाप्रणव में छोड़ने में समर्थ हो तो भुवनत्रय और

शरीर में भेद नहीं रह जाएगा। इसका अर्थ यह है कि महाप्रणव भुवनात्मक है। और यदि वह भुवन से दूर जाता है तो वह परमार्थी नरेश्वरी है। यह आत्मा का मोक्षपद पाने का स्थान है। यह निष्कल बिन्दु कहलाता है। मन्त्रों का उच्चारण करो। वह विरहित है। यकार योगीश्वरत्व का बीज है। वह निराश्रय को पाने की सीमा में है। यदि तुम उसे अच्छी प्रकार जान जाते हो तो सर्वपाप नहीं रहेंगे। उपभोग मत करो, आशा मत लगाओ, घृणा न करो, अच्छे और बुरे में भेद मत करो। चेतन और अचेतन के अन्तर को जान लेने पर तुम बिना स्वप्नों के सो सकोगे। और जो योगनिद्रा के विषय में, जो कि चेतन-प्रकाश-मय है, जानता है [वह भी स्वप्नों के बिना सो सकेगा] ॥

१६....शुभाशुभ [कर्म] अचेतन का शरीर है। तथा च सर्वेन्द्रियों, सब विषयों और चेतना के कार्यों को लोप कर दो। शून्यनिःश्रेयस प्रकाशमय चेतन का स्वरूप है। स्मरण रहे, निम्न कारणों से ज्ञान विशेष के द्वारा निराज्ञान (?) पाया गया है। क्योंकि निराज्ञान (?) मोक्षपद को पाने का मार्ग है। यह मार्ग शिवपद तक आता है। स्मरण रहे यही प्रणवटीका अन्तोपदेश है ॥

श्लोक ५४,५५

जः तः किः उं फट्—ये क्या हैं। ये पञ्चकाण्ड हैं। शिवध्यान का जप करो। इससे महापातक का विनाश होता है। अं अः का १६ बार जप करो। शिवध्यान का फल निर्मल है, और परमशिवध्यान का फल मोक्ष है। जो पुसङ्कर (?) में चाहता है तो रुद्रध्यान। संसार का कल्याण चाहता है तो महादेव का ध्यान। सब कार्यों की सिद्धि चाहता है तो शङ्करध्यान। मनुष्यों और देवों का स्नेह पाने की इच्छा है तो ईश्वरध्यान। उसके लिए अं आत्मबीजाक्षर [तथा] अः शून्यताबीज है। यह महासंयोग है। असावधान मत हो। यह महाजप है। यह परमरहस्य है ॥

तथा च कद्गरावण ? का अर्थ है—ओं ह क श म ल व र य म् उं। अर्धनारीश्वर का चिन्तन करो। उसके प्रदक्षिणाक्रम का अभ्यास करो। पद्महृदय में उसकी प्रतिष्ठा करो।...। निम्नलिखित प्रकार से उसका अभ्यास करो। मृत्युञ्जय का अनुष्ठान करो। शिवद्वार में ओं, वक्त्र में अं, कण्ठ में कं, अन्तर्हृदि अः, नाभि में अं। दूसरे पद तक दशाक्षरमन्त्र से जोड़ दो। ओं औं ह क्ष म ल व र म् उं नमो नमः स्वाहा। ....। पदान्तन्यास। स्मरण करो, पुनः मन्त्र ओं मं सः वौषट्। मृत्युञ्जयाय नमः स्वाहा वषट्।.

श्लोक ५६

अशुद्धि मत करो। ...। गणपति को पुनःशुद्धि इस प्रकार है। सब दिशाओं में इसका प्रयोग किया जा सकता है। श। पीले बांस पर गण का चित्र बना है। वाम हस्त में चक्र धारण किए है। दाहिने हाथ में गदा है। उसके भक्त उसे अर्पण कर रहे हैं—पीले और श्वेत चावल,..., श्वेत कुकड़ी के बच्चों का मांस जिनके बाल सिर पर टोपी के समान हैं। जल भरे पात्र में रखा है। सुधामल्ल अर्थात् अमृत के समान पवित्र फूलों से पुष्पार्पण है। उसकी दक्षिणा ११०० [मुद्रा] है... । इस पवित्र चित्र को पात्र में डुबा दो। पूजा कर चुकने पर ऐसे स्थान पर, जहां रोग हों, फेंक दो। [इस के साथ आगाम. मन्त्र आदि का पाठ करो ॥]

श्लोक ५७-५९

अन्त में—यह बहुत प्रकार से रक्षा करता है। इसका प्रयोग करना उचित है जब छूत के रोग हों, यदि शाप के कारण रोग हों ...., यदि पशुओं के द्वारा हानि हो, तो इस पात्र को फेंकना उचित है ॥

श्लोक ६०

दूसरे मनुष्य को, जिसकी शुश्रूषा उपयुक्त नहीं और मन निर्मल नहीं, उसे पढ़ने मत दो। यदि वह पढ़ता है (अर्थात् पढ़ना चाहता है) तो पहले [स्वतः को स्नान द्वारा] शुचि करे। जिससे वह भीतर और बाहर तक पूर्णरूपेण पवित्र हो जाए ॥

*　　*　　*

GANAPATI-TATTWA

* Avighnam astu । Oṃ namaḥ siddham *

Oṃ

Gaṇapatiḥ Śivam pṛcchad Gaṅgomayoḥ siddārthadaḥ ।
Devagaṇaguruḥ putraḥ śaktivīryālokaśriyai ॥

1. Nihan pitutur ira Bhaṭāra Śiwa । ri saṅ hyaṅ gaṇa । Sĕmbah niṅ tanaya ra saṅhulun । Bhaṭāra hanta warahana tanaya ra saṅhulun । lamakane wruh ri kawijilan iṅ pañcadaiwātmā । sakiṅ ndi pawijilan ira । ya ta warahana patik saṅhulun ॥

2. Īśwara uwāca । anaku saṅ Gaṇapati pirĕṅwākĕna pawarah Kami ri kita । ikaṅ śabda śūnya । sakeṅ Oṃkāra mijil bindu । kadi ĕbun hana ri agra niṅ kuśa । kasĕnwan Rawi । mahĕniṅ kadi dhūpa । dīpta nira mābhra akaṛa-kara । sakeṅ bindu matĕmahan Pañcadaiwata । Brahmā । Wiṣṇu । Rudra । Kami । mwaṅ saṅ hyaṅ Sadāśiwa । Maṅkanānaku । makapawijilan iṅ Daiwātmā ॥

3. Gaṇapati uwāca । sembah niṅ tanaya ra saṅhulun । hanta muwah warahana ri prakāśa niṅ bhuwana । lamakane wruha rānak rahadyan saṅhulun ॥

4. Īśwara uwāca । anaku saṅ Gaṇapati । maṅke pirĕṅwākĕna pawarah Kami । umajarakĕna ri katattwan iṅ bhuwana । sakeṅ pañcadaiwātmā mijil pañcatanmātra । lwirnya । sakeṅ Brahmā mijil gandha । sakeṅ Wiṣṇu mijil rasa । sakeṅ Rudra mijil rūpa । sakeṅ Kami mijil sparśa । sakeṅ saṅ hyaṅ Sadāśiwa mijil śabda । mwah sakeṅ

śabda mijil ākāśa | kayeki rūpa nira ya | warṇa kadi śuddha-sphaṭika || sakeṅ sparśa mijil wāyu | kayeki rūpa nira wī | śweta a warṇa | sakeṅ rūpa mijil teja | kayeki rūpa nira nī | warṇa śweta | baṅ | irĕṅ | sakeṅ rasa mijil āpaḥ | kayeki rūpa nira o māye | kṛṣṇa warṇa nira | sakeṅ gandha mijil pṛthiwī | kayeki rūpa nira Oṃ | warṇa pīta | nakārākṣaranya | śāstra niṅ hurip Oṃkāra | mwah anaku saṅ Gaṇapati | sakeṅ pṛthiwī mijil bhūmi | sakeṅ āpaḥ mijil wai | sakeṅ teja mijil taṅ āditya | candra | lintaṅ | sakeṅ wāyu mijil taṅ aṅin | sakeṅ ākāśa mijil swara | sakeṅ bhuwana mijil sthāwara | tṛṇa | taru | latā | gulma | twaksāra | mwaṅ jaṅgama | paśu | pakṣī | mīna | aghnyā | maṅkana lwiraniṅ bhuwana ||

5. Gaṇapati uwaca | sĕmbah niṅ tanaya ra saṅhulun | apan huwus katamāji sarwa sajñāna Bhaṭāra ri katattwan ikaṅ bhuwana | maṅke mwah warahana rānak Bhaṭāra | lamakane wruh ri kawijilan iṅ manuṣya ||

